आज का मौसम
34.0⁰ अधिकतम तापमान
23.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.27
सूर्यास्त 06.51

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष सप्तमी 02:03 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 9 मई 2026, वर्ष 7, अंक 164, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये


# शुभेंदु को 'ताज', राजतिलक आज

## विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सीएम पद के लिए नामित, शाह ने माला पहनाकर गले लगाया

- राज्यपाल के समक्ष दावा किया पेश बोले- घोषणापत्र के वादे करेंगे पूरे
- ममता के कड़े विरोध, चुनावों में बड़ी जीत के दम पर सीएम कुर्सी तक पहुंचे


कोलकाता, एजेंसी

भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए। वह शनिवार सुबह 11 बजे कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री शाह समेत एनडीए के कई बड़े नेता शामिल होंगे। वह राज्य में मुख्यमंत्री पद पर काबिज होने वाले भाजपा के पहले नेता भी होंगे।

शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नव निर्वाचित भाजपा विधायकों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक के दौरान अधिकारी के सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल के नेता चुने जाने की घोषणा की। बैठक के बाद शाह ने कहा, आठ प्रस्ताव प्राप्त हुए, और उन सभी में केवल एक ही नाम था। दूसरे नाम के लिए पर्याप्त समय दिया गया, लेकिन कोई दूसरा नाम प्रस्तावित नहीं किया गया। इसलिए, मैं शुभेंदु को बंगाल का मुख्यमंत्री घोषित करता हूं।

अधिकारी की पदोन्नति से पश्चिम बंगाल में भाजपा की विधानसभा चुनावों में शानदार जीत के बाद पहली भाजपा सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। विधानसभा चुनाव में भाजपा की जबर्दस्त जीत से राज्य में तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन का अंत हुआ है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी के पूर्व करीबी सहयोगी अधिकारी दिसंबर 2020 में भाजपा में शामिल हो गए थे। अधिकारी बंगाल में भाजपा के अभियान के केंद्रीय चेहरे के रूप में उभरे और राज्य भर में इसके संगठनात्मक आधार का विस्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री पद के लिए नामित शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार शाम राज्यपाल आरएन रवि से मुलाकात की और राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली पहली सरकार बनाने का दावा पेश किया।

वहीं, बंगाल में 'डर के युग' के समाप्त होने की घोषणा करते हुए राज्य के नामित मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में नई और पहली भाजपा सरकार सामूहिक नेतृत्व के सिद्धांत पर काम करेगी, पार्टी के चुनाव घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करेगी और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए केंद्र के साथ मिलकर काम करेगी।



कोलकाता में विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद शुभेंदु अधिकारी को बधाई देते अमित शाह।

## तमिलनाडु : विजय ने सरकार बनाने के न्योते के लिए राज्यपाल से की मुलाकात

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी टीवीके के अध्यक्ष चंद्रशेखर जोसफ विजय ने वामपंथी दलों से समर्थन मिलने के बाद शुक्रवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से लोक भवन में मुलाकात की ताकि उनसे सरकार बनाने का निमंत्रण प्राप्त किया जा सके। सूत्रों के अनुसार विजय पहले ही सरकार बनाने का दावा पेश कर चुके हैं लेकिन संख्याबल को लेकर राज्यपाल संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने बताया कि विजय की राज्यपाल से मुलाकात संक्षिप्त रही। वामपंथी दलों द्वारा बिना शर्त समर्थन देने का वादा करने के कुछ घंटों बाद, विजय गुइंडी में राज्यपाल के कार्यालय पहुंचे। टीवीके समर्थकों को उम्मीद है कि अर्लेकर उन्हें सरकार बनाने का निमंत्रण देंगे। विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) को 234 सदस्यीय विधानसभा में 108 सीट मिली है जो बहुमत के लिए जरूरी 118 सदस्यों की संख्या से कम है। नतीजे आने के कुछ घंटों के बाद ही द्रमुक के साथ चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने विजय को समर्थन देने की घोषणा कर दी थी। पार्टी के सदन में पांच सदस्य निर्वाचित हुए हैं। विजय ने सरकार बनाने की कोशिशों के तहत द्रमुक की सहयोगी भाकपा, माकपा और वीसीके से संपर्क किया था।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंची टीवीके

**नई दिल्ली।** टीवीके ने शुक्रवार को शीर्ष कोर्ट का रुख कर तमिलनाडु में सबसे बड़ी पार्टी को सरकार गठन के लिए न्योता देने का राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को निर्देश जारी करने का अनुरोध किया। राज्य में टीवीके 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। टीवीके के संस्थापक विजय ने राज्यपाल से अब तक दो बार मुलाकात कर सरकार बनाने के लिए उन्हें न्योता देने का अनुरोध किया है। हालांकि, अभी तक नवगठित पार्टी को ऐसा कोई न्योता नहीं भेजा गया है।

# डिप्टी सीएम पाठक का सख्त एक्शन, पांच डॉक्टर बर्खास्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- सीएमओ से स्पष्टीकरण और 16 डॉक्टरों पर अनुशासनिक कार्रवाई
- कई चिकित्सकों की वेतन वृद्धि रोकी गई

**अमृत विचार :** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने चिकित्सकीय कार्यों से लगातार अनुपस्थित रहने और ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले पांच चिकित्साधिकारियों को सेवा से बर्खास्त करने के आदेश जारी किए गए हैं। इनमें गोरखपुर की डॉ. अलकनन्दा, कुशीनगर के डॉ. रामजी भारद्वाज, बलरामपुर के डॉ. सौरभ सिंह, अमेठी के डॉ. विकलेश कुमार शर्मा और औरैया की डॉ. मोनिका वर्मा शामिल हैं।

इसके अलावा अंबेडकरनगर के सीएमओ डॉ. संजय कुमार शैवाल और डिप्टी सीएमओ डॉ. संजय वर्मा को निजी अस्पतालों के पंजीकरण और नवीनीकरण में अनियमितता का दोषी पाया गया है। दोनों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। हरदोई के संडीला एमएस डॉ. मनोज पर निजी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई न करने और नियमविरुद्ध कार्य कराने के आरोपों में जवाब-तलब किया है। वहीं, प्रयागराज के कोरांव सीएचसी में तैनात रहे डॉ. शमीम पर लापरवाही के आरोप सही पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई और तबादले के निर्देश दिए गए हैं। सुल्तानपुर में इलाज में लापरवाही के मामले में तत्कालीन अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. धर्मराज और फार्मासिस्ट अवध नारायण के खिलाफ भी कार्रवाई की संस्तुति की गई है। मथुरा जिला अस्पताल में गलत मेडिकोलीगल रिपोर्ट तैयार करने के मामले में ईएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार और सर्जन डॉ. विकास मिश्रा पर विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई होगी।

### प्राइवेट प्रैक्टिस के मामलों में भी कार्रवाई

झांसी के आर्थो सर्जन डॉ. पवन साहू पर निजी प्रैक्टिस के आरोप सही पाए जाने पर उनकी दो वेतनवृद्धियां रोक दी गई हैं। बलरामपुर के डॉ. संतोष सिंह की चार और झांसी की डॉ. निशा बुंदेला की दो वेतनवृद्धियां रोकी गई हैं। हमीरपुर के डॉ. लालमणि पर प्रसूताओं से वसूली और अभद्रता के आरोपों में तीन वेतनवृद्धियां स्थायी रूप से रोकने के आदेश दिए गए हैं। वहीं स्टेट हेल्थ एजेंसी में प्रतिनियुक्ति पर तैनात डॉ. आदित्य पांडेय की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर दी गई है। बहराइच में डॉ. प्रतिभा यादव व मथुरा में डॉ. राकेश सिंह को परिनिन्दा का दंड प्रदान किया गया है। बदायूं मेडिकल कॉलेज के सह-आचार्य डॉ. रितुज अग्रवाल पर महिला चिकित्साधिकारी से अभद्रता के आरोपों में विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। बहराइच में डॉ. प्रतिभा व मथुरा में डॉ. राकेश सिंह को परिनिन्दा का दंड प्रदान किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़, 14 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 14 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन पर आठ करोड़ रुपये से अधिक की ठगी में शामिल होने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने सोशल मीडिया मंचों, 'मैसेजिंग एप' और 'जॉब पोर्टल' के माध्यम से नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को निशाना बनाया और उन्हें घर से काम करने की पेशकश, अंशकालिक नौकरियां और आकर्षक वेतन पैकेज की पेशकश की। शाहदरा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राजेंद्र प्रसाद मीणा ने कहा, "गीता कॉलोनी क्षेत्र के एक होटल से संदिग्ध साइबर धोखाधड़ी का संचालन होने के संबंध में 25 अप्रैल को मिली सूचना के बाद यह अभियान चलाया गया।

### आरोपी निदा खान 11 मई तक हिरासत में

**नासिक।** नासिक की एक अदालत ने शुक्रवार को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में यौन उत्पीड़न और धर्मांतरण से जुड़े मामले की आरोपी निदा खान को 11 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। इसके साथ ही पुलिस ने दावा किया कि एआईएमआईएम के एक पार्षद ने निदा खान और उसके परिवार को शरण दी थी। टीसीएस की कर्मचारी रही निदा खान को गुरुवार को छत्रपति संभाजीनगर से गिरफ्तार किया गया था। मामला सामने आने के बाद से वह फरार थी।

# लखीमपुर खीरी हिंसा : गवाहों को पेश नहीं किए जाने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा और अन्य के खिलाफ 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में सुनवाई के दौरान गवाहों को पेश न किए जाने पर शुक्रवार को अप्रसन्नता व्यक्त की। सीजेआई सूर्यकांत व न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि उप्र सरकार ने जो स्थिति रिपोर्ट सौंपी है उसमें गवाहों को पेश न करने का कोई कारण नहीं बताया गया है।

पीठ ने यह भी कहा कि दो महीने से इस मामले में किसी भी गवाह से पूछताछ नहीं की गई है। कहा, हम पीठासीन न्यायाधीश को गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कानूनसम्मत कदम उठाने का निर्देश देते हैं। पीठ ने अधीनस्थ अदालत के न्यायाधीश से मुकदमे की सुनवाई समयबद्ध तरीके से पूरी करने का प्रयास करने और अदालत के समक्ष स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। घटना से जुड़े दो मामलों की सुनवाई उप्र की एक अदालत में की जा रही है। पीठ ने गौर किया कि पहले मामले में, जिन 131 गवाहों को गवाही देनी थी, उनमें से 44 की गवाही हो चुकी है, 15 को मुक्त कर दिया गया है और 72 गवाह अभी भी पेश किए जाने बाकी हैं। दूसरी प्राथमिकी में 35 में से 26 की गवाही हो चुकी है और नौ गवाह से पूछताछ अभी की जानी है।



- सरकार से कहा- सरकारी गवाह अनुपस्थित कैसे रह सकते हैं

### चार सप्ताह के भीतर मांगी रिपोर्ट

उच्चतम न्यायालय ने तीसरे मामले के जांच अधिकारी को निर्देश दिया कि वे लंबित जांच पूरी करें और चार सप्ताह के भीतर संबंधित अदालत में उचित रिपोर्ट दाखिल करें। पीठ ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की अगली सुनवाई जुलाई में करना तय किया है।

## आरओ/एआरओ- 2023 में आरक्षण विवाद मामले में अग्रिम नियुक्तियों पर अंतरिम रोक

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने आरओ/एआरओ भर्ती परीक्षा- 2023 में आरक्षण लागू किए जाने को लेकर विवाद मामले में, अगली सुनवाई के लिए 12 मई की तिथि नियत की है। साथ ही उक्त पदों पर अगली तिथि तक नई नियुक्तियां किए जाने पर अंतरिम रोक लगा दी है। यह आदेश खंडपीठ ने विवेक यादव व अन्य की ओर से दाखिल विशेष अपील पर शुक्रवार को पारित किया है। उक्त अपील में एकल पीठ के 1 फरवरी 2026 के उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसमें अपीलार्थियों की याचिका पर उन्हें अंतरिम राहत देने से इंकार कर दिया गया था। अपीलार्थियों की ओर से अधिवक्ता आलोक मिश्रा ने दलील दी कि अपीलार्थी ओबीसी वर्ग से हैं जिन्हें प्रारम्भिक परीक्षा में जो मार्क्स मिले, वे सामान्य श्रेणी से मुख्य परीक्षा के लिए चयनित कम से कम 25 अभ्यर्थियों से अधिक थे, बावजूद इसके प्रारम्भिक परीक्षा में असफल घोषित कर दिया गया।

## देश के दुश्मन का काल बनेगा 'टीएआरए', सफल परीक्षण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने ओडिशा तट के पास स्वदेशी रूप से विकसित 'ग्लाइड' हथियार प्रणाली का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, साधारण युद्धक हथियारों को सटीक निर्देशित हथियारों में बदलने के लिए विकसित सामरिक उन्नत रेंज संवर्धन (टीएआरए) प्रणाली का परीक्षण किया गया। मंत्रालय ने कहा, डीआरडीओ और भारतीय वायु सेना ने ओडिशा तट के पास टीएआरए हथियार प्रणाली का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया। उसने बताया कि टीएआरए भारत की पहली स्वदेशी ग्लाइड हथियार प्रणाली है। (संबंधित राष्ट्रीय पेज पर)

सुनवाई

संघीय अदालत नए वैश्विक शुल्क को अवैध और गैरकानूनी करार देते हुए किया खारिज

# ट्रंप को फिर झटका, कोर्ट ने 10% टैरिफ को बताया अवैध

वाशिंगटन, एजेंसी

**अमेरिका** की एक संघीय अदालत ने देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए नए वैश्विक शुल्कों के खिलाफ फैसला सुनाया है। न्यूयॉर्क स्थित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अदालत के तीन न्यायाधीशों की खंडपीठ ने छोटे कारोबारियों की याचिका पर सुनवाई के बाद 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्क को गुरुवार को अवैध करार दिया।

अदालत ने एक के मुकाबले दो के बहुमत से कहा कि ट्रंप ने उस शुल्क अधिकार का अतिक्रमण किया जो संसद ने राष्ट्रपति को कानून के तहत दिया है। बहुमत ने अपने फैसले में कहा कि ये शुल्क अमान्य और कानून द्वारा अनधिकृत हैं। पीठ के तीसरे जज ने कहा कि कानून राष्ट्रपति को शुल्कों के मामले में अधिक छूट देता है। यदि प्रशासन गुरुवार के फैसले के खिलाफ अपेक्षा के अनुरूप अपील करता है तो वह पहले वाशिंगटन स्थित संघीय सर्किट के लिए अमेरिकी अपील अदालत का रुख करेगा और उसके बाद संभवतः उच्चतम न्यायालय जाएगा। यह मामला ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए अस्थायी 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्कों से जुड़ा है। इससे पहले कोर्ट ने फरवरी में उन और व्यापक दोहरे अंकों वाले शुल्कों को खारिज कर दिया था जिन्हें राष्ट्रपति ने पिछले साल दुनिया के लगभग हर देश पर लगाया था। शीर्ष कोर्ट के फैसले के बाद अस्थायी 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्क लगाया गया। नए शुल्क 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 122 के तहत लगाए गए और उनकी अवधि 24 जुलाई को समाप्त होनी थी।



### व्यापक वैश्विक शुल्कों को ट्रंप ने ठहराया था उचित

पिछले साल ट्रंप ने 1977 के अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम का इस्तेमाल करते हुए देश के लंबे समय से जारी व्यापार घाटे को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया था और व्यापक वैश्विक शुल्कों को उचित ठहराया था। उच्चतम न्यायालय ने 28 फरवरी के अपने फैसले में कहा था कि आईईईपीए इन शुल्कों की अनुमति नहीं देता। अमेरिकी संविधान संसद को कर लगाने का अधिकार देता है, जिसमें शुल्क भी शामिल हैं, हालांकि सांसद शुल्क लगाने का अधिकार राष्ट्रपति को सौंप सकते हैं।




## न्यूज ब्रीफ

### स्टांप एवं पंजीयन विभाग के तीन कर्मचारी निलंबित

**लखनऊ,अमृत विचार :** स्टांप एवं पंजीयन विभाग में अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोपों में तीन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबित कर्मचारियों में बरेली सदर प्रथम के उप निबंधक रवि प्रकाश वर्मा, कनिष्ठ सहायक तोषक राजन राजपूत और शिवम मिश्रा शामिल हैं। शिवम मिश्रा वर्तमान में उप निबंधक सदर द्वितीय, बरेली कार्यालय में तैनात हैं। महानिरीक्षक निबंधन नेहा शर्मा ने निलंबन आदेश जारी करते हुए तीनों के खिलाफ विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं। जांच में पाया गया कि संबंधित कर्मचारियों ने विलेखों के प्रलेखन, परीक्षण और पंजीयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं बरतीं, जिससे विभागीय छवि प्रभावित हुई।

### वृंदावन में अक्रूर घाट का होगा भव्य निर्माण 6.35 करोड़ मंजूर

**लखनऊ,अमृत विचार :** मथुरा-वृंदावन आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अब धार्मिक आस्था के साथ आधुनिक सुविधाओं का भी बेहतर अनुभव मिलेगा। प्रदेश सरकार ने वृंदावन में यमुना नदी के दाहिने तट पर स्थित पौराणिक अक्रूर घाट के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 6.35 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दे दी है। इसके लिए पहली किस्त के रूप में 3.17 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अक्रूर घाट भगवान श्रीकृष्ण और बलराम से जुड़ी आस्था का प्रमुख केंद्र है। परियोजना के तहत घाट पर शीट पाइलिंग, स्नान प्लेटफॉर्म, लाल पत्थर की सीढ़ियां और पटरा निर्माण कराया जाएगा।

### मोबाइल एप से हाईटेक हुआ दुग्ध कारोबार

**लखनऊ,अमृत विचार :** प्रदेश में दुग्ध कारोबार अब डिजिटल प्लेटफॉर्म से संचालित हो रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने ग्रामीण महिलाओं को तकनीक से जोड़ते हुए डेयरी क्षेत्र में नया मॉडल लागू किया है। 'सामर्थ्य दुग्ध उत्पादक कंपनी' के माध्यम से 10 जिलों की सवा लाख से अधिक महिलाएं मोबाइल एप के जरिए दूध संग्रह, गुणवत्ता जांच, भुगतान और रिकॉर्ड की निगरानी कर रही हैं। इस पहल के तहत लखनऊ, अयोध्या, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, बाराबंकी, उन्नाव, प्रतापगढ़, कानपुर नगर और फतेहपुर की महिलाएं जुड़ी हैं। इन क्षेत्रों में प्रतिदिन चार लाख लीटर से अधिक दूध का कारोबार डिजिटल माध्यम से हो रहा है। है और बिचौलियों की भूमिका कम हुई है। सरकार का मानना है कि यह पहल महिला सशक्तीकरण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती दे रही है।

#### संग्रहालय में मिलेगा श्रीराम व मंदिर निर्माण से जुड़े विभिन्न में शोध करने का अवसर

# युवाओं का केंद्र बिंदु बनेगा अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय

सत्यप्रकाश, अयोध्या



**अमृत विचार :** सरयू तट स्थित अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय अब युवाओं के शैक्षिक ज्ञान का केंद्र बिंदु होगा। यहां वह श्रीराम, रामायण और रामचरित मानस पर शोध के सकेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा श्रीराम व श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण पर आधारित गैलरियों को तैयार किया जा रहा है।

संग्रहालय के निदेशक संजीव सिंह ने बताया कि युवाओं का केंद्र श्रीराम है, उन्हें करीबी से समझने के लिए उनसे जुड़ी कथाएं, विभिन्न भाषा में लिखे गए रामायण के पांडुलिपियों का अध्ययन जरूरी है। शोध के प्रथम प्रकल्प में देश के सभी भाषाओं, लिपियों और कालों में लिखी गई राम साहित्य को संग्रहित किया जा रहा है। इससे युवाओं को कहीं भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उपयुक्त सभी सामग्री यही पर भी उपलब्ध रहेगी। बताया कि जल्द ही असम, मिथिला, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तेलगु, मलयाली व कश्मीरी समेत अन्य राज्यों से भी रामायण पांडलुपियों को यहां लाया जाएगा। आने वाले दिनों संग्रहालय में शोध को बल प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है।

मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में अंतरराष्ट्रीय श्रीराम कथा संग्रहालय के निर्माण को प्राथमिकता दी जाएगी। तय कार्यक्रम के अनुसार समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र नौ मई को अयोध्या पहुंच जाएंगे और 10 मई को संग्रहालय के सभागार में बैठक करेंगे। जिसमें म्यूजियम को तैयार करने के साथ रामायण के पांडुलिपियों को संग्रहित करने पर मंथन किया जाएगा।

### ट्रस्ट की प्राथमिकता पर श्रीराम कथा संग्रहालय का निर्माण

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट राम मंदिर निर्माण का कार्य संपन्न होने के बाद श्रीराम कथा संग्रहालय के निर्माण को प्राथमिकता पर रखा है। इस संग्रहालय में श्रीराम व श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण व उसके संघर्षों की गाथा पर आधारित गैलरियों को तैयार किया जा रहा है। जिसमें मंदिर निर्माण से पूर्व उत्खनन में प्राप्त अवशेष, राम मंदिर के संघर्ष और सुप्रीम कोर्ट में आए फैसले की प्रति को भी संग्रहित किया जाएगा। इसके अलावा भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर राम राज्याभिषेक तक और बजरंग बली की भूमिका पर आधारित चार डिजिटल गैलरी को तैयार किया जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि संग्रहालय देश के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होगा। जिसमें थ्रीडी और सेवनडी के तहत गैलरी को तैयार किया जा रहा है। इसके लिए प्रारूप तैयार कर लिया गया है। अगले एक वर्ष में यह संग्रहालय बनकर तैयार हो जाएगा।

# वंदे मातरम स्वीकार नहीं अदालत जाने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने धार्मिक आजादी पर हमला बताया

**अमृत विचार:** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने संविधान सभा के उस फैसले को नामंजूर कर दिया है, जिसके तहत वंदे मातरम को राष्ट्रीय गीत से तुलना करते हुए इसके सभी 6 छंद (अंश) को अनिवार्य करार दिया गया है और शिक्षण संस्थानों के कार्यक्रमों में राष्ट्रगान से पहले जरूरी बताया गया है। बोर्ड ने इसे संविधान की आत्मा, धार्मिक स्वतंत्रता, लोकतंत्र पर हमला करार दिया है।

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता डॉ. सैयद कासिम रसूल ने 7 मई को जारी अपने बयान में सरकार से मांग की है कि तुरंत इस फैसले को वापस लिया जाए। उन्होंने कहा है कि एक लोकतांत्रिक मुल्क में इस प्रकार जबरन किसी पर ऐसा कुछ थोपा नहीं जा सकता है। वंदेमातरम के कई छंद में दुर्गा और विभिन्न देवी-देवताओं के पूजन का तसव्वर (सोचना) मौजूद है, जो मुसलमानों के धार्मिक पहलुओं से बिल्कुल अलग है। इस्लाम सिर्फ अल्लाह के इबादत की तालीम देता है। इस प्रकार की किसी भी शर्त को कतई स्वीकार नहीं करता।

डॉ. इलियास ने कहा है कि कांग्रेस ने 1937 में रवींद्र नाथ टैगोर से सलाह मशविरा के बाद ये तय किया था कि वंदेमातरम के शुरू के सिर्फ दो छंद ही पढ़े जाएंगे।

# प्रवक्ता भर्ती : पहली बार कक्ष में होगी ओएमआर स्कैनिंग

## 17 जिलों के 319 केंद्रों पर 4.64 लाख अभ्यर्थी देंगे परीक्षा



राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की प्रवक्ता संवर्ग भर्ती परीक्षा शुक्रवार और शनिवार को प्रदेश के 17 जिले में 319 केंद्रों पर आयोजित होगी। 624 पदों के लिए होने वाली इस परीक्षा में 4.64 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए आयोग ने एआई आधारित सीसीटीवी निगरानी, इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम और विशेष प्रेक्षक तैनाती सहित व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि 9 और 10 मई को दो पालियों में आयोजित परीक्षा के लिए 319 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों को एआई आधारित सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है, जिन्हें जिला कंट्रोल रूम और आयोग के इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से जोड़ा गया है। आयोग ने सभी केंद्रों की तकनीकी कनेक्टिविटी का परीक्षण भी पूरा कर लिया है। परीक्षा के दौरान प्रत्येक जिले में विशेष प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। आयोग के अनुसार 9 मई को प्रथम पाली में भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, इतिहास और शिक्षाशास्त्र सहित छह विषयों तथा दूसरी पाली में अंग्रेजी, कृषि, वाणिज्य और समाजशास्त्र सहित चार विषयों की परीक्षा होगी। 10 मई को प्रथम पाली में नागरिक शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, संस्कृत और मनोविज्ञान सहित पांच विषयों तथा दूसरी पाली में रसायन विज्ञान, भूगोल, हिन्दी और कला सहित चार विषयों की परीक्षा कराई जाएगी।

### पारदर्शिता बढ़ाने के लिए नया प्रयोग

आयोग ने इस बार पारदर्शिता बढ़ाने के लिए नया प्रयोग शुरू किया है। लखनऊ मंडल के 10 परीक्षा केंद्रों पर पायलट प्रोजेक्ट के तहत परीक्षा समाप्त होते ही अभ्यर्थियों की उपस्थिति में परीक्षा कक्ष में ही ओएमआर उत्तर पत्रकों की स्कैनिंग की जाएगी। स्कैन डाटा तुरंत सुरक्षित किया जाएगा, ताकि भविष्य में मूल ओएमआर से मिलान संभव हो सके।

### मोबाइल समेत इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस प्रतिबंधित

आयोग ने मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूरी तरह प्रतिबंधित किए हैं। एआई तकनीक से ऐसे संदिग्ध अभ्यर्थियों की भी पहचान की गई है, जिन्होंने अलग-अलग फोटो या नाम से आवेदन किए हैं। इन परीक्षार्थियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। आयोग ने अभ्यर्थियों से केवल आधिकारिक वेबसाइट और एक्स हैंडल पर जारी सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील की है।

### मगरमच्छ के हमले से बची किशोरी घायल होने के बाद भी बची जान

**अलीगढ़,एजेंसी :** जिले में अदम्य साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए 19 वर्षीया एक लड़की ने मगरमच्छ के हमले का मुकाबला किया और उसके जबड़े से अपना हाथ छुड़ाने में कामयाब रही। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अतरौली कस्बे के पास एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों के अनुसार, यह घटना गुरुवार को अलीगढ़-बुलंदशहर सीमा के निकट गंगा की सहायक काली नदी के तट पर हुई। अधिकारियों ने बताया कि सुमन (19) रायपुर मुफ्ता गांव के पास घास काट रही थी, तभी एक मगरमच्छ अचानक सामने आया और उसने उसका दाहिना हाथ पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि मगरमच्छ के हमले के बावजूद, लड़की ने शोर मचाया और खुद को बचाने की कोशिश में अपने बाएं हाथ से मगरमच्छ की आंखों में मुक्का मारना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि उसकी चाची ट्रोपा, जो पास में घास काट रही थी, उसकी मदद के लिए दौड़ी और दरांती से सरीसृप की आंख पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया।

# ग्रेटर नोएडा में प्रॉपर्टी विवाद में पिता ने की पुत्र की हत्या

**ग्रेटर नोएडा,एजेंसी:** ग्रेटर नोएडा के कासना क्षेत्र में एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक पिता पर अपने ही 13 वर्षीय बेटे की हत्या करने का आरोप लगा है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने प्रॉपर्टी विवाद में अपने परिवार के लोगों को फंसाने की साजिश के तहत इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने शुक्रवार को जानकारी दी .उन्होंने बताया कि 07 मई को कासना थाना में सूचना प्राप्त हुई कि करीब 13 वर्षीय एक लड़का लापता हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल गुमशुदगी का मामला दर्ज कर विशेष टीम का गठन किया और बच्चे की तलाश शुरू कर दी।

जांच के दौरान पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तथा स्थानीय बच्चों से पूछताछ की। इस दौरान पता चला कि लापता लड़का आखिरी बार अपने पिता के साथ कार में जाता हुआ देखा गया था। इसके बाद पुलिस ने बच्चे के पिता से गहन पूछताछ की। शुरुआत में उसने पुलिस को बताया कि उसका बेटा गुलिस्तानपुर गांव में उसके एक दोस्त के पास है और वह पुलिस को वहां ले जाकर बच्चे को बरामद करा देगा। हालांकि पूछताछ के दौरान आरोपी लगातार पुलिस को गुमराह करता रहा। इसी बीच देर शाम कासना थाना पुलिस को सूचना मिली कि लापता बच्चे का शव सिरसा गांव स्थित 6 परसेंट कॉलोनी के पास एक तालाब में मिला है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बच्चे के पिता ने ही कथित रूप से अपने बेटे की हत्या की और शव को तालाब में फेंक दिया।

### योगाभ्यास



शुक्रवार को प्रयागराज में सूर्योदय के समय गंगा नदी के किनारे योगाभ्यास करतीं महिलाएं। • एजेंसी

### हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

**बुलंदशहर,एजेंसी :** जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में शुक्रवार को सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी और उनके तीन बच्चों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद सभी को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान उत्तम कुमार (45), उनकी पत्नी उर्मिला (40) और बच्चे निशान्त (8), दिशा (6) एवं अनायरा (6) के रूप में हुई है जो धमैडा कीरत गांव के निवासी थे। उन्होंने कहा कि उत्तम कुमार किसी से मोटरसाइकिल लेकर खुर्जा गए थे और लौटते समय रास्ते में यह हादसा हो गया। एसएसपी के अनुसार, मोटरसाइकिल का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त है। पुलिस का कहना है कि मौके से हरियाणा नंबर की एक ट्रक की नंबर प्लेट मिली है, जिसके आधार पर ट्रक की तलाश की जा रही है।

# सौर और स्वच्छ ऊर्जा में तेजी से उभर रहा यूपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यूपी एनर्जी एक्सपो-2026 में विशेषज्ञों ने रखे विचार
- बैटरी स्टोरेज और रूफटॉप सोलर के भविष्य पर मंथन

**अमृत विचार :** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित यूपी एनर्जी एक्सपो-2026 के दूसरे दिन स्वच्छ ऊर्जा, सौर परियोजनाओं, बैटरी स्टोरेज और रूफटॉप सोलर के भविष्य पर मंथन हुआ। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, यूपीनेडा और अन्य संस्थाओं के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने उत्तर प्रदेश को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से उभरता राज्य बताया।

पैनल चर्चा में बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड के सीईओ ओंकार यादव ने पीएम सूर्य घर योजना समेत विभिन्न सौर योजनाओं की प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एनएचपीसी और अन्य ऊर्जा निकायों के साथ मिलकर बड़े स्तर पर सोलर पार्क विकसित किए जा रहे हैं। यूपीपीसीएल के निदेशक (कॉर्पोरेट प्लानिंग) दीपक रायजादा ने बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए अतिरिक्त सौर ऊर्जा के भंडारण के लिए बैटरी और बड़े स्टोरेज सिस्टम विकसित करने पर जोर दिया। सिगएनर्जी इंडिया के सीईओ अभिलाष बोराना ने एआई आधारित ऊर्जा प्रबंधन, बैटरी स्टोरेज और ईवी चार्जिंग के एकीकृत मॉडल पर जानकारी दी। वहीं यूपीईआरसी के संयुक्त निदेशक अभिषेक मोजा ने ऊर्जा क्षेत्र में समन्वय की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

तकनीकी सत्रों के बाद फर्स्टव्यू ग्रुप के सीईओ वरुण गुलाटी और पीएचडीसीसीआई के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक अतुल श्रीवास्तव की उपस्थिति में "उत्तर प्रदेश ऊर्जा पुरस्कार" और "पीएम सूर्यघर वेंडर उत्कृष्टता पुरस्कार" वितरित किए गए। विशेषज्ञों ने किसानों को सौर परियोजनाओं में भागीदार बनाने पर भी जोर दिया। यूपीनेडा के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत प्रदेश में प्रतिदिन करीब 2300 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन हो रहे हैं। वेंडरों की संख्या 6 हजार से अधिक हो चुकी है और इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

### पंचायती राज मंत्री ने ऑनलाइन भरा जनगणना फॉर्म

**लखनऊ,अमृत विचार :** प्रदेश में शुरू हुई जनगणना-2027 प्रक्रिया के तहत पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने शुक्रवार को ऑनलाइन माध्यम से जनगणना के प्रथम चरण का फार्म भरा। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों से जनगणना अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने और सही व प्रामाणिक जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की। सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्य सरकार में पंचायती राज मंत्री ने कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या और मकानों की गणना नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। कई जातियों और समुदायों की सही जानकारी सामने नहीं आ पाती, जिससे वे सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं।उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं की बेहतर रूपरेखा तैयार करने में मदद करते हैं। सही जानकारी मिलने से समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायता मिलेगी।

ADMISSION OPEN

For Advertisement Contact :- 8445507002 9756905552

ST. XAVIER SCHOOL
(Affiliated to ICSE)
CHANETI, SAINIK VIHAR, BAREILLY CANTT.
Rishabh Saxena 99.82 Percentile JEE 2026
NO ADMISSION FEES
NO COMPOSITE FEES
ONLY TUITION FEES
Rs. 2400/- Per Month Class-XI (Science/Commerce)
ADMISSION OPEN | M. 9997697263
Munshi Nagar Akansha Enclave | DELAPEER KAILASH PURAM
M. 7310623798 | M. 7310623798

BASUBARAL SARASWATI VIHAR
SENIOR SECONDARY SCHOOL
AFFILIATED TO C.B.S.E. DELHI
Air-Conditioned Kindergarten Classrooms
NC, LKG & UKG No Admission Fee
(For Classes NC, LKG, UKG, I & II)
Entrance Test for Admission For Classes III to IX
Admission Fee Discount (Based on Test Criteria)
PCM/PCB/Commerce/Humanities Session 2026-27
7983035601, 8791688082, 8869098082
More Information : www.basubaral.com

### स्किल यूपी से बदली तस्वीर

**लखनऊ,अमृत विचार :** प्रदेश में कौशल विकास अब रोजगार और आत्मनिर्भरता का मजबूत माध्यम बन रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने पिछले नौ वर्षों में करीब 14 लाख युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया है, जिनमें से 7.50 लाख से अधिक को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा गया है। आईटी, स्वास्थ्य, ऑटोमोबाइल, निर्माण, हॉस्पिटैलिटी और कृषि आधारित क्षेत्रों में युवाओं को उद्योगों की जरूरत के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत अब तक 1.35 लाख विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी और व्यावहारिक कौशल सिखाए गए हैं।

# महिला सुरक्षा में यूपी अग्रणी: केशव



**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार में सुरक्षा और सुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही दावा किया कि एनसीआरबी के ताजा आंकड़ों के अनुसार महिला सुरक्षा के मामले में उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग पहले कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते थे, उन्हें अब वास्तविक आंकड़े देखने चाहिए।

पश्चिम बंगाल की राजनीतिक स्थिति पर टिप्पणी करते हुए उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लोकतंत्र और संविधान का सम्मान करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि जनता के फैसले को शालीनता से स्वीकार करना चाहिए और बंगाल में हिंसा व दंगों की राजनीति बंद होनी चाहिए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि लगातार चुनावी हार से वह बौखला गए हैं और अब बंगाल जाकर माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास और सुरक्षा का जो मॉडल स्थापित हुआ है, वह पूरे देश के लिए उदाहरण बन रहा है।

### उप मुख्यमंत्री ने भरा स्वगणना फार्म

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को जनगणना-2027 के प्रथम चरण में डिजिटल माध्यम से स्वगणना फार्म भरकर प्रदेशवासियों से सक्रिय भागीदारी की अपील की। कालिदास मार्ग स्थित अपने कैंप कार्यालय में स्वगणना अपलोड करते हुए उन्होंने कहा कि 21 मई तक आमजन के लिए डिजिटल स्वगणना का विकल्प उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि सही और सटीक जनगणना से जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समग्र विकास को मजबूती मिलेगी।

# पांच संग्रहालय जनता को समर्पित : जयवीर सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुरातात्विक महत्व की दुर्लभ वस्तुएं होंगी संरक्षित

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने राजधानी लखनऊ में संरक्षित किए जा रहे पांच संग्रहालयों का कार्य पूर्ण कर जनता को समर्पित कर दिया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इन संग्रहालयों में प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहर और पुरातात्विक महत्व की दुर्लभ वस्तुओं को संरक्षित किया गया है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि राज्य संग्रहालय लखनऊ में विदेशी मूर्तिकला गैलरी की मूर्तियों के स्थानांतरण का कार्य अप्रैल 2026 में पूरा हो चुका है। वहीं संग्रहालय सभागार के सौंदर्यीकरण का कार्य भी पूर्ण कर उसका उद्घाटन 27 अगस्त 2025 को किया जा चुका है। बताया कि राज्य संग्रहालय परिसर में प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय का निर्माण 2483.05 लाख रुपये की लागत से कराया गया, जिसे 4 मार्च 2024 को आम जनता को समर्पित किया गया। वहीं अवधी गैलरी (नवाबी कला) के नवीनीकरण और सुदृढ़ीकरण का कार्य भी पूरा हो चुका है। ओल्ड कोठी में कार्य अंतिम चरण में है ।

# वृद्धा पेंशन देने में जौनपुर आजमगढ़ व बलिया आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 29.23 लाख से अधिक महिलाओं को पेंशन का लाभ दे रही प्रदेश सरकार

**अमृत विचार :** प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन योजना बुजुर्ग महिलाओं के लिए बड़ा सहारा बन रही है। योगी आदित्यनाथ सरकार वर्तमान में 29.23 लाख से अधिक महिलाओं को पेंशन का लाभ दे रही है। इसमें जौनपुर, आजमगढ़ और बलिया जिले अग्रणी हैं।

आर्थिक रूप से कमजोर और निराश्रित महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये की सहायता सीधे बैंक खातों में भेजी जा रही है। डीबीटी व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ी है और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है। हर तिमाही 3,000 रुपये सीधे खातों में पहुंच रहे हैं, जिससे बुजुर्ग महिलाओं को दवा, राशन और अन्य जरूरतों में राहत मिल रही है।

जिलावार आंकड़ों में जौनपुर पहले स्थान पर है, जहां 1,00,820 महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। आजमगढ़ में 86,166 और बलिया में 79,160 महिलाएं योजना से जुड़ी हैं। सरकार का कहना है कि योजना से बुजुर्ग महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार आया है और उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने में मदद मिल रही है।

**उपलब्धि** | एनसीआरबी रिपोर्ट में प्रदेश सरकार का कानून-व्यवस्था पर दावा मजबूत

# योगी राज में दंगों पर ब्रेक और अपहरण शून्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा शासन में रोज होते थे 19 दंगे और 33 अपहरण
- अब यूपी में अपराध दर राष्ट्रीय औसत से नीचे

**अमृत विचार:** कभी दंगों, अपहरण और फिरौती की घटनाओं के लिए बदनाम रहे उत्तर प्रदेश की तस्वीर अब बदलती दिख रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 और 2024 में प्रदेश में फिरौती के लिए अपहरण की अपराध दर शून्य दर्ज की गई है। वहीं दंगा के मामलों में भी यूपी की अपराध दर राष्ट्रीय औसत से काफी कम रही है। सरकार इसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'जीरो टॉलरेंस' नीति और अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई का परिणाम बता रही है।

प्रदेश सरकार के मुताबिक, वर्ष 2012 से 2017 के बीच तत्कालीन सपा सरकार के दौरान प्रदेश में 25 हजार से अधिक दंगे हुए थे। उस समय औसतन हर दिन 19 दंगे और 33 अपहरण की घटनाएं दर्ज होती थीं। वहीं योगी सरकार का दावा है कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में कोई बड़ा दंगा नहीं हुआ। हालांकि छिटपुट तनाव और हिंसा की कोशिशें हुईं, लेकिन पुलिस ने समय रहते कार्रवाई कर हालात बिगड़ने नहीं दिए। एनसीआरबी 2024 रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में बलवा की अपराध दर 1.1 रही, जबकि राष्ट्रीय औसत 2.2 दर्ज किया गया। तुलना करें तो मणिपुर में यह दर 8.4, महाराष्ट्र में 6.4, कर्नाटक में 5.4 और हरियाणा में 5.3 रही। सरकार का कहना है कि यूपी में जिन मामलों में दंगा भड़काने की कोशिश हुई, उनमें तत्काल एफआईआर दर्ज कर दंगा विरोधी धाराओं में कार्रवाई की गई।

फिरौती के लिए अपहरण के मामलों में भी यूपी ने उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की है। एनसीआरबी रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में प्रदेश की अपराध दर शून्य रही, जबकि नगालैंड में 0.7, मणिपुर में 0.6, अरुणाचल प्रदेश में 0.3 और मेघालय में 0.2 दर्ज की गई। वर्ष 2023 में भी यूपी में यह अपराध दर शून्य थी।

सरकार का दावा है कि माफिया और संगठित अपराध के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट, संपत्ति जब्ती और आर्थिक कार्रवाई जैसे कदमों का सीधा असर अपराध नियंत्रण पर पड़ा है।

# नदियों को गहरा कर बाढ़ रोकेगी सरकार

## बाढ़ नियंत्रण की नई रणनीति से होगी करोड़ों की बचत, किसानों की जमीन का अधिग्रहण भी घटेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में बाढ़ नियंत्रण की रणनीति अब बदल रही है। योगी सरकार पारंपरिक तटबंध और पत्थर आधारित सुरक्षा मॉडल से आगे बढ़ते हुए नदियों और बड़े नालों की जलधारण क्षमता बढ़ाने पर जोर दे रही है। सरकार का दावा है कि इस नई व्यवस्था से करोड़ों रुपये की बचत होगी और किसानों की कृषि भूमि के अधिग्रहण की जरूरत भी कम पड़ेगी।

अब तक बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़े तटबंध, गैबियन दीवारें, पत्थर के स्पर और मिट्टी के बांध बनाए जाते थे। इन परियोजनाओं में भारी लागत आती थी और कई बार हर वर्ष मरम्मत पर भी करोड़ों रुपये खर्च होते थे। नई रणनीति के तहत सरकार संवेदनशील क्षेत्रों में नदियों से गाद निकालने, नदी मार्ग को चौड़ा और गहरा करने तथा पानी के बहाव को सुचारु बनाने पर काम कर रही है।

सरकार के अनुसार इस मॉडल से अब तक लगभग 40.72 लाख हेक्टेयर भूमि को सुरक्षित किया गया है, जिससे तीन करोड़ से अधिक आबादी को लाभ मिला। लखीमपुर खीरी की बाढ़ सुरक्षा परियोजना इसका बड़ा उदाहरण मानी जा रही है। यहां नदी की क्षमता बढ़ाने के लिए गाद निकासी पर करीब 22 करोड़ रुपये खर्च हुए, जबकि पहले पारंपरिक मॉडल के तहत 180 करोड़ रुपये की परियोजना प्रस्तावित थी। इसी तरह बाराबंकी के एल्गिन ब्रिज और सरयू क्षेत्र में नए मॉडल पर सिर्फ पांच करोड़ रुपये खर्च हुए, जबकि पहले 115 करोड़ रुपये का अनुमान था।

बाढ़ नियंत्रण विभाग ने घाघरा, शारदा और सुहेली जैसी नदियों के कई हिस्सों में 9 से 16 किलोमीटर तक गाद निकासी का कार्य कराया है। इससे मानसून के दौरान नदियों की जल वहन क्षमता बढ़ी है और बाढ़ के खतरे को कम करने में मदद मिली है। सरकार का कहना है कि इस मॉडल से हर वर्ष तटबंध निर्माण और मरम्मत के लिए कृषि भूमि के अधिग्रहण की आवश्यकता भी घटेगी। इससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में 1,665 से अधिक बाढ़ नियंत्रण परियोजनाएं पूरी की गई हैं और 60 नदियों से गाद निकासी कराई गई है। अब वर्ष 2026 से सरकार बाढ़ नियंत्रण के लिए ड्रोन और सेंसर आधारित निगरानी प्रणाली भी लागू करने जा रही है।

### ऐसे बदला बाढ़ नियंत्रण का मॉडल

- *तटबंधों के बजाय नदियों की क्षमता बढ़ाने पर जोर
- *घाघरा, शारदा और सुहेली में 9-16 किमी तक गाद निकासी
- *लखीमपुर में 180 करोड़ की जगह 22 करोड़ में समाधान
- *बाराबंकी में 115 करोड़ की जगह 5 करोड़ खर्च
- *40 .72 लाख हेक्टेयर भूमि को सुरक्षा
- *3 करोड़ से अधिक लोगों को फायदा
- *2026 से ड्रोन और सेंसर आधारित निगरानी शुरू होगी

### मानसून से पहले पूरे करें बाढ़ बचाव कार्य

**अमृत विचार, लखनऊ:** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मानसून से पहले बाढ़ बचाव से जुड़े सभी कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ड्रेन सफाई समेत जरूरी कार्य 15 जून तक हर हाल में पूरे कराए जाएं और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। मानक के विपरीत कार्य मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग मुख्यालय में हुई समीक्षा बैठक में मंत्री ने कहा कि जनहित की परियोजनाओं में लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने "वन ड्रॉप मोर क्रॉप" सिद्धांत पर आधारित नई सिंचाई योजनाओं के प्रस्ताव तैयार करने को कहा, ताकि कम पानी में अधिक सिंचाई संभव हो सके। बैठक में नहरों, रजबाहों, अल्पिकाओं और बैराज संचालन की समीक्षा की गई। फील्ड अधिकारियों को मौके पर निरीक्षण और लंबित परियोजनाओं को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए।



जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

## न्यूज ब्रीफ

### दो दिन तक निजी वाहनों से लोग नहीं पहुंच सकेंगे कैंची धाम



**हल्द्वानी, अमृत विचार:** पर्यटन सीजन और वीकेंड पर बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने हल्द्वानी-काठगोदाम समेत कैंची धाम, भवाली और भीमताल रूट पर विशेष ट्रैफिक एवं डायवर्जन प्लान लागू किया है। यह व्यवस्था 9 और 10 मई को सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक प्रभावी रहेगी। पर्यटक वाहन इन दो दिनों में अपने वाहन से कैंची धाम नहीं जा सकेंगे। ऐसे पर्यटकों या भक्तों को शटल सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। कैंची धाम में बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने पार्किंग और शटल सेवा की व्यवस्था लागू की है।

### पुलिस ने चम्पावत षड्यंत्र में दो लोगों को गिरफ्तार किया

**चम्पावत:** नाबालिग को बंधक बनाकर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने और सुनियोजित षड्यंत्र के तहत निर्दोष लोगों को झूठे मुकदमे में फंसाने के प्रयास के मामले में चम्पावत पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीड़िता की पहचान उजागर करने वालों के खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी रेखा यादव ने बताया कि, इस संबंध में केस दर्ज कर कमल रावत और अर्जिता राय को गिरफ्तार कर लिया है जबकि तीसरे आरोपी आनन्द सिंह माहरा के खिलाफ विधिक कार्रवाई जारी है।

### आईपीएल में अंतर्राष्ट्रीय सट्टेबाजी का खुलासा

**देहरादून, अमृत विचार:** एसटीएफ और देहरादून पुलिस ने ज्वाइंट टास्क में अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन सट्टा गैंग का भंडाफोड़ किया है। आईपीएल मैचों में सट्टा लगवाते पांच आरोपी गिरफ्तार कर तीन लैपटॉप, 17 मोबाइल फोन, 22 एटीएम कार्ड और सट्टेबाजी से संबंधित डिजिटल सामग्री बरामद की है। एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने बताया कि, बसंत विहार में एक फ्लैट पर छापा मारकर छत्तीसगढ़ निवासी सुनील शर्मा, संदीप गुप्ता, अकरंद व अभिषेक तथा बिहार निवासी संदीप कुमार को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने बताया कि, वे रेडीबुक बैटिंग एप से आईपीएल मैचों में आनॅलाइन सट्टा खिलाते थे।

### सशक्त, आत्मनिर्भर सीमांत क्षेत्र हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

**पिथौरागढ़, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 'वाइब्रेंट विलेज' विजन के अनुरूप सीमांत गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। सीमांत क्षेत्रों को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

### नाबालिग छात्र का मौलवी ने किया यौन शोषण

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी:** जिले में रतनपुरी थानाक्षेत्र के भानवाड़ा गांव में मदरसे के 13 साल के एक नाबालिग छात्र के साथ वहां के मौलवी ने कथित रूप से कुकर्म किया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार मदरसे के 22 वर्षीय शिक्षक मोहम्मद तालिब ने छात्र के साथ कुकर्म किया और उसे धमकी दी कि अगर उसने इसके बारे में किसी को बताया, तो उसे गंभीर अंजाम भुगतने पड़ेंगे।

## मुख्यमंत्री आवास को बम से उड़ाने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

प्रयागराज, एजेंसी

प्रयागराज पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति को फंसाने के उद्देश्य से उसके नाम का उपयोग कर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास को बम से उड़ाने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। डीसीपी (गंगा नगर) कुलदीप गुनावत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नितेश कटियार ने पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति को फंसाने के उद्देश्य से उसके नाम का दुरूपयोग करते हुए व्हाट्सएप पर मुख्यमंत्री के विरूद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी कर जान से मारने की धमकी दी थी।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर मऊआइमा थाने में शाहजहांपुर के नितेश कटियार के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था और आज उसे मऊआइमा थानाक्षेत्र में बरईपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वैवाहिक पोर्टल के माध्यम से उसका विवाह मऊआइमा थानाक्षेत्र की एक युवती से तय हुआ था और उसके साथ उसकी सगाई हुई थी। आरोपी ने कहा कि हालांकि किसी कारण से सगाई टूट गई और युवती के भाई से उसका विवाद हो गया। डीसीपी के मुताबिक आरोपी ने बताया कि उसने युवती के भाई को फंसाने के उद्देश्य से उसके नाम का उपयोग करते हुए व्हाट्सएप पर मुख्यमंत्री के आवास को बम से उड़ाने की धमकी दी थी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार करेंगे टिहरी का दौरा

**देहरादून, अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहली बार टिहरी जिले के दौरे पर पहुंच सकते हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, मई के अंतिम सप्ताह अथवा जून के प्रथम सप्ताह में प्रधानमंत्री टिहरी पहुंचकर देश की महत्वपूर्ण 1000 मेगावाट क्षमता वाली टिहरी पंप स्टोरेज परियोजना का लोकार्पण करेंगे। इस संभावित दौरे को लेकर शासन और प्रशासन स्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री का यह दौरा राजनीतिक से अधिक विकास और ऊर्जा क्षेत्र की उपलब्धियों पर केंद्रित रहेगा। टिहरी पंप स्टोरेज परियोजना को देश की सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा परियोजनाओं में माना जा रहा है। यह परियोजना बिजली उत्पादन के साथ-साथ ऊर्जा भंडारण और राष्ट्रीय ग्रिड संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विशेषज्ञ इसे भविष्य की ऊर्जा जरूरतों के लिहाज से 'गेमचेंजर' मान रहे हैं।



## हवन-पूजन



मुख्यमंत्री योगी, परमार्थ निकेतन के आध्यात्मिक प्रमुख स्वामी चिदानंद सरस्वती-बाएं और योग गुरु बाबा रामदेव पंचूर (पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड) में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और श्री विष्णु महायज्ञ के दौरान हवन-पूजन करते हुए। ● एजेंसी

## स्वच्छ सर्वेक्षण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एके शर्मा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ● अफसरों को सख्त निर्देश स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने पर जोर

**अमृत विचार:** नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पूरी प्रतिबद्धता और जवाबदेही के साथ कार्य करें, ताकि प्रदेश के शहर स्वच्छ और व्यवस्थित बन सकें। किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिकायत बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

लखनऊ में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री ने स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन का रूप देने और अधिक से अधिक नागरिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने सिटीजन फीडबैक बढ़ाने, कूड़ा पृथक्करण और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही आरआरआर (रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल) मॉडल को अपनाने पर भी बल दिया गया। आगामी मानसून को देखते हुए मंत्री ने नाला-नालियों की नियमित सफाई और जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

## अभिनेत्री आकांक्षा दूबे की मौत मामले में आरोपियों को नोटिस जारी

**प्रयागराज, एजेंसी:** अभिनेत्री आकांक्षा दूबे की संदिग्ध स्थिति में मृत्यु के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कथित आरोपियों-समरजीत सिंह उर्फ समर सिंह और संजय सिंह को नोटिस जारी किया और इस मामले में अगली सुनवाई की तिथि 22 मई तय की। भोजपुरी अभिनेत्री की मृत्यु के मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग करते हुए दायर की गयी एक याचिका में आरोप लगाया गया है कि अभिनेत्री की मृत्यु खुदकुशी नहीं थी, बल्कि हत्या थी। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की पीठ ने वाराणसी के सारनाथ थाने के प्रभारी को जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा और हलफनामा दाखिल करने में विफल रहने पर वह अगली तिथि पर अदालत के समक्ष पेश होंगे। इससे पूर्व, शुक्रवार का दिन निर्णय देने के लिए तय किया गया था, लेकिन अदालत ने कहा कि कुछ बिंदुओं पर नए सिरे से सुनवाई आवश्यक है, इसलिए अगली तिथि 22 मई तय की।

## नोएडा के निर्माणाधीन हॉस्टल में दो मजदूरों की हत्या

**नोएडा, एजेंसी:** गौतमबुद्ध नगर जिले के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन हॉस्टल में काम कर रहे दो मजदूरों की कथित तौर पर सिर कुचलकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने मामले की जांच के लिए चार टीमें गठित की है। पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) डॉ. प्रवीन रंजन सिंह ने शुक्रवार को बताया कि मेरठ निवासी शीशपाल (42), इंदर (45) और अभिषेक तीन दिन पहले सीताराम संस्थान के पास स्थित निर्माणाधीन हॉस्टल में माली का काम करने आए थे और तीनों हॉस्टल परिसर के एक कमरे में रह रहे थे।

उन्होंने बताया कि गुरुवार रात तीनों ने साथ बैठकर खाना खाया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हो गया। शुक्रवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि कमरे में दो लोग मृत पड़े हैं। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शीशपाल और इंदर के शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजे।

# शंकर की संगिनी बनेगी इंदौर की शेरनी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ● प्राणी उद्यान में नौ साल के युवा शेर का अकेलापन दूर करेगी चार साल की खूबसूरत शेरनी
- ● शेर अजय और शेरनी नंदिनी पूरी कर चुके औसत उम्र, अब ब्रीडिंग की संभावना काफी कम

**अमृत विचार:** प्राणी उद्यान में जल्द ही एक खास मेहमान आने वाला है। चिड़ियाघर के युवा शेर शंकर के लिए इंदौर जू से खूबसूरत शेरनी लाई जा रही है, जो इसी माह के अंत तक यहां आ जाएगी। प्राणी उद्यान प्रशासन इस नई जोड़ी को लेकर खासा उत्साहित है। सेंट्रल जू अथॉरिटी ने कानपुर और इंदौर जू के बीच वन्यजीवों की अदला-बदली को मंजूरी दी है। इसके तहत इंदौर से शेरनी कानपुर आएगी, जबकि कानपुर जू से एक दरियाई घोड़ा (हिप्पो) इंदौर भेजा जाएगा।

प्राणी उद्यान में करीब 10 साल बाद किसी नई शेरनी की एंट्री होने जा रही है। इस समय यहां शेर अजय, शेरनी नंदिनी और उनके शावक उमा व शंकर मौजूद हैं। अजय और नंदिनी अब अपनी औसत उम्र के करीब पहुंच चुके हैं, ऐसे में उनसे आगे ब्रीडिंग की संभावना काफी कम मानी जा रही है। इसी कारण प्राणी उद्यान प्रशासन ने युवा शेर शंकर के लिए नई शेरनी लाने की योजना बनाई थी। प्रशासनिक अफसर नावेद इकराम ने बताया कि शंकर की उम्र करीब नौ साल है, वह पूरी तरह स्वस्थ है। इंदौर से आने वाली शेरनी की उम्र चार से पांच साल के बीच है। अधिकारियों को उम्मीद है कि दोनों के बीच अच्छी बॉन्डिंग बनेगी और आने वाले समय में उद्यान में नन्हे शावकों की किलकारियां सुनाई देंगी।

### शेरों की नई पीढ़ी होगी तैयार

प्राणी उद्यान प्रशासन के अनुसार वर्तमान में शेर अजय की उम्र करीब साढ़े 18 साल हो चुकी है, जबकि शेरों की औसत उम्र करीब साढ़े 16 साल मानी जाती है। शेरनी नंदिनी भी 16 साल की हो चुकी है। इसी कारण पूरा फोकस नई पीढ़ी तैयार करने पर है। अधिकारियों का कहना है कि शंकर और नई शेरनी की जोड़ी के मिलन से यहां शेरों का परिवार फिर बढ़ सकता है।


# VARUN ARJUN UNIVERSITY

NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh, India - 242307

## Accreditations, Affiliations & Approvals

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये University Granta Commission of India · Medical Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Uttar Pradesh State Medical Faculty

## ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27

CUET (UG/PG) - 2026 Score Accepted

### Varun Arjun Medical College & Rohilkhand Hospital

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| MBBS (intake - 250) | Throught NEET, (10+2 PCB) | 4½ +1 Years |
| MD/MS (intake - 99) | Throught PG NEET MBBS | 3 Years |

Mob : 9634459947

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc. Medical Anatomy; M.Sc. Medical Biochemistry; M.Sc. Medical Microbiology; M.Sc. Medical Physiology; M.Sc. Medical Pharmacology | Candidate must have passed three years under graduate prog. B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) with Biological Sciences as one of the subjects or MBBS/BDS, BAMS, BHMS, BPT, B. Pharma, BMLS/BMLT, BMRIT, B. Optometry, B.Sc. Nursing must have passed from a recognised University. | 3 Years |

Mob : 9956248504

### Varun Arjun College/ School of Nursing

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| B.Sc. Nursing | Intermediate wtih Biology | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Years |
| GNM | Intermediate wtih English | 3 Years |
| ANM | Intermediate | 2 Years |
| M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic Nursing | 2 Years |
| M.Sc. Nursing in Obstetric & Gynaecological Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic Nursing | 2 Years |
| M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic Nursing | 2 Years |
| M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic Nursing | 2 Years |
| M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic Nursing | 2 Years |

Mob : 7521001992

### Varun Arjun College of Pharmacy

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science Stream | 4 Years |
| Diploma of Pharmacy | Intermediate with Science Stream | 2 Years |

Mob : 7521001993

### Varun Arjun College of Allied & Healthcare Sciences

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T. | Intermediate with Science Stream | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science Stream | 2 Years |

Mob : 7521050078

### Varun Arjun College of Management

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| B.B.A. (Hons.) | Intermediate with any Stream | 4 Years |
| B.C.A. (Hons.) - AI & Machine Learning | Intermediate with any Stream | 4 Years |
| B.C.A. (Hons.) - IT & Multimedia | Intermediate with any Stream | 4 Years |
| B.C.A. (Hons.) - AI & Data Science | Intermediate with any Stream | 4 Years |
| B.H.A. (Hons.) | Intermediate with any Stream | 4 Years |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in any Stream | 2 Years |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in any Stream | 2 Years |

Mob : 9956248504

### Faculty of Forensic Sciences

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Science | Intermediate with Science Stream | 3 Years |

Mob : 7521802872

### Varun Arjun College of Humanities and Journalism

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| B.A. (Hons.) in Journalism & Mass Communication | Intermediate with any Stream | 4 Years |

Mob : 9956248504

Admission Cell Contact No. : 7521050077, 9956248504

Add. : Admission Cell, Administrative Block, Varun Arjun University, Varun Arjun Medical College and Rohilkhand Hospital Campus, Shahjahanpur - 242307 (U.P.)

Website : www.vau.edu.in, E-mail : admission@vau.edu.in

# राशन व शादी में मदद के नाम पर लाखों की ठगी

## महिलाओं को ट्रस्ट का सदस्य बनने का दिया झांसा, 600 सदस्य जोड़ने पर स्कूटी देने का था वादा

संवाददाता, भमोरा

**अमृत विचार :** एक ट्रस्ट संचालक दंपती ने गरीब महिलाओं को हर महीने राशन व बेटियों की शादी में दान-दहेज के साथ 51 हजार रुपये सहायता देने का लालच देकर लाखों रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित महिलाओं ने शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।



थाने में शिकायती पत्र देने जातीं पीड़िताएं। • अमृत विचार

गांव सेंधा निवासी विमला देवी, संतोष देव, मुन्नी देवी समेत कई महिलाओं ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि खुद को लखनऊ निवासी बताने वाले दंपती ने अपने आप को सनातन धर्म सेवा ट्रस्ट का अध्यक्ष बताया। आरोपियों ने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि ट्रस्ट गरीब परिवारों को कम रकम में हर महीने राशन उपलब्ध कराता है व बेटियों की शादी में आर्थिक सहायता दी जाती है। महिलाओं के अनुसार ट्रस्ट का सदस्य बनाने के नाम पर प्रत्येक महिला से 800 रुपये जमा कराए गए। सदस्यता के बाद एक कार्ड दिया जाता था, जिसमें हर महीने मिलने वाले राशन का विवरण दर्ज होना बताया गया। आरोपियों ने यह भी लालच दिया कि जो महिला सबसे पहले छह सदस्य जोड़ेगी, उसे ट्रस्ट की सभी सुविधाएं मिलेंगी। वहीं 600 सदस्य जोड़ने पर स्कूटी और प्रतिमाह पांच हजार रुपये मानदेय देने का दावा किया गया। इसके अलावा महिलाओं को धूपबत्ती व अगरबत्ती पैकिंग का काम सिखाने की बात भी कही गई। प्रलोभन में आकर महिलाओं ने रिश्तेदारों और परिचितों को भी ट्रस्ट से जोड़ दिया।

- पीड़िताओं ने आरोपी दंपती के खिलाफ थाने में दी तहरीर

पीड़ित महिलाओं के अनुसार उन्होंने करीब 300 से 400 परिवारों को सदस्य बनवा दिया। आंवला के बझेड़ा गांव निवासी प्रीति, क्योलड़िया फैजुल्लापुर निवासी महारानी और बिनावर निवासी लक्ष्मी ने बताया कि उन्होंने आंवला, चंदौसी और बदायूं तक अपने रिश्तेदारों को ट्रस्ट का सदस्य बनवाया था। अब ट्रस्ट संचालकों ने फोन उठाना बंद कर दिया है और किसी से संपर्क नहीं हो पा रहा है। पीड़ित महिलाओं ने जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। एसएचओ पवन कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी।

### शादी का झांसा देकर 63 हजार ठगे, केस दर्ज

**मीरगंज, अमृत विचार :** गांव चुरई दलपतपुर निवासी मेघा से जीवनसाथी एप के जरिए शादी का झांसा देकर 63 हजार रुपये ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी मुलाकात गत 9 फरवरी2026 को 'जीवनसाथी' एप पर जिला मिर्जापुर निवासी रूपेश कुमार पांडे से हुई थी। आरोपी ने खुद को एनएसजी कमांडो बताया और युवती को शादी का प्रस्ताव दिया। उसने अपने मोबाइल नंबर से संपर्क किया और एक अन्य नंबर को ऑफिस नंबर बताते हुए उसे पर कॉल न करने को कहा। बातचीत आगे बढ़ने पर उसने अपना सैलरी अकाउंट होल्ड होने का बहाना बनाकर पैसों की आवश्यकता जताई। आरोप है कि 12 फरवरी से 25 फरवरी के बीच आरोपी रूपेश कुमार पांडे ने अलग-अलग किस्तों में कुल 63, 550 रुपये अपने आईसीआईसीआई बैंक खाते में ट्रांसफर करा लिए। उसने यूपीआई और क्यूआर कोड के माध्यम से कभी 5 हजार तो कभी 20 हजार रुपये मंगवाए। जब युवती ने और पैसे देने में असमर्थता जताई, तो आरोपी ने उससे दूरी बनानी शुरू कर दी। बाद में युवती ने उसके दूसरे नंबर पर कॉल की, जिस पर एक महिला ने फोन उठाया। महिला ने खुद को आरोपी की पत्नी बताया और यह भी जानकारी दी कि उनका चार साल का बच्चा है। पीड़िता का आरोप है कि सच्चाई सामने आने के बाद आरोपी उसे और उसके परिवार को धमकियां दे रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हाईवे निर्माण के दौरान जाल गिरने से मजदूर की मौत

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के चौबारी गांव के पास हो रहे हाईवे निर्माण कार्य में लगे वाहन से पुल के लोहे का जाल उतारते समय हाइड्रा का पट्टा टूट जाने से जाल नीचे गिर गया। जिसकी चपेट में आकर मजदूर गंभीर घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

- निर्माण कंपनी और श्रमिक के परिजनों के बीच हुआ समझौता

हाईवे व पुल निर्माण करा रही कंपनी से समझौता के बाद परिजनों ने कानूनी कार्रवाई करने से इन्कार कर दिया। मूल रूप से थाना मीरगंज क्षेत्र के गांव दियोरिया अब्दुल्लागंज निवासी भगवान दास (50) कुछ सालों से गांव पस्तौर में रह रहे थे। वह चौबारी के पास हाईवे व पुल को बना रही शाहजहांपुर की कंपनी से बतौर मजदूर जुड़े थे।

गुरुवार रात करीब 8:30 बजे हाइड्रा द्वारा पुल निर्माण के लिए एक वाहन से लोहे का जाल उतारा जा रहा था। इस दौरान हाइड्रा का पट्टा टूट गया और जाल नीचे गिरने पर भगवान दास उसकी चपेट में आ गए। इलाज को अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर संजय कुमार धीर ने बताया कि निर्माण कंपनी व मृतक के परिजनों में समझौता हो गया है। मृतक के परिजनों ने किसी भी प्रकार की कार्रवाई करने से मना कर दिया है। भगवान दास की मौत की खबर सुनकर पत्नी कौशल्या का रो-रो कर बुरा हाल है। भगवान दास पेशे से चालक थे, मगर वह हाइड्रा मशीन पर हेल्पर का काम कर रहे थे।

### मारपीट कर महिला के कपड़े फाड़ने का आरोप

**शीशगढ़, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी दुकान पर एक बच्चा दस रुपये का नकली नोट लेकर आया। उनके भाई ने उसे समझाया कि यह नकली नोट है। इसके बाद बच्चा वहां से चला गया। कुछ समय बाद बच्चे का पिता राजू आया और मारपीट शुरू कर दी। वह भाई को बचाने गई तो आरोपियों ने उसे भी पीटा। आरोप के अन्य परिजन भी आए। आरोपियों ने उसके, मां और दूसरी बहन के कपड़े फाड़ डाले। परिवार को लाठी डंडों से पीटा। पुलिस ने राजू, संजीव, झुडा उर्फ भजनलाल, छत्रपाल, चंद्रपाल, शनी प्रधान, अतर सिंह आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# महंगे शौक पूरे करने के लिए चुराता था बाइक

**देवरनियां, अमृत विचार :** कोतवाली बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरी की बाइक बरामद हुई है। पुलिस टीम शुक्रवार को ग्राम बिचपुरी ढाल पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक युवक मोटरसाइकिल से आता दिखा। पुलिस को देखकर वह घबरा गया और भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आकाश निवासी ग्राम चंदपुर चुबकिया बताया। अरोपी के पास से मिली बाइक पर नंबर प्लेट नहीं थी। पुलिस ने चेसिस नंबर से जांच की, जिससे पता चला कि यह बाइक बाइक वर्ष 2024 में चोरी हुई थी। इसका मुकदमा थाना बहेड़ी में दर्ज है। आरोपी आकाश ने पुलिस को बताया कि वह महंगे शौक पूरे करने के लिए बाइक चोरी कर बेचता था। थाना प्रभारी आशुतोष त्रिवेदी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक पुष्पेन्द्र शर्मा, कांस्टेबल राजन, पवन बंसल व बिट्टू सिंह शामिल रहे। आरोपी के खिलाफ कोतवाली गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हैं, जिसमें पॉक्सो एक्ट से जुड़ा मामला भी शामिल है। इसके अलावा थाना बहेड़ी में वर्ष 2024 का मोटरसाइकिल चोरी का मुकदमा भी दर्ज है।

- पुलिस ने बाइक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा
- चोरी बाइक बरामद, आरोपी के खिलाफ दर्ज हैं कई मुकदमे

### महिला बरामद, आरोपी युवक से पूछताछ

**नवाबगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसने करीब एक माह पूर्व बेटी की शादी हाफिजगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में की थी। रविवार को उसकी बेटी ससुराल से मायके आई थी। सोमवार को जब वह खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने गई थी, तभी गांव का एक युवक साथियों की मदद से उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया। शाम को घर लौटने पर बेटी घर से गायब मिली। पीड़िता का कहना है कि जब वह आरोपियों के घर शिकायत करने पहुंची तो वहां मौजूद लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। पुलिस शुक्रवार को दोनों को बरामद कर कोतवाली ले आई। जहां उनसे पूछताछ की जा रही है।

# आत्महत्या के मामले में दो भाइयों पर रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** चौबारी निवासी प्रियांशु सिंह के जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने दो भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बदायूं के थाना उझानी क्षेत्र के कछला निवासी श्यामपाल सिंह ने बताया कि उनका भतीजा प्रियांशु सिंह चौबारी स्थित अपनी नानी के घर में रहता था। उसने शादी कर ली थी। पत्नी तथा बच्चों के साथ बुखारा में किराए के मकान में रहने लगा था। प्रियांशु के चाचा का आरोप है कि मृतक की नानी के भाई रविंद्र सिंह ने अपनी सारी चल अचल संपत्ति प्रियांशु तथा उसके छोटे भाई के नाम बतौर वसीयत दर्ज करा दी थी। लेकिन गलती से उक्त वसीयत रविंद्र के भाइयों महेंद्र तथा महेश के नाम दर्ज हो गई। जिसका मुकदमा प्रियांशु ने नायब तहसीलदार चौबारी के यहां दायर किया गया था। जिससे महेंद्र और महेश प्रियांशु से रंजिश मानने लगे। 29 अप्रैल को महेंद्र सिंह ने अपनी बहन व मृतक प्रियांशु की नानी सन्नो देवी के साथ मारपीट की। केस में लगे एक लाख रुपये की मांग की। अन्यथा की स्थिति में दोनों को जान से मारने की धमकी दी। 30 अप्रैल को रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रियांशु ने एक प्रार्थना पत्र एसएसपी को भेजा था। फोन कर अपने चाचा से कहा था कि अब जीने की इच्छा नहीं है। मुझे महेंद्र तथा महेश ने लात घूंसों से मारा है। मुझ पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। अवसाद में 2 मई को प्रियांशु ने जहरीला पदार्थ खा लिया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के चाचा ने गुरुवार रात आरोपी महेंद्र व महेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### दूसरे समुदाय का युवक महिला को साथ ले गया

**नवाबगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने दूसरे समुदाय के युवक पर उसकी पत्नी को बहलाकर ले जाने व बेटे को झुलसाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार वह गांव विशनपुर में किराये के कमरे में पत्नी व बच्चों के साथ रह रहा था। उसका 10 वर्षीय पुत्र 25 अप्रैल को गैस से आग लगने के कारण गंभीर रूप से झुलस गया था। 1 मई को उसकी पत्नी घर से अचानक गायब हो गई। वह घर में रखे 50 हजार रुपये व जेवर साथ ले गई। उसके बेटे ने मां को दूसरे समुदाय के युवक के साथ कमरे में देखा था। पीड़ित ने पुलिस से पत्नी की बरामदगी, आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के प्रमाण पत्र में नाम भूलवश अनिरूद्रा (Anirudra) दर्ज हो गया है जोकि गलत है जबकि उसका वास्तविक नाम अनिरूद्ध (Anirudh) है। भविष्य में मेरे पुत्र को अनिरूद्ध के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। अमित सैनी पुत्र श्री सत्यपाल सैनी निवासी मो. लोची नगला, निकट शिव मन्दिर, शहर व जिला बदायूं।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र इमरान खान को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति व जात-जायदाद से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **शाकिर खां पुत्र शूमशू खां निवासी ग्राम शीशमखेड़ा थाना व तहसील मीरगंज जिला बरेली।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र फैज अंसारी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **जावेद अंसारी पुत्र स्व. श्री मो. इरशाद नि. 197 नवादा शेखान पुराना शहर, थाना बारादरी जिला बरेली।**

**आवश्यकता है** प्राचार्य -01 पद बीएड, प्रवक्ता बीएससी जूलॉजी- 01, एमएससी जूलॉजी - 01, बीएससी बॉटनी -01, एमएससी बॉटनी 01, बीएससी केमिस्ट्री - 01, एमएससी केमेस्ट्री - 01, बीएससी फिजिक्स - 01, एमएससी फिजिक्स - 01, बीएससी मैथ्स -01, एमएससी मैथ्स - 01, बीबीए -01, बीसीए -01, बीएससी होम साइंस - 01, इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिनों के अंदर अपने समस्त शैक्षणिक सर्टिफिकेट की फोटोकॉपी (दो सेट में) निम्न पते पर डाक द्वारा प्रेषित करें या ईमेल करें योग्यता- यूजीसी एवं MJPRU बरेली के मानकानुसार
सिरसा (पी.जी ) कॉलेज आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, बहेड़ी 8679447027, 8679430519 vikas9621@gmail.com

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक 2163518 सन् 2000 व इण्टरमीडिएट अनुक्रमांक 0864053 वर्ष 2002 के अंकपत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिले है। **ममता रानी पुत्री रामेश्वर दयाल निवासी ग्राम मोहम्मदपुर तह. नवाबगंज जिला बरेली।**

**NOTICE**
It is requested that the applicant, Jagat Narayan, son of Indra Prasad, resident of village Rakehti, Police Station Nighasan, District Lakhimpur Kheri, Sir, some pages of the deed (bainama) have been lost. Its book number is 1, volume number is 3008, serial number is 6212. Pages 212 to 222 are lost from page 181 to 224. In which three pages of Aadhaar copy, one page of identity card, one page of map, total five pages from the deed have been lost somewhere.

**आवश्यकता है**
Revit व Autocad डिजाईनर (पुरूष व महिला) की
सम्पर्क करें
अन्सारी एसोसिएट्स
मोहम्मदपुर रोड, बहेड़ी
9412048753

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।





NSNH NEW SHRI NARAYANA HOSPITAL
न्यू श्री नारायणा हॉस्पिटल
डा. प्रदीप कुमार एम.बी.बी.एस., एम.एस. Retd. ACMO जनरल सर्जन
डॉ. जतिन कुमार एम.बी.बी.एस. एम.डी. जनरल मेडिसिन कन्सलटेंट फिजिशियन एवं क्रिटिकेयर स्पेशलिस्ट
डॉ. जयन्त वर्मा बी.डी.एस., एम.डी.एस. (ओरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
डॉ. राम निवास एम.बी.बी.एस. एम.डी. (एनेस्थेसियोलॉजिस्ट) जटिल एवं गम्भीर रोग विशेषज्ञ
डॉ. राजा गुप्ता जनरल फिजिशियन
डाक्टर्स पैनल
डा. ओमवती एम.बी.बी.एस., डीजीओ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डा. सुजाय मुखर्जी एम.बी.बी.एस., एम.एस. जनरल सर्जन एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डा. आशुतोष कुमार एम.बी.बी.एस., एम.एस. हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
डा. अमन अग्रवाल एम.बी.बी.एस., एम.एस., एम.सी.एच. गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ
डा. कुन्दन कुमार एम.बी.बी.एस., एमसीएच न्यूरो सर्जन
डा. प्रिया सिंह एम.बी.बी.एस. डी.जी.ओ., डी.एन.बी. स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डा. संजय सिंह एम.बी.बी.एस. डी.सी.एच. नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डा. अमित कुमार बी.ए.एम.एस. जनरल फिजिशियन
उपलब्ध सुविधायें :
• सिर एवं चेहरे की समस्त चोट, बुखार, खांसी, मलेरिया, टायफाइड का इलाज। • दिमाग एवं रीढ़ की हड्डी के समस्त प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा। • दूरबीन विधि द्वारा पेट के सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा। • दूरबीन विधि द्वारा गुर्दा (किडनी) एवं मूत्र रोगों के सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा • छोटे चीरे द्वारा हड्डी के समस्त ऑपरेशन एवं जोड़ प्रत्योरापण। • घुटना व कूल्हा बदलने की सुविधा उपलब्ध। • नॉर्मल डिलीवरी व दर्द रहित प्रसव बच्चेदानी के समस्त प्रकार के ऑपरेशन। • बच्चों के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज वेन्टीलेटर, वाईपाइप युक्त आई.सी.यू., एन.आई.सी.यू. • दन्त एवं जबड़े की सभी समस्याओं का विशेष उपचार • आधुनिक उपकरण एवं दर्दरहित तकनीक • मरीज की सुरक्षा एवं स्वच्छता हमारी प्राथमिकता।
नि:शुल्क शिविर 1 मई 2026 से 15 मई 2026 तक नि:शुल्क जॉच एवं परामर्श
डॉ. विवेक कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर
ठाकुर हरीश रावत चेयरमैन
समस्त प्रकार के दूरबीन व चीरे वाले ऑपरेशन की सुविधा
24x7 भर्ती एवं एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध
लाल फाटक शांतिकुंज स्कूल के पास, निकट ओवर ब्रिज, बदायूँ रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं. : 8057953868



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली



MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. ज़हीर उल हसन
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
कन्सलटेंट फिजीशियन
हृदय, शुगर, बी.पी., पेट एवं श्वांस रोग विशेषज्ञ
विभाग : जनरल सर्जरी, आर्थो, यूरोलॉजी, ईएनटी, स्त्री एवं प्रसूति रोग एवं अन्य विभाग
आयुष्मान कार्ड द्वारा ऑपरेशन व इलाज की सुविधा
हेल्पलाइन नम्बर : 7037029092
उम्मीद हॉस्पिटल एवं क्रिटिकल केयर
आईसीआईसीआई बैंक के पास, मिनी बाईपास, कर्मचारी नगर, बरेली

जीवनी बोन & हैल्थ क्लीनिक
स्वास्थ्य शिविर
दिनांक : 14 मई, 2026, समय : 10 बजे से 2 बजे तक
रजिस्ट्रेशन अनिवार्य, शुल्क मात्र रु. 100/-
शिविर मे फ्री जाँचे
• HB • TLC • DLC • Platelets • S. Urea • S.Creatinine • PCV • MCV • MCHC • S.Uric Acid • S.ca • S.Bilirubin • S. Protein • SGOT • SGPT • S.ALP • RBS • BMD • PEFT
डा. विनय गंगवार एम.बी.बी.एस. (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्टस मेडिसिन) हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
डा. आँचल अग्रवाल एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई) कंसल्टेंट फिजिशियन
बाकी सभी जाँचों पर 30% की छूट
सभी प्रकार की दवाओं पर 20% की छूट
शिविर में लाभ उठाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराएँ 6396640323
पता : मॉडल टाउन पुलिस चौकी के पास, स्टेडियम रोड, बरेली

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
NABH PRE ACCREDITED
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

## न्यूज ब्रीफ

### तमंचे के साथ युवक को गिरफ्तार किया

**कैंट, अमृत विचार :** पुलिस ने तमंचे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। नकटिया चौकी इंचार्ज रोहित तोमर व कांस्टेबल रियाज अली, राजीव कुमार गुरुवार देर रात मीट फैक्ट्री के पास गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोहनपुर की ओर से मीट फैक्ट्री की ओर पैदल आ रहा है। उस व्यक्ति के पास तमंचा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शकील उर्फ भूरे पुत्र मुरादी निवासी पीर बहोड़ा थाना इज्जत नगर बताया। पुलिस आरोपी को थाने ले गई। आर्म्स एक्ट की धाराओं में अभियोग दर्ज कर उसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### कार ने ई रिक्शा को मारी टक्कर,दो लोग घायल

**आंवला अमृत विचार :** ग्राम आसपुर निवासी मीना व श्याम प्यारी शुक्रवार को ई रिक्शा से आंवला आ रही थीं। रास्ते में तेज रफ्तार कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में मीना व श्याम प्यारी घायल हो गईं। ग्राम आसपुर निवासी मन्ढे सिंह ने बताया कि हादसा के बाद चालक फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है।

### आत्महत्या मामले में तीन पर रिपोर्ट

**बहेड़ी, अमृत विचार :** गांव सिली जागीर में अखलाक की आत्महत्या के मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। गांव सिली जागीर के अखलाक का शव 14 अप्रैल को गांव के एक खेत में मिला था। मामला आत्महत्या का माना गया था। उस वक्त यह बात भी कही गई थी कि कर्ज के बोझ के चलते उसने आत्महत्या की है। मामले में अखलाक के भाई आफाक ने गांव के ही तीन लोगों पर उसके पिता की जमीन का फर्जी इकरार नामा बनाने और उस जमीन को लेकर अखलाक पर नाजायज दबाव बनाने का आरोप लगाया। उन पर अखलाक को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप भी लगाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जिम व फिटनेस सेंटरों को चेक किया

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** पुलिस महानिरीक्षक के आदेश पर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कस्बे में जिम एवं फिटनेस सेंटरों में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान जिम में लगे कैमरे भी देखे। इसके अलावा जिम संचालकों के साथ बैठक की। थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह चेकिंग अभियान चलाया गया।एस आई मनोहर सिंह, श्वेता तिवारी आदि मौजूद रहे।

### शीतल पेयजल की व्यवस्था की जाए

**संथल, अमृत विचार :** भाजपा नेता विनय चौधरी ने कस्बे में पेयजल और स्वच्छता की समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कस्बे के प्रत्येक वार्ड में ठंडे पानी के लिए फ्रीजर और कूड़ादान लगवाने की मांग की है। कहा कि वार्डों में पर्याप्त कूड़ादान न होने के कारण लोग सड़कों, नालियों और खाली प्लाटों में कूड़ा फेंकने को मजबूर हैं।

## बदहाल सड़क, सिस्टम बेपरवाह



बहेड़ी बाईपास से ट्रक यूनियन को जोड़ने वाली इस सड़क की बदहाली शहर के माथे पर बदनुमा दाग की तरह है। सड़क पर गड्ढे हैं और पत्थर उखड़ कर फैले हुए हैं। गड्ढों में पानी भरा है, जिससे पैदल चलना मुश्किल है, मगर अफसोस नगर पालिका का ध्यान इस ओर नहीं है। सड़क के आसपास रहने वालों के लिए यह मुसीबत से कम नहीं। जनप्रतिनिधियों को भी इस सड़क के बारे में लोगों ने बताया, लेकिन इस ओर गौर नहीं किया गया। नगर पालिका की ईओ को इस सड़क के खस्ता हाल होने की जानकारी है। उन्होंने जेई ( सिविल ) से इसको बनवाने के लिए कहा भी, लेकिन यह सड़क कब बन पाएगी, यह कहना मुश्किल है। ● अमृत विचार

## पंचायत सहायकों ने उठाई मांग, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपते पंचायत सहायक। ● अमृत विचार

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** विकासखंड भदपुरा के पंचायत सहायकों ने शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी कौशल कुमार गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर जनगणना स्व-गणना कार्य में लगाए जाने पर उचित मानदेय देने की मांग की। पंचायत सहायकों का कहना है कि अन्य कर्मचारियों की इस कार्य में ड्यूटी लगाकर उन्हें 25 हजार रुपये तक का भुगतान किया जा रहा है, जबकि पंचायत सहायकों से बिना अतिरिक्त मानदेय के कार्य कराया जा रहा है। ज्ञापन में पंचायत सहायकों ने कहा कि यदि वे इस कार्य को करने के लिए पूर्ण रूप से योग्य और सक्षम हैं तो उनकी भी विधिवत ड्यूटी लगाई जाए तथा अन्य कर्मचारियों की तरह उचित मानदेय प्रदान किया जाए। पंचायत सहायक मोहम्मद शोएब, लवली गंगवार, आकांक्षा, अनु, अमित कुमार, बलराम सिंह, सुमित भारती, हिना, प्रतीक्षा पटेल, वर्षा गंगवार, छाया गंगवार, कपिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# गलियों में तालाब का पानी, मुश्किल में जिंदगानी

## भोजपुर में आबादी के बीच 25 फुट गहरा तालाब बना आफत, 60 से 70 घरों में घुसा गंदा पानी, आवाजाही में हो रही परेशानी

संवाददाता, भमोरा

**अमृत विचार :** विकासखंड आलमपुर जाफराबाद की ग्राम पंचायत भोजपुर में गांव के बीच स्थित करीब 25 फुट गहरा तालाब ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है। पानी निकासी की व्यवस्था न होने से तालाब ओवरफ्लो रहता है। बारिश होने पर हालात और खराब हो जाते हैं। गंदा पानी करीब 60 से 70 घरों में भर जाता है।

गुरुवार को हुई बारिश के बाद एक बार फिर तालाब का पानी गांव की गलियों और घरों तक पहुंच गया, जिससे ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो गया। जलभराव और गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सबसे अधिक परेशानी बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है।ग्राम प्रधान राजेश्वरी देवी ने बताया कि तालाब काफी गहरा होने के कारण बच्चों के डूबने का खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि पूर्व में एक बच्ची की तालाब में डूबने से मौत भी हो चुकी है। कई बार अधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग की गई, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया।



गांव भोजपुर में गलियों में भरा गंदा पानी। ● अमृत विचार

ग्रामीण कुसुम देवी ने बताया कि बारिश होते ही घरों के अंदर तक गंदा पानी भर जाता है, जिससे परिवारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं किशोरी देवी और कैकई देवी ने बताया कि जलभराव और बदबू के कारण गांव में बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। बच्चों को घर से बाहर निकालना भी मुश्किल हो जाता है।

ग्रामीण सुधांशु ने बताया कि तालाब की समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने तालाब से पानी निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है। खंड विकास अधिकारी आलमपुर जाफराबाद हर्षेन्द्र कुमार ने बताया कि उन्होंने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया है। गांव के बीच स्थित तालाब में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से समस्या उत्पन्न हो रही है। जल्द ही समस्या के समाधान के लिए जरूरी कार्रवाई कराई जाएगी।

### औरंगाबाद की गलियों में कीचड़, लोग परेशान

**सिरौली, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत पल्था के मजरा औरंगाबाद की गलियों में कीचड़ पसरी हुई है। इसकी वजह से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार गलियों में कीचड़ के कारण आवाजाही में दिक्कत होती है। स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। बेहतर सफाई के दावे दम तोड़ रहे हैं। नालियां गंदगी से चोक हैं। गंदा पानी सड़कों बह रहा है। आए दिन राहगीर फिसलकर गिर रहे हैं, जिससे न केवल उनके कपड़े खराब हो रहे हैं बल्कि गंभीर चोटें भी लग रही हैं।



### प्रभावी कक्षा प्रबंधन का महत्व बताया

**मीरगंज, अमृत विचार :** बीडीएम पब्लिक स्कूल में क्लासरूम मैनेजमेंट एवं डिफरेंशिएटेड लर्निंग टेक्नोलॉजीज विषय पर सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ विद्यालय के निदेशक सीबीएसई रिसोर्स पर्सन व प्रधानाचार्या ने किया। सीबीएसई रिसोर्स पर्सन शिवा शर्मा ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को शिक्षण में समर्पण व प्रभावी कक्षा प्रबंधन के महत्व से अवगत कराया। निदेशक अचल मिश्रा ने कहा कि सीबीएसई विद्यालयों में इस प्रकार की सार्थक कार्यशालाओं का आयोजन शिक्षकों के कौशल विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रधानाचार्या डॉ. चारू खन्ना ने भी विचार रखे। संचालन जेडए खान ने किया। समापन पर सभी शिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रधानाचार्या ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार जताया।

## स्वगणना की बारीकियां बताईं

**शेरगढ़, अमृत विचार :** बीआरसी केंद्र डेलपुर में स्वगणना को लेकर जागरूकता बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार भारती ने कहा कि शिक्षक ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों को स्वगणना के लिए प्रेरित करें। स्वगणना कराने में स्वयं भी सहयोगी की भूमिका निभाएं। उन्होंने शिक्षकों को स्वगणना की बारीकियां समझाईं। कहा कि जनगणना जैसे अति महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम में सभी की सहभागिता जरूरी है। एआरपी शिखा भारतीय, शिव स्वरूप शर्मा,कांता प्रसाद गंगवार,सरल कुमार त्रिवेदी,कमलेश आर्य, मीनाक्षी तिक्खा, प्रसून गंगवार, राजीव शर्मा, जयपाल श्रीवास्तव, रेहाना बेगम, जुल्फिकार अहमद, रजनीश गंगवार, ओम सक्सेना, मोहसिन खान, वैशाली सिंह,



बीआरसी केंद्र डेलपुर में बैठक में मौजूद शिक्षक व अन्य। ● अमृत विचार

### स्वगणना पर प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** स्वगणना को लेकर ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों और रोजगार सहायकों का प्रशिक्षण हुआ। जिसमें स्वगणना का प्रचार प्रसार करने को कहा गया। कार्यक्रम में बताया गया कि नागरिक अपने मोबाइल या कंप्यूटर के जरिए पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर से पंजीकरण कर ओटीपी प्राप्त करेंगे। अपने परिवार की जानकारी भरेंगे। पोर्टल 21 मई तक ओपन रहेगा। ब्लॉक प्रमुख पति रवि शंकर गंगवार, प्रधान संघ के राम प्रताप गंगवार आदि मौजूद रहे।



### शक्ति केंद्र स्तर पर बूथ अध्यक्षों की होगी बैठक

**क्योलड़िया/ भदपुरा, अमृत विचार :** भाजपा बूथ समिति सत्यापन अभियान चला रही है। इसके तहत सुंदरी मंडल के गांव मुड़िया चौधरी के सचिवालय में बैठक हुई। भाजपा जिला महामंत्री वीरपाल गंगवार ने कहा कि बूथ समिति का सत्यापन संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि शक्ति केंद्र स्तर पर बूथ अध्यक्षों की बैठक आयोजित की जाएगी और प्रत्येक बूथ पर समिति के साथ बैठक कर सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। विधायक डॉ. एमपी आर्य ने कहा कि शक्ति केंद्र के पदाधिकारी लगातार बूथ समितियों के संपर्क में रहें और अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएं। ग्राम प्रधान वेदपाल कनौजिया, जयदीप सिंह, रमेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### ऑपरेशन सिंदूर : वीर सैनिकों के शौर्य और बलिदान को नमन किया

**रिठौरा, अमृत विचार :** राजश्री इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में एनसीसी कैडेट ने ऑपरेशन संदूर की प्रथम वर्षगांठ मनाई। कार्यक्रम का उद्देश्य देश की रक्षा में योगदान देने वाले वीर सैनिकों के शौर्य और बलिदान को नमन करना था। निदेशक प्रो . डॉ पंकज कुमार शर्मा ने कैडेट्स को अनुशासन, साहस, समर्पण और अपने काम के प्रति ईमानदार रहने सीख दी। क्रेडिट स्कोर ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। संस्थान के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि एनसीसी युवाओं में देशभक्ति और नेतृत्व की भावना जागृत करने का एक सशक्त माध्यम है। अंत में झंडा रोहण किया गया। सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का आयोजन हुआ।



### भागवत कथा के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा



**देवरनियां, अमृत विचार :** ब्लाक दमखोदा गांव बहादुरगंज ऊंचा में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर ग्रामीणों ने कलश यात्रा निकाली। महिलाएं एवं किशोरियां नदी से जल भरकर शिवराम मंदिर कथा स्थल पर पहुंचीं और विधि विधान से कथा का शुभारंभ हुआ। कथा वाचक शास्त्री गुलशन किशोर ने बताया कि भागवत कथा नौ दिन तक चलेगी। इस दौरान भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया जाएगा। प्रथम दिन कथा स्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ देखने को मिली।

### क्रिकेट टूर्नामेंट का मंत्री ने किया उद्घाटन



**सिरौली, अमृत विचार :** पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने शुक्रवार को ग्राम धनौरा गौरी में क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। टीमों का ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। मंत्री ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, एकता और संघर्ष की सीख देता है। ऐसे आयोजन छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का सबसे उपयुक्त मंच हैं। दर्शकों की भीड़ के बीच खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रभाकर शर्मा, पुष्पेंद्र, गौरव पांडे आदि मौजूद रहे।

## रेनू शर्मा के सिर सजा मदर ऑफ द डे का ताज

**बहेड़ी, अमृत विचार :** मिशन एकेडमी में मदर्स डे धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यकम पेश किए, तो वहीं माताओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। रेनू शर्मा के सिर मदर ऑफ द डे का ताज सजा। कार्यक्रम का उद्घाटन एकेडमी के मैनेजर एमएस गंगवार और मनेजिंग डायरेक्टर शेखर गंगवार ने किया। बच्चों ने साबरी-साबरी तेरी खुटा की झांवरी...पहाड़ी लोक नृत्य पेश किया। ये तो सच है कि भगवान है... गीत पर कक्षा 8 के छात्रों ने नृत्य की प्रस्तुति दी।

माताओं ने डस्पोजल विद कलर्स और पेंसिल्स विद बेंगिल्स आदि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में रेनू शर्मा पहले और उर्मिला देवी दूसरे स्थान पर रहीं। प्रबंधक एम एस गंगवार ने माता को इस संसार की निर्माता और प्रथम गुरु बताया। एमडी शेखर गंगवार ने कहा कि मां की महिमा का वर्णन शब्दों में करना असम्भव है। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर वैभव अग्रवाल ने मातृत्व प्रेम पर चर्चा करते हुए उसकी दूसरी कोई मिसाल न मिलने की बात कही। प्रिंसिपल चंद्र शेखर गंगवार ने आभार जताया। विद्यालय की कोषाध्यक्ष पूनम गंगवार, प्रशासक आदेश गंगवार, बाबू राम गंगवार, स्वाति गंगवार, रोशनी गंगवार आदि मौजूद रहे। आयोजन में इंद्रा प्रकाश व रीता पाण्डेय का योगदान रहा।



रेनू शर्मा को सम्मानित किया गया।

● मिशन एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया मदर्स डे

### मुख्य मार्ग पर खड़े ट्रकों व भारी वाहनों को हटवाया

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** राज्य राजमार्गों पर अंधेरे में सड़क किनारे खड़े भारी वाहन हादसे का सबब बन रहे हैं। मुख्य मार्ग पर बेतरतीब खड़े इन वाहनों से पीछे से टकराने वाली दुर्घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। इन जानलेवा हादसों पर अंकुश लगाने के लिए डीएम व पुलिस अधीक्षक यातायात के निर्देशन में शुक्रवार रात क्लीन स्वीप अभियान चलाया गया।

उत्तर प्रदेश स्टेट हाईवे के स्वतंत्र अभियंता संदीप यादव के नेतृत्व में बरेली-नैनीताल मार्ग का सघन निरीक्षण किया गया। टोल प्लाजा की पेट्रोलिंग टीम के साथ मिलकर मुख्य मार्ग पर खड़े ट्रकों और अन्य भारी वाहनों को तत्काल प्रभाव से हटवाया गया। अभियान का उद्देश्य उन ब्लैक स्पॉट को सुरक्षित करना था, जहां अक्सर वाहन चालक खड़े ट्रकों को देख नहीं पाते और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। सड़क सुरक्षा केवल वाहन हटाने तक सीमित नहीं रही, बल्कि राहत कार्यों की तैयारी को भी जांचा गया।

## शिक्षा मित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत



प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**मीरगंज/ फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार शुक्ला का बिजनौर से लौटते समय शुक्रवार को धनेटा फाटक पर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर संगठन के जिला महामंत्री कुमुद केशव पांडे की अगुवाई में अनेक शिक्षामित्र और ब्लॉक अध्यक्ष उपस्थित रहे।

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि सरकार हमारे भविष्य के प्रति बहुत ही संवेदनशील है। हमें संयम पूर्वक सरकार के साथ रहने की आवश्यकता है। ब्लॉक अध्यक्ष मीरगंज आसिम हुसैन, यूसुफ खान,राजेश गंगवार, शीशुपाल सिंह, हरीश, दिनेश गंगवार, दीनानाथ, हरीश शर्मा, फरजंद अली, महेश गंगवार, यासीन,गिरीश पाल, वीरेंद्र गंगवार, प्रदीप गंगवार, दीनानाथ वर्मा, रामसेवक पाल, मनीराम राजपूत, जयपाल, कपिल यादव, संजीव गंगवार, सतीश चंद्र गंगवार, मोहम्मद यूनुस अंसारी, दौलत राम, मेधांश यादव आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दून एक्सप्रेस से गिरकर डांसर की मौत

रामपुर, अमृत विचार : रामपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या दो पर गुरुवार देर रात दून एक्सप्रेस में चढ़ते समय दानिश की ट्रेन से गिरकर मृत्यु हो गई। हादसे में उनका शरीर दो हिस्सों में बंट गया। सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बाद में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। थाना गंज स्थित फूलों वाली बगिया निवासी दानिश बरेली में एक डांस पार्टी कार्यक्रम में जा रहे थे। वह डांस पार्टी में काम करके परिवार का पालन-पोषण करते थे। परिजनों ने बताया कि दानिश दो भाइयों थे, जिनमें से एक भाई मानसिक रूप से बीमार है। उनके परिवार में पत्नी और चार बेटियां हैं। एक बहन कहकशा की जिम्मेदारी भी दानिश पर थी। बिट्टन खान के अनुसार दानिश की चार बहनें हैं, जिनमें से एक अविवाहित है। परिवार का पूरा खर्च दानिश ही उठाते थे। जीआरपी थाना प्रभारी ईश्वर चंद ने बताया कि दानिश ट्रेन में चढ़ते समय अचानक नीचे गिर गए, जिससे मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई।

### पुलिस चौकी पर एक ही दिन में हुए दो प्रेम विवाह

रामपुर अमृत विचार : सैदनगर अजीमनगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली खौद चोकी पर शुक्रवार को एक ही दिन में दो अलग-अलग प्रेम प्रसंगों का सुखद अंत हुआ। पुलिस की मौजूदगी में फेरे हुए और शादी के बाद दो प्रेमी जोड़े एक दूसरे के हो गए। पहला मामला खौद के मझरा निवासी एक युवती का है, जिसका काफी समय से उत्तराखंड के गदरपुर निवासी एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों के परिजनों के बीच सहमति बनने के बाद चौकी परिसर में ही उनकी शादी की रस्में पूरी कराई गईं। दूसरा मामला लाइनमैन और युवती का पुराना इश्क वहीं, दूसरा मामला क्षेत्र के ही खिजरपुर की एक युवती और बजाबला निवासी युवक का है। युवक खौद बिजली घर में संविदा पर लाइनमैन के रूप में कार्यरत है। बताया जा रहा है कि यह खौद बिजली घर पर प्रेमी जोड़ा 6 महीने पहले भी घर से युवती को लेकर फरार हो गया था। आखिरकार पुलिस की मध्यस्थता में इस प्रेमी युगल ने भी खौद चौकी में चर्च में शादी रचाई। एक ही दिन में दो शादियों का गवाह बनने के कारण खौद चौकी दिनभर चर्चा का केंद्र बनी रही।

# बूंदीभूड़ बवाल : 43 नामजद और 15 अज्ञात पर रिपोर्ट

संवाददाता, पीलीभीत/माधोटांडा

अमृत विचार : बूंदीभूड़ गांव में शराब की दुकान खुलवाने के लिए पहुंची प्रशासन, आबकारी और पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में कानूनी शिकंजा कसा गया। आबकारी निरीक्षक की ओर से माधोटांडा थाने में तहरीर दी गई। जिसके आधार पर 43 नामजद और 15 अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला करने समेत अन्य संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। हालांकि दूसरे दिन भी अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस बल की ड्यूटी भी गांव में नहीं लगाई गई है। पुलिस विरोध प्रदर्शन के नाम पर भीड़ को उकसाने वालों का भी पता लगाने में जुटी है। फिलहाल दूसरे दिन भी घटना से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहे।



दुकान के बाहर तोड़ी गई बीयर और शराब की बोतलों का मलबा। ● अमृत विचार

> आबकारी निरीक्षक की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर 43 नामजद और 10-15 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। विवेचना कर आगे की कार्रवाई कराई जा रही है। सभी बिंदुओं पर जांच चल रही है, खुराफात करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।
> – डॉ. प्रतीक दहिया, सीओ पूरनपुर

आबकारी निरीक्षक दीपक कुमार ने माधोटांडा थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 9 अप्रैल को नवसृजित देसी व कंपोजिट मंदिरा दुकान बूंदीभूड़ का आवंटन डीएम की अध्यक्षता में ई-लॉटरी के माध्यम से किया गया था। देसी मंदिरा दुकान का आवंटन जगवती देची पत्नी बुलाकीराम और कंपोजिट मदिरा दुकान का आवंटन सुनील कुमार मिश्रा के नाम पर हुआ था। दोनों अनुज्ञापियों द्वारा ग्राम बूंदीभूड़ में लालदेव यादव के मकान में बनी दो दुकानें चिन्हित कर दुकान खुलवाई जानी थी। मगर, 9 अप्रैल को ही ग्रामीणों द्वारा दुकान खोलने का विरोध कर दिया था। इसे देखते हुए समय-समय पर आबकारी विभाग, एसडीएम कलीनगर , तहसीलदार, नायब तहसीलदार, इंस्पेक्टर माधोटांडा आदि के साथ मिलकर समझाने का प्रयास किया जा रहा था। 7 मई को पुनः एसडीएम कलीनगर प्रमेश कुमार, तहसीलदार वीरेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार अक्षय कुमार, राजस्व निरीक्षक राजेश कुमार, लेखपल वेदप्रकाश, सीओ पूरनपुर डॉ. प्रतीक दहिया, जिला आबकारी अधिकारी कल्पनाथ रजक, इंस्पेक्टर माधोटांडा अशोकपाल, महिला थाना प्रभारी रीता सिंह पुलिस बल के साथ संयुक्त टीम लेकर गांव पहुंचे। आक्रोशित महिलाओं को समझाने का प्रयास किया जा रहा था, तभी लाठी डंडे से हमला कर दिया। पथराव भी किया गया। दुकान के भीतर रखी शराब व बीयर की पेटियां बाहर निकालकर सड़क पर फेंक तोड़ दी गई।

शांतिपूर्ण तरीके से रोकना चाहा तो जान से मारने कीनियत से हमलावर हो गए। असमान्य स्थिति और जनहानि से बचने के लिए टीम ने वापस होना उचित समझा। मय फोर्स के जब वापस हो रहे थे तभी पुनः हमला किया गया। इसमें तहसीलदार वीरेंद्र कुमार, संविदा वाहन चालक रघुवीर के चोटें आई। एक बस और दो चार पहिया गाड़ी भी तोड़ दी। पुलिस ने मामले में तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2), 191(3), 109, 121(2), 324(4), 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की है। वहीं, घायलों का इलाज कराया जा रहा है।

# सीएम को बम से उड़ाने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, जलालाबाद

● शादी टूट जाने पर होने वाले साले को फंसाने के लिए रचा था षड्यंत्र

अमृत विचार : प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को बम से उड़ाने की धमकी के आरोप में प्रयागराज पुलिस एक संविदा सफाई कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया और अपने साथ ले गयी है। आरोपी ने अपने होने वाले साले को फंसाने के लिए सोशल मीडिया पर धमकी दी थी।



नितेश।

जलालाबाद थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी नितेश कटियार नगर पंचायत में संविदा सफाई कर्मचारी है। उसकी शादी प्रयागराज में एक आनलाइन वेबसाइट के जरिये तय हुई थी। उसकी सगाई हो गयी थी, लेकिन बाद में अनबन के चलते लड़की पक्ष ने शादी करने से इंकार कर दिया था। इस बात से नितेश ने बदला लेने की ठान ली थी। इस दौरान उसका लड़की के भाई पवन चौरसिया से विवाद हो गया था। आरोपी नितेश ने होने वाले साले को फंसाने के लिए योजना बनाई।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना : ओ०टी०-09-2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं०: ओटी-09-2026,** कार्य का विवरण : गोमतीनगर स्टेशन/यार्ड में प्रस्तावित 03 नम्बर नये स्टैबलिंग लाईन के विद्युतीकरण कार्यों का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण एवं संस्थापन का कार्य। अनुमानित लागत : रू. 18458078.73, बयाना राशि : रू. 369200.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य - निल, कार्य पूर्ण करने की अवधि - 12 महीना, निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय - 29.05.2026 को 15:00 बजे (भारतीय समयानुसार)।

नोट : ● इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाईट http://www.ireps.gov.in को देखें। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

**उप मुख्य विद्युत इंजी०/निर्माण, लखनऊ**

**मुजाधि/विद्युत – 36**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# खेत में काम कर रहे पांच किसानों पर तेंदुए का हमला

## गजरौला क्षेत्र के ग्राम दियूरा में हुई घटना, ग्रामीणों ने दबोचकर बांधा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : गजरौला क्षेत्र के ग्राम दियूरा में शुक्रवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गन्ने के खेत में कीटनाशक का छिड़काव कर रहे किसानों पर तेंदुए ने हमला बोल दिया। हमले में पांच ग्रामीण घायल हो गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने तेंदुए की घेराबंदी करते हुए दबोच कर अंगौछे से पैर बांध दिए। इधर सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने आक्रोशित ग्रामीणों के बीच घिरे तेंदुआ को सुरक्षित रेस्क्यू कर कर लिया।

घटना शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे गांव दियूरा से करीब 400 मीटर हुई। गांव निवासी तोताराम गांव के ही अंकित उर्फ प्रियांशु, धर्मपाल, धर्मेंद्र उर्फ सोनू और गुरुलाल के साथ गन्ने के खेत में कीटनाशक का छिड़काव कर रहे थे। इसी बीच झाड़ियों से निकले तेंदुए ने अंकित और धर्मेंद्र पर हमला कर दिया। दोनों के हाथ में चोटें आईं। चीख-पुकार सुनकर उन्हें बचाने दौड़े अन्य साथियों पर भी तेंदुआ हमलावर हो गया। हमले में तोताराम, गुरुलाल और धर्मपाल भी मामूली रूप से जख्मी हो गए। वन विभाग की टीम के पहुंचने से पहले आक्रोशित ग्रामीणों ने खेत की घेराबंदी कर तेंदुए को दबोच लिया और उसके पैर अंगोछे से बांध दिए। सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वनकर्मियों ने पुलिस की मौजूदगी में सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया और उसे वाहन से लेकर माला रेंज से रेस्टहाउस ले आई। जहां उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है।



● ● वनकर्मियों ने तेंदुए को रेस्क्यू कर रेस्टहाउस में किया स्वास्थ्य परीक्षण

> घटना की जानकारी मिलने पर टीम ने पहुंचकर तेंदुए का रेस्क्यू किया है। माला रेंज में तेंदुए का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर तेंदुए को छोड़ने का निर्णय लिया जाएगा। पूरे घटनाक्रम की जांच कराई जा रही है। – भरत कुमार डीके, डीएफओ, वन एवं वन्यजीव प्रभाग

# नसीमुद्दीन ने भाजपा सरकार की नीतियों पर बोला हमला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया। कहा कि प्रदेश में गंगा-जमुनी तहजीब को नुकसान पहुंचाया गया है और समाज में खाई पैदा की गई है। भाजपा शासित राज्यों से अधिकारियों को चुनाव प्रभावित करने के लिए भेजा गया। वहीं चुनाव आयोग को भाजपा की कठपुतली बताया। यह बातें सपा नेता नसीमउद्दीन सिद्दीकी ने रामगंगा विहार स्थित एक बैंक्वेट हाल में पत्रकारों से बातचीत में कही। कार्यकर्ताओं के प्रत्याशी चुनने की बात वह भड़क उठे और कार्यकर्ता को खरी-खोटी सुनाई। इससे पहले उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

रामगंगा विहार स्थित एक बैंक्वेट हॉल में नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने 'मिशन 2027' का जिक्र करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए के बलबूते सत्ता में वापसी करेगी। उन्होंने घोषणा की कि सपा सरकार बनने पर महिलाओं को 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी तथा उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। आरोप लगाया कि प्रदेश में जो भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाता है, उसके घर बुलडोजर चलवा दिया जाता है। उन्होंने तंज कसा कि मेरे घर बुलडोजर नहीं चला सकते, क्योंकि मेरे घर के चारों तरफ आर्मी के आवास हैं। उन्होंने भाजपा सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी और अपराध बढ़ाने का आरोप लगाया।

उन्होंने दावा किया कि समाजवादी पार्टी पूरे प्रदेश में भाईचारा मजबूत करने के लिए अभियान चला रही है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों पर सवाल उठाते हुए भाजपा पर चुनाव में गड़बड़ी कराने का आरोप लगाया। प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा आगामी चुनाव के प्रत्याशी को लेकर सवाल पूछे जाने पर नसीमुद्दीन सिद्दीकी नाराज भी दिखाई दिए।

# बाइक सवार बोलेरो से भिड़ा, मौके पर हुई मौत

विजय नगला, अमृत विचार : यातायात पुलिस को देखकर भाग रही बोलेरो और बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर परिजन चीत्कार करते पहुंचे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

**कार्यालय बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली।**

**विज्ञप्ति का प्रारूप**

"सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रूचि नेमानी पत्नी श्री रवि कान्त 'नेमानी एवं रवि कान्त नेमानी पुत्र श्री हरे कृष्ण नेमानी पता-201 / 9 डॉक्टर्स कालोनी सिविल लाईस कैंट जिला-बरेली द्वारा निर्माण स्थल-भूखण्ड संख्या-19 श्रेणी-डी-1 रामगंगा नगर आवासीय योजना के सेक्टर-6 जिला - बरेली क्षेत्रफल - 995 .608वर्गमी0 भूमि पर मूल भूखण्ड संख्या-19 श्रेणी-डी-1 का उप विभाजन करने हेतु भवन निर्माण की स्वीकृति हेतु ऑन लाइन मैप नम्बर- बी0डी0ए0 / सबडिविजन / 25-26 / 0988 प्रस्तुत किया गया है। प्रश्नगत भूखण्ड प्राधिकरण की स्वीकृति कालोनी का आवासीय प्लाट है। यहाँ यह भी अवगत कराना है, कि आवेदक द्वारा उक्त प्रस्ताव की भूमि आवासीय उपयोग हेतु क्रय की गयी है। उत्तर प्रदेश के विकास प्राधिकरणों हेतु मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा आदर्श (मॉडल) जोनिंग रेगुलेशन-2025 के अध्याय-3 के प्रस्तर 3.1.1.4 के उप प्रस्तर-3.1.1.4.1 के अनुसार "सबडिविजन" अनुमन्य किया गया है। आवेदक द्वारा उपरोक्तानुसार सबडिविजन हेतु भूखण्ड संख्या-19 श्रेणी - डी - 1 का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। क्यूंकि प्रश्नगत भूखण्ड प्राधिकरण द्वारा विकसित कालोनी का भूखण्ड है, जिसमें मूल भूखण्ड का उपविभाजन करते हुए प्रस्तावना दी गयी है। अतएव उक्त के क्रम में जन-सामान्य को कोई आपत्ति / सुझाव देने है, तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर प्राधिकरण मानचित्र लिपिक को प्राप्त करा सकते है । नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति / सुझाव को स्वीकार नही किया जायेगा ।"

**उपाध्यक्ष**
**बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली**

# टोल प्लाजा पर भाकियू नेताओं का हंगामा, रिपोर्ट

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार: चंदौसी रोड पर बने इब्राहिमपुर टोल प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के पदाधिकारियों ने जमकर हंगामा किया। टोल मैनेजर ने कर्मियों के साथ गाली गलौज, फोन और नगदी छीनने, जाति सूचक शब्द बोलने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कुछ पदाधिकारियों को पुलिस ने हिरासत में भी ले लिया है।

हरियाणा के रेवाड़ी निवासी सोनू यादव ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह इब्राहिमपुर टोल प्लाजा पर मैनेजर है। बताया कि 8 मई की दोपहर टोल पर 4 से 5 गाड़ियां रुकीं, गाड़ियों पर महात्मा टिकैत लिखा हुआ था। जिसमें कुवंरपाल यादव पुत्र जालम सिंह निवासी नांगलिया माजरा कोहरे थाना गुन्नौर जनपद संभल अपने आप को किसान यूनियन महात्मा टिकैत का जिला अध्यक्ष बता रहे थे, उनके साथ रविंद्र कुमार, नज्मे आलम, शिवराज सिंह, वीरेश कुमार के साथ 15 से 20 अज्ञात लोग लाठी डंडे लेकर टोल प्लाजा पर आ गए। इस समय टोल पर विपिन सुपरवाइजर उर्मिला सुपरवाइजर श्वेता टीसी और अन्य कर्मचारी मौजूद थे। आरोप है कि जैसे ही यह लोग टोल पर पहुंचे तभी कर्मचारियों के साथ गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी और टोल को फ्री कर दिया । जिससे वहां बिना टोल टैक्स दिए निकलने शुरू हो गए, टोल पर शोर-शराबा सुनकर जब वह खुद उनके पास पहुंचे तो उन्होंने मेरे साथ भी गाली गलौज और धक्का मुक्की शुरू कर दी।

# लालपुर बस्तौर ब्रास फैक्ट्री में लगी आग

मैनाठेर अमृत विचार: थाना क्षेत्र के गांव लालपुर बस्तौर में स्थित आर्ट ऑफ ब्रास फैक्ट्री में शुक्रवार कि सुबह अचानक आग लग गयी। जिससे आसपास स्थान में अफरा-तफरी मच गई। आग की तेज लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई देने लगा। घटना की सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और थाना प्रभारी किरनपाल सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

आग लगने की सूचना क्षेत्र अधिकारी बिलारी अशोक कुमार को दी वह भी मौके पर पहुंचे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में चार दमकल गाड़ियों को लगाया गया। अग्निशमन कर्मियों ने लगातार पानी की बौछार की और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं फायर विभाग की तत्परता से आग को अन्य हिस्सों तक फैलने से रोक लिया गया।

# रंगदारी मांगने के 'बाबा गैंग' के 6 आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, संभल
बहजोई

अमृत विचार : पुलिस ने रंगदारी मांगने वाले बाबा गिरोह के छह सदस्यों को घेराबंदी करके गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक व्यक्ति से एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से कार और तमंचे बरामद किए हैं। पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया। आरोपी सोशल मीडिया पर गिरोह का नेटवर्क बनाकर दहशत फैलाते हैं। पकड़े गए आरोपियों को लेकर शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार ने प्रेसवार्ता की।

एएसपी ने बताया कि आरोपी अंकित उर्फ दीपेंद्र, अवेधश उनके साथी प्रिंस, कुलदीप जडेजा, अमन शर्मा और सुरेंद्र ने थाना जूनावाई के गांव दफ्तरा हिमांचल निवासी रामपाल से 3 मई को एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। रुपये न देने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। रामपाल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस और एसओजी ने गुरुवार रात शनिवार बाजार से सराय ब्राह्मण जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी कर दो आरोपी अंकित उर्फ दीपेंद्र और अवधेश को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने गैंग से जुड़े चार अन्य आरोपियों प्रिंस, कुलदीप जडेजा, अमन शर्मा और सुरेंद्र को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपों ने बताया कि वे लोग बाबा गैंग नाम से सोशल मीडिया पर ग्रुप चलाते हैं और लोगों को डरा धमकाकर पैसे वसूलने का काम करते हैं।

# कुत्तों के झुंड ने बच्चे पर किया हमला, गंभीर

ठाकुरद्वारा अमृत विचार : क्षेत्र के गांव तुमरिया कला निवासी जुल्फिकार अपनी पत्नी और पांच वर्षीय बेटे अहरान के साथ गांव फरीदनगर स्थित अपने बीमार साढू का हालचाल जानने आए थे। घर के अंदर बड़े लोग बातचीत में मशगूल थे, जबकि मासूम अहरान परिवार के अन्य बच्चों के साथ खेलते हुए घर से बाहर निकल गया।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर**

पत्रांक : 1924 / 12ए दिनांक: 25 / 04 / 2026

**ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 शाहजहाँपुर के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑनलाइन ई-निविदा दिनांक 11.05.2026 से दिनांक 16.05.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 16.05.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0) | बिड सिक्युरिटी (लाख रू0) | टेण्डर फीस व स्टेशनरी चार्ज+जी0एस0टी0 | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | न्यायालय मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण के संचालन हेतु अस्थाई रूप से कलेक्ट्रट परिसर में मुख्य गेट के समीप आवंटित भवन हेतु आवश्यक उपकरण, संसाधन एवं फर्नीचर आदि उपलब्ध कराये जाने तथा आधारभूत परिवर्तन आदि किये जाने का कार्य। (वित्तीय वर्ष 2026-27) | 19.70 | 1.97 | रू0 944.00 | 06 माह | (ए,बी,सी,डी) भवन कार्य |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 250960 दिनांक: 07/05/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(महेन्द्र कुमार पाल)
अधिशासी अभियन्ता

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दो भाइयों की मौत

संवाददाता, जलालाबाद/शाहजहांपुर

अमृत विचार : गंगा एक्सप्रेस वे पर कलेक्टरगंज गांव के सामने ट्रक ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दोनों भाइयों की मौत हो गई। चालक ट्रक लेकर भागा तो पुलिस ने पीछा करके ट्रक को पकड़ लिया। इस दौरान लोगों की घटना स्थल पर भीड़ लग गई। दोनों भाई पिकअप खरीदने शहर जा रहे थे। सीओ और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे।

कलान थाना क्षेत्र के गांव लखनपुर निवासी 40 वर्षीय भूपेंद्र यादव और उसका छोटा भाई 35 वर्षीय गिरीश यादव शहर में पिकअप वाहन खरीदने के लिए शुक्रवार को बाइक से घर से निकले थे। दोपहर एक बजे गंगा एक्सप्रेस वे पर कलक्टरगंज गांव के सामने पीछे से ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों भाई बाइक से सड़क गिर गए और ट्रक दोनों को दबाता हुआ निकल गया। दोनों भाई घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायल भाइयों को सीएचसी पर भेज दिया। जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।



भूपेंद्र यादव।



गिरीश यादव।

● पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

इधर, लोगों ने शोर मचाया तो पुलिस ने बाइक से ट्रक का पीछा करके 10 किमी की दूरी पर चालक और ट्रक को पकड़ लिया। पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। घटना की सूचना पर सीओ अजय कुमार राय मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मृतक दोनों भाइयों के परिवार वालों को सूचना दी। परिवार वाले सीएचसी पर पहुंच गए और रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने दोनों भाइयों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए है।

### घायल युवक की इलाज के दौरान जान गई

शाहजहांपुर, अमृत विचार : पुवायां रोड पर चककन्हऊ गांव के सामने दो बाइकों की आमने-सामने पांच दिन पूर्व टक्कर हो गयी थी। घायल युवक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी। सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी अजय राठौर अपनी पत्नी और बेटी के साथ बाइक 24 अप्रैल की शाम पुवायां में बारात में रिश्तेदारी में जा रहे थे। चककन्हऊ गांव के सामने उनकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई, जिससे अजय राठौर की मौत हो गयी थी, जबकि दूसरी बाइक पर सवार रोहित निवासी नगला लाहौर थाना सिंधौली घायल हो गए थे।उनको मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। गुरुवार को इलाज के दौरान रोहित की मौत हो गयी। मृतक रोहित अपने दो तीन भाइयों में छोटा था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रैक्टर ट्राली से टकराई बाइक, दो लोगों की मौत

बीसलपुर अमृत विचार : नगर के मोहल्ला दुबे निवासी तीन मित्र बाइक पर सवार होकर शुक्रवार रात लगभग 8 :15 बजे बेनीपुर मार्ग मंदिर के दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दो युवकों की मौके पर ही अमृत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। नगर के मोहल्ला दुबे निवासी सुमित उर्फ आलोक पुत्र सनोज कुमार मोहल्ला दुबे अपने साथी आशीष पुत्र राजकुमार और सौरभ पुत्र प्रमोद कुमार के साथ एक बाइक पर सवार होकर बीसलपुर रामलीला मार्ग से बेनीपुर मार्ग पर स्थित ग्राम भसूडा पुलिया के पास स्थित मंदिर पर दर्शन करने जा रहे थे। सुमित उर्फ आलोक बाइक चला रहे थे । उनकी बाइक जैसे ही भसुडा पुलिया वाले चौराहे पर पहुंची , ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी टक्कर मार दी। तीनों बाइक सवार घायल हो गए। सुमित उर्फ आलोक, सौरभ पुत्र प्रमोद की मौत हो गई जबकि आशीष घायल हो गया। घायल को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद बरेली रेफर किया है। सूचना पर कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लिया। इधर युवकों के घर पर उनकी मौत की सूचना पहुंचते ही परिवार के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आ गए और रोकर बुरा हाल रहा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पिकअप खरीदने की जगह मौत की खबर मिली

परिवार वालों ने कहा कि पिकअप खरीद लेना तो फोन पर खबर कर देना। परिवार वालों को पिकअप खरीदने की खबर न मिलकर, बल्कि फोन पर दोनों भाइयों के मरने की खबर मिली। मृतक भूपेंद्र यादव अपने पीछे पत्नी मंजू देवी, बेटा प्रियांशु और दिव्यांशु छोड़ गया है। मृतक गिरीश यादव अपनी पत्नी रीमा देवी, बेटा प्रशांत छोड़ गया है। एक ही परिवार में दोनों भाइयों की मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**राष्ट्रीय जल प्रबन्ध योजना**
**शारदा नहर खण्ड, शाहजहाँपुर**

ई-निविदा सूचना सं0-01 / अधि0अभि0 / 2026-27
(ई-टेंडरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यो की निविदा)

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से निविदा, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ0प्र0 में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म से दिनांक 18.05.2026 को पूर्वान्ह 10.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 18.05.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे मुख्य अभियन्ता(शारदा) द्वारा गठित समिति के समक्ष कार्यालय अधिशासी अभियन्ता राष्ट्रीय जल प्रबन्ध योजना, शारदा नहर खण्ड, शाहजहाँपुर में ऑनलाइन खोली जायेगी। निविदा दिनांक 12.05.2026 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से दिनांक 18.05.2026 को पूर्वान्ह 10.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | लाट सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि (लाख मे) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र मूल्य (जी0एस0टी0 व स्टेशनरी चार्ज सहित) (रू0 में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 01 | Clearance Of Bahera Seepage Drain From Km 0.000 To Km 3.700 For The Year 2026-2027 | 1.71 | 0.04 | 15 दिवस | (75+14+500) = 589.00 | सी एवं उच्च |
| 2 | 02 | Clearance of Bhainsi Drain From Km 0.000 to KM 15.080 for Year 2026-27 | 6.61 | 0.14 | 15 दिवस | (225+41+500) = 766.00 | सी एवं उच्च |
| 3 | 03 | Clearance Of Bhanbi Seepage Drain From Km 0.000 To Km 8.540 For The Year 2026-2027 | 3.75 | 0.08 | 15 दिवस | (150+27+500) = 677.00 | सी एवं उच्च |
| 4 | 04 | Clearance of Gahluiya Diversion Drain From KM 0.000 to 4.830 for Year 2026-27 | 2.12 | 0.05 | 15 दिवस | (75+14+500) = 589.00 | सी एवं उच्च |
| 5 | 05 | Clearance Of Gahluia Seepage Drain From Km 0.000 To Km 6.440 For The Year 2026-2027 | 2.83 | 0.06 | 15 दिवस | (150+27+500)= 677.00 | सी एवं उच्च |
| 6 | 06 | Clearance of Husainpur Drain From KM 0.000 to 5.430 for Year 2026-27 | 2.38 | 0.05 | 15 दिवस | (75+14+500) = 589.00 | सी एवं उच्च |
| 7 | 07 | Clearance of jhabarya drain above nahil from km 0.000 to 12.730 for year 2026-27 | 5.57 | 0.12 | 15 दिवस | (225+41+500= 766.00 | सी एवं उच्च |
| 8 | 08 | Clearance of jhabarya drain below nahil from km 0.000 to 4.830 For year 2026-27 | 2.12 | 0.05 | 15 दिवस | (75+14+500) = 589.00 | सी एवं उच्च |
| 09 | 09 | Clearance Of Rarua Seepage Drain From Km 0.000 To Km 5.030 For The Year 2026-2027 | 2.21 | 0.05 | 15 दिवस | (75+14+500) = 589.00 | सी एवं उच्च |
| 10 | 10 | Clearance of sewai drain from km 0.000 to 22.630 for year 2026-27 | 14.26 | 0.29 | 15 दिवस | (225+41+500)= 766.00 | सी एवं उच्च |
| 11 | 11 | Clearance Of Singhapur Seepage Drain From Km 0.000 To Km 5.900 For The Year 2026-2027 | 2.60 | 0.06 | 15 दिवस | (150+27+500)= 677.00 | सी एवं उच्च |
| 12 | 12 | Clearance of sukheta drain from km 0.000 to 14.980 for year 2026-27 | 17.17 | 0.35 | 15 दिवस | (300+54+500)= 854.00 | सी एवं उच्च |
| 13 | 13 | Clearance of sukheta drainage cut from km 0.000 to 5.470 for year 2026-27 | 6.27 | 0.13 | 15 दिवस | (225+41+500)= 766.00 | सी एवं उच्च |
| 14 | 14 | Clearance Of Udra Seepage Drain From Km 0.000 To Km 10.860 For The Year 2026-2027 | 4.73 | 0.10 | 15 दिवस | (150+27+500)= 677.00 | सी एवं उच्च |

यह निविदा/बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in व सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in पर उपलब्ध है तथा निविदा से सम्बंधित समस्त शर्तें वेबसाइट पर व कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय जल प्रबन्ध योजना, शारदा नहर खण्ड, शाहजहाँपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हैं।

UP - 250919 दिनांक: 07/05/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(देवेन्द्र कुमार सहाय)
अधिशासी अभियन्ता
राष्ट्रीय जल प्रबन्ध योजना
शारदा नहर खण्ड, शाहजहाँपुर

अमृत विचार

www.amritvichar.com



## न्यूज ब्रीफ

### बांदीपोरा में झेलम नदी में फिसले तीन युवकों की डूबने से मौत

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले के हाजिन इलाके में शुक्रवार को झेलम नदी में डूबने से तीन युवकों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना चेक चंद्रगीर इलाके में उस समय हुई जब तीनों युवक अचानक नदी में फिसल गए। स्थानीय निवासियों और स्वयंसेवकों ने बचाव अभियान शुरू किया और दो शव बरामद किये, जबकि तीसरा शव बाद में निकाला गया। मृतकों की पहचान आदिल अहमद डार (18), समीर अहमद डार (22) और सोहेल अहमद डार (22) के रूप में हुई है, जो सभी हाजिन के चंद्रगीर के निवासी थे। इस बीच, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने युवाओं की मृत्यु पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया है।

### ब्यावर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के खिलाफ किसानों ने मोर्चा खोला

**भरतपुर।** राजस्थान में ब्यावर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे परियोजना का भरतपुर के बयाना क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसानों ने विरोध किया है। शुक्रवार को ब्रह्मबाद स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र पर आयोजित जनसुनवाई में करीब 10 गांवों के प्रभावित ग्रामीणों ने परियोजना का पुरजोर विरोध किया। भूमि अवाप्ति अधिकारी की अध्यक्षता में हुई जनसुनवाई बैठक में किसानों ने कहा कि वे किसी कीमत पर अपनी उपजाऊ कृषि भूमि एक्सप्रेस-वे के लिए नहीं देंगे। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों और पूर्व सरपंचों सहित मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें मुआवजे में कोई दिलचस्पी नहीं है।

### मोदी की बेंगलुरु यात्रा के लिए भाजपा ने शुरू कीं भव्य तैयारियां

**बेंगलुरु।** पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हालिया चुनावी सफलता के बाद पार्टी की कर्नाटक इकाई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रविवार के बेंगलुरु दौरे को एक भव्य विजय उत्सव के रूप में मनाने की तैयारी कर रही है। कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह दौरा उनके नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करने का एक बड़ा अवसर है। तैयारियों का जायजा लेने के बाद अशोक ने बताया कि प्रधानमंत्री का स्वागत मैसूरु की पारंपरिक पगड़ी और रेशमी शॉल के साथ किया जाएगा।

# एनआईए मामलों में सुनवाई को एक महीने में स्थापित हों विशेष अदालतें

## सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को आदेश, एक केस की एक महीने में सुनवाई करेंगी ये अदालतें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को निर्देश दिया कि उन मामलों में लंबित 10 से 15 मुकदमों की त्वरित सुनवाई के लिए कम से कम एक विशेष अदालत स्थापित की जाए, जिनकी जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) कर रही है। शीर्ष अदालत ने ऐसे मुकदमों की सुनवाई में तेजी लाने के लिए कई निर्देश जारी किए, जिनमें एनआईए के जरिए केंद्र सरकार अभियोजक है।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि विशेष अदालतों की स्थापना एक महीने के भीतर की जानी चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने केंद्र को संबंधित उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश से संपर्क करने और एनआईए अधिनियम-2008 की धारा-11 के तहत विशेष अदालतों की स्थापना के लिए परामर्श करने का निर्देश दिया। एनआईए अधिनियम की धारा-11 विशेष अदालतों की स्थापना करने की केंद्र सरकार की शक्तियों से संबंधित है।



### श्रृंगेरी में डाक मतों की पुनर्गणना के खिलाफ याचिका

**बेंगलुरु।** कांग्रेस नेता टीडी गौड़ा ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है, जिसमें श्रृंगेरी विधानसभा क्षेत्र में डाक मतों की दोबारा गिनती का निर्देश दिया गया था और इसी गिनती की वजह से उनकी विधायक की सीट छिन गई। याचिका के अनुसार गौड़ा ने मूल रूप से श्रृंगेरी सीट जीती थी। हालांकि, कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा एक चुनाव याचिका पर डाक मतों की दोबारा गिनती का आदेश दिए जाने के बाद, परिणाम भाजपा उम्मीदवार डीएन जीवराज के पक्ष में बदल गया, जिन्हें 52 वोटों के मामूली अंतर से विजयी घोषित किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत ने शुक्रवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के समक्ष याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध करते हुए मामला उठाया।

### पंजाब में मादक पदार्थों के धंधे से निपटने के लिए बड़ी मछलियों को पकड़ें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब में मादक पदार्थों के बढ़ते खतरे पर शुक्रवार को चिंता जताई और कहा कि इससे होने वाली मौत के मामले खतरनाक हैं। कोर्टने राज्य में नशीले पदार्थों से निपटने के तरीके में बड़े बदलाव की जरूरत बताई। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हाल की एक घटना का ज़िक्र किया जिसमें एक मां ने अपने सभी पांच बेटों को मादक पदार्थ की लत की वजह से खो दिया था। सीजेआई ने कहा, देखिए हमने क्या पढ़ा। एक मां रो रही है। उसने अपने पांचवे बेटे को मादक पदार्थों की वजह से खो दिया। उसने अपने सभी बच्चों को नशीले पदार्थों की लत की वजह से खो दिया, पुलिस को संवेदनशील बनाने की जरूरत है। पीठ ने कहा कि मादक पदार्थों का खतरा उस स्तर पर पहुंच गया है जहां केंद्र सरकार का दखल जरूरी हो सकता है।

पीठ ने कहा, हम उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध करते हैं कि वे राज्य सरकारों से परामर्श कर विशेष अदालतों की स्थापना के लिए आवश्यक एवं पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराएं, जहां पीठासीन अधिकारियों को मामलों की सुनवाई का जिम्मा सौंपा जाएगा। पीठ विशेष न्यायालयों का सृजन संबंधी स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी। उसने स्पष्ट किया कि विशेष अदालतों को एनआईए मामलों के अलावा कोई अन्य मामले नहीं सौंपे जाएंगे और सुनवाई दैनिक आधार पर की जाएगी।

पीठ ने कहा कि विशेष अदालत के न्यायाधीशों को यह सुनिश्चित करते हुए मामलों को अपनी इच्छानुसार सूचीबद्ध करने की छूट होगी कि कम से कम एक मुकदमे की सुनवाई एक महीने के भीतर पूरी हो जाए।

# असमः जोरहाट में कांग्रेस नेता के घर पर हमला, आगजनी

**जोरहाट।** असम के जोरहाट जिले में शुक्रवार तड़के अज्ञात व्यक्तियों ने एक कांग्रेस कार्यकर्ता के आवासीय परिसर में स्थित एक भोजनालय में आग लगा दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना देर रात करीब डेढ़ बजे तिताबोर थाना क्षेत्र के रंगजान में घटी। पुलिस ने बताया, रूपाली दास की शिकायत के बाद जांच शुरू कर दी गई और जांच में अधिक जानकारी सामने आएगी। उन्होंने बताया, परिवार के अनुसार, एक भोजनालय और एक वाहन के कुछ पुर्जे जलकर खाक हो गए, जिनकी कीमत लगभग 10,000-15,000 रुपये है। सोमवार को विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विपक्षी सदस्यों पर कथित तौर पर हमले की यह दूसरी घटना है।

# आप का सोशल मीडिया खाता ब्लॉक, केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आम आदमी पार्टी (आप) की गुजरात इकाई द्वारा उसके सोशल मीडिया खातों के निलंबन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र से जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने याचिका पर नोटिस जारी किया और इसे अन्य समान लंबित याचिकाओं के साथ जोड़ दिया, जिनमें उपयोगकर्ता को नोटिस जारी किए बिना सोशल मीडिया खातों और पोस्ट को ब्लॉक करने की कार्रवाई को चुनौती दी गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता शादान फरासात ने तर्क दिया कि अधिकारियों द्वारा लगाई गई सूचना प्रौद्योगिकी

### केजरीवाल को आरोप मुक्त करने के खिलाफ सुनवाई 11 को होगी


**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति मामले में अधीनस्थ अदालत द्वारा केजरीवाल समेत आप नेताओं को आरोप मुक्त किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई 11 मई तक के लिए स्थगित कर दी। कोर्ट ने कहा कि वह आप के नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक का प्रतिनिधित्व करने के लिए कुछ वरिष्ठ वकीलों की सहमति की प्रतीक्षा कर रहा है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि वह सोमवार को नियुक्ति संबंधी आवश्यक आदेश पारित करेंगी और मंगलवार से मामले की सुनवाई शुरू करेंगी।

# भाजपा सरकार में असंभव हो जाएगी बंगाल में घुसपैठ, मवेशी तस्करीः शाह

**कोलकाता, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को शुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल में भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने की घोषणा करने के बाद कहा कि भाजपा सरकार में राज्य में घुसपैठ और मवेशियों की तस्करी नामुमकिन हो जाएगी।

यहां भाजपा विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने पश्चिम बंगाल में पार्टी की शानदार जीत को एक चुनावी उपलब्धि से कहीं अधिक बताया, और इसे राष्ट्रीय सुरक्षा, लोकतांत्रिक बहाली से जुड़े एक निर्णायक राजनीतिक परिवर्तन और उस यात्रा की वैचारिक परिणति के रूप में चित्रित किया जो 1950 के दशक की शुरुआत में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ शुरू हुई थी। शाह ने कहा, यह जीत सिर्फ भाजपा के विस्तार या उसकी विचारधारा के बारे में नहीं है। न ही यह सिर्फ भाजपा-राजग द्वारा 21वें राज्य में अपनी सरकार बनाने के बारे में है। इस जीत



**● विधायक दल के नेता के चुनाव के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधन**

का सबसे बड़ा महत्व यह है कि इसने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा में मौजूद सबसे बड़ी खामियों में से एक को दूर कर दिया है। अब पश्चिम बंगाल में घुसपैठ और गौतस्करी असंभव हो जाएगी।

उन्होंने कहा, भाजपा बंगाल और देश की जनता से वादा करती है कि हम भारत में हर घुसपैठिये की पहचान करेंगे और उसे देश से बाहर करेंगे। मैं इस मंच से यह भी कहना चाहता हूं कि जो लोग इसे ध्रुवीकरण कह रहे हैं, वे गलत हैं। यह ध्रुवीकरण की बात नहीं है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा की बात है। शाह ने कहा कि अब 'गंगोत्री से गंगासागर' तक भाजपा की सरकार है। उन्होंने पार्टी की जीत को जनसंघ संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की वैचारिक विरासत की विजय बताया। उन्होंने कहा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में 1950 में शुरू हुई वैचारिक यात्रा ने अंततः 2026 में उनकी पार्टी को उनकी जन्मभूमि में सत्ता तक पहुंचा दिया। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है।

शाह ने बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय रचित 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ का भी जिक्र किया और कहा कि उपन्यासकार की भूमि पर भाजपा द्वारा सरकार बनाना एक बहुत बड़ा संकेत है। निवर्तमान तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए शाह ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के कार्यकाल में प्रशासन का राजनीतिकरण और 'राजनीति का अपराधीकरण' हुआ, जबकि हिंसा, गिरोह, भ्रष्टाचार और 'कट मनी' जड़ जमा चुके थे।

# उत्तर भारत में 11 से फिर आंधी-बारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मौसम विभाग ने शुक्रवार को देश के विभिन्न हिस्सों के लिए मौसम संबंधी चेतावनी जारी की जिसमें उत्तर-पश्चिम भारत में 11 से 14 मई बीच आंधी-तूफान और तेज हवाओं का एक नया दौर शुरू होने का अनुमान जताया गया है। दक्षिण भारत के केरल और तमिलनाडु में अगले सात दिनों तक भारी बारिश का अनुमान जताया गया है।

इसके विपरीत, राजस्थान और गुजरात के लोगों को भीषण गर्म हवाओं का प्रकोप होने के आसार जताए गए हैं। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 11 से 14 मई के दौरान बिजली कड़कने और 40-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के साथ बारिश के आसार हैं। विशेष रूप से 12 और 13 मई को उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हो सकती है।

**● मौसम विभाग ने की भविष्यवाणी राजस्थान-गुजरात बढ़ेगी तपिश**

पंजाब, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर में भी 11 मई की शाम से हल्की बारिश और गरज-चमक की स्थिति बनने के आसार हैं। केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कर्नाटक के आंतरिक हिस्सों में अगले एक सप्ताह तक मानसून पूर्व की सक्रियता बनी रहेगी। इन क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश (7-11 सेमी) और तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है।

पूर्वी भारत में पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड में आठ और नौ मई को 50-70 किमी प्रति घंटा रफ्तार से तेज तूफान आने और ओलावृष्टि होने की आशंका है। एक तरफ जहां पहाड़ों और दक्षिण भारत में बारिश का अलर्ट है, वहीं पश्चिम भारत तप रहा है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले सात दिनों तक पश्चिमी राजस्थान, सौराष्ट्र और कच्छ में गर्म हवाओं के चलने की स्थिति बनी रहेगी। गुजरात के अन्य हिस्सों में भी नौ से 14 मई के दौरान भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है।

# जम्मू-कश्मीरः सेना ने गुलमर्ग में फंसे 20 पर्यटकों को बचाया

**श्रीनगर।** सेना और नगर प्रशासन ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग के ऊपरी इलाकों से आठ बच्चों समेत 20 पर्यटकों को बचाया, जो एक निजी हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी के कारण फंस गए थे।

अधिकारियों ने बताया कि छह पुरुष, छह महिलाएं और आठ बच्चे दो स्थानीय गाइड के साथ स्कीइंग के लिए बर्फ से ढके इलाके में गए थे। अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आने के बाद पर्यटक फंस गए। बाद में सेना के हेलीकॉप्टरों की मदद से पर्यटकों को सुरक्षित निकाला गया।

# बिहार में बेरोजगार युवाओं पर फिर बरसीं पुलिस की लाठियां

**पटना, एजेंसी**

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई)-4 की अधिसूचना जारी करने में हो रही देरी के विरोध में प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों को तितर-बितर करने के लिए पटना पुलिस ने शुक्रवार को बल प्रयोग किया। विद्यार्थियों का आरोप है कि पुलिस ने उन पर कठोर लाठीचार्ज किया। हालांकि पुलिस ने कहा, बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश पर भीड़ हटाने के लिए हल्का बल प्रयोग किया गया।

शिक्षक भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों ने बड़ी संख्या में पटना महाविद्यालय से विरोध मार्च



लाठीचार्ज कर भीड़ को तितरबितर करती पुलिस।

निकाला था और वे डाकबंगला चौराहा की ओर बढ़ रहे थे, इसी दौरान गांधी मैदान के पास पुलिस ने उन्हें रोक दिया। बिहार में बीपीएससी टीआरई-4 परीक्षा के माध्यम से

**● शिक्षक भर्ती परीक्षा की अधिसूचना में देरी के खिलाफ कर रहे थे प्रदर्शन**

46 हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति की उम्मीद है, लेकिन परीक्षा की अधिसूचना अप्रैल 2026 की तय समयसीमा के बाद भी जारी नहीं की गई है। शुक्रवार को पदभार ग्रहण करने वाले शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि बीपीएससी टीआरई-4 समेत सभी लंबित भर्तियां जल्द पूरी की जाएंगी। प्रदर्शन मार्च का नेतृत्व कर रहे छात्र नेता दिलीप कुमार ने पूर्व शिक्षा मंत्री सुनील कुमार पर अभ्यर्थियों को झूठा आश्वासन देने का आरोप लगाया।

### अपने बच्चे मंत्री बना दिए युवाओं पर लाठीः तेजस्वी

राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने कहा, सरकार युवाओं की मांगों को सुनने के बजाय उन पर लाठियां बरसा रही है। यादव ने एक्स पर लिखा, अपने बच्चों को मंत्री बना लो, युवाओं पर लाठी चला दो। आरोप लगाया कि राजग नेताओं ने अपने बच्चों को बिना किसी चुनावी भागीदारी के मंत्री बना दिया, जबकि राज्य के लाखों युवाओं से चुनाव से पहले शिक्षक भर्ती परीक्षा टीआरई-4 की 'वैकेंसी' जारी करने का जो वादा किया गया था, वह पूरा नहीं किया गया।



पुलिस के लाठीचार्ज में कई युवाओं के घायल होने की खबर है।

### तमिलनाडुः स्टालिन ने दिखाया बड़ा दिल, राज्यपाल से संविधान के तहत नई सरकार बनवाने का आग्रह

**चेन्नई।** तमिलनाडु के निवर्तमान मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बड़ा



दिल दिखाते हुए शुक्रवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से संविधान के अनुसार नई सरकार के गठन के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने नई सरकार के गठन में देरी से बचने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद राज्यपाल ने विधानसभा को भंग कर दिया था। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष स्टालिन ने 'एक्स' पर कहा, नई सरकार का गठन न केवल समय की मांग है बल्कि लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है ताकि विधानसभा के निर्वाचित सदस्य पद की शपथ ले सकें और राज्य के कल्याण को आगे बढ़ा सकें। उन्होंने कहा, अत : मैं सरकार गठन में किसी भी प्रकार की देरी से बचने के लिए द्रमुक की ओर से मैं राज्यपाल से संविधान के अनुसार नई सरकार के गठन के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध करता हूं।

### कांग्रेस पर्यवेक्षकों ने खरगे को सौंपी केरल के विधायकों की राय संबंधी रिपोर्ट, वेणुगोपाल के नाम की चर्चा

**नई दिल्ली।** केरल में कांग्रेस विधायक दल के नेता के चयन के लिए विधायकों की राय लेने के बाद पार्टी के दोनों पर्यवेक्षकों अजय माकन और मुकुल वासनिक ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सौंप दी। खरगे से मुलाकात के बाद वासनिक ने कहा कि सोशल मीडिया में वायरल उस तस्वीर से जुड़ी वो बातें सच नहीं है जिन्हें लेकर दावा किया जा रहा है। दरअसल, सोशल मीडिया में वासनिक की एक तस्वीर जारी हुई है जिसमें उनके हाथ में एक कागज है जिसमें कई विधायकों के नाम के आगे प्राथमिकता वाले कॉलम में केसी लिखा हुआ है। कांग्रेस में आमतौर पर केसी नाम संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के लिए बोला जाता है। वेणुगोपाल भी मुख्यमंत्री पद के दावेदारों में शामिल माने जा रहे हैं। यह पूछे जाने पर मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा कब होगी तो माकन ने कहा, हम इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सहयोगी दलों की तरफ से कोई नाम नहीं सुझाया गया है और इस बारे में फैसला कांग्रेस ही करेगी।

### कांग्रेस के साथ गठबंधन खत्म होने के बाद द्रमुक ने लोकसभा में अलग बैठने की व्यवस्था का आग्रह किया

**नई दिल्ली।** द्रविड़ मुनेत्र कषग्रम (द्रमुक) ने शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से आग्रह किया कि सदन में उसके सदस्यों के बैठने की व्यवस्था में बदलाव किया जाए, क्योंकि कांग्रेस के साथ गठबंधन खत्म होने के बाद उसके साथ बैठना उचित नहीं होगा। द्रमुक नेता कनिमोई करुणानिधि ने बदली हुई राजनीतिक परिस्थितियों के मद्देनजर बैठने की व्यवस्था बदलने का आग्रह करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा, मैं लोकसभा में द्रमुक से संबंधित संसद सदस्यों की बैठने की व्यवस्था में उचित बदलाव का सम्मानपूर्वक अनुरोध करने के लिए लिख रही हूं। बदली हुई राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए और कांग्रेस के साथ हमारा गठबंधन खत्म होने के मद्देनजर हमारे सदस्यों के लिए सदन में उनके साथ बैठने की वर्तमान व्यवस्था जारी रखना उचित नहीं होगा। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से द्रमुक संसदीय दल के सदस्यों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था करने का अनुरोध किया, ताकि वे सदन में अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें।

# भाजपा-मोदी के जाने का टाइम आने वाला हैः राहुल

**गुरुग्राम, एजेंसी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा भले ही सोच रहे हैं कि इनका राज बना रहेगा, लेकिन इनका जाने का टाइम आने वाला है तथा उन्हें जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एवं भाजपा के सामने कोई दूसरी पार्टी खड़ी नहीं हो पाएगी तथा सिर्फ कांग्रेस ही इन्हें हरा सकती है और हराएगी।

राहुल गांधी हरियाणा कांग्रेस के नेता बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा में शामिल हुए। सिंह पिछले कुछ महीने से हरियाणा में पदयात्रा निकाल रहे हैं। राहुल गांधी ने यात्रा के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, हरियाणा का चुनाव भाजपा ने चोरी किया, अब पश्चिम बंगाल और असम में चुनाव चोरी किया है। इन्होंने चुनाव चोरी करने का सिस्टम बना दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निर्वाचन आयोग और नौकरशाही को नियंत्रित कर रखा है। कांग्रेस नेता ने कहा, प्रधानमंत्री और भाजपा सोचते हैं कि इनका ही राज रहेगा, मगर अब इनका जाने का टाइम आने वाला है। क्योंकि जनता समझ गई है कि मोदी और शाह देश को बेचने का काम करते हैं।

उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का



सद्भाव यात्रा में बोलते राहुल गांधी।

**● कहा-जनता के गुस्से का सामना करना पड़ेगा, कांग्रेस हराएगी**

आह्वान किया, कांग्रेस के बब्बर शेरों याद रखो, नरेंद्र मोदी और भाजपा को कांग्रेस पार्टी हराएगी। राहुल गांधी ने 'सद्भाव यात्रा' का उल्लेख करते हुए कहा, इस यात्रा का एक संदेश है कि हिंदुस्तान नफरत और हिंसा से नहीं, सिर्फ मोहब्बत से चलेगा। कांग्रेस नेता ने भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते का उल्लेख करते हुए कहा, इस समझौते से अमेरिका को सबकुछ मिल गया, भारत को कुछ नहीं मिला। अमेरिका के दबाव में आकर मोदी ने यह समझौता किया, हिंदुस्तान का कोई दूसरा प्रधानमंत्री ऐसा समझौता नहीं कर सकता था। राहुल ने आरोप लगाया कि मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति के सामने बोल नहीं सकते और इसके दो कारण 'एप्स्टीन फाइल' और उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ अमेरिका में मामले का दर्ज होना है।

# देश के दुश्मन का काल बनेगा 'टीएआरए', सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारत ने ओडिशा तट के पास स्वदेशी रूप से विकसित 'ग्लाइड' हथियार प्रणाली का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया है।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, साधारण युद्धक हथियारों को सटीक निर्देशित हथियारों में बदलने के लिए विकसित सामरिक उन्नत रेंज संवर्धन प्रणाली का परीक्षण किया गया। डीआरडीओ और भारतीय वायु सेना ने ओडिशा तट के पास टीएआरए हथियार प्रणाली का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया। टीएआरए भारत की पहली स्वदेशी ग्लाइड हथियार प्रणाली है, जो बिना निर्देशित युद्धक हथियारों को सटीक निर्देशित हथियारों में परिवर्तित करती है। इस हथियार प्रणाली को रिसर्च सेंटर इमारत, हैदराबाद ने डीआरडीओ की अन्य प्रयोगशालाओं के साथ मिलकर विकसित किया है।

# अकाल तख्त साहिब का आपत्तिजनक धाराएं हटाने के लिए पंजाब सरकार को 15 दिन का अल्टीमेटम

**अमृतसर, एजेंसी**

पंजाब सरकार की ओर से 'द जगत ज्योत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) अधिनियम 2026' को श्री अकाल तख्त साहिब और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) की सहमति के बिना पारित किए जाने का मामला गर्मा गया है। श्री अकाल तख्त साहिब की ओर से आपत्तिजनक धाराएं हटाने के लिए पंजाब सरकार को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है।

इस मामले में शुक्रवार को पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां, जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज के निर्देश पर उनके समक्ष पेश हुए। इस अवसर पर तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी टेक सिंह

**● बिना सहमति के द जगत ज्योत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार संशोधन एक्ट पारित करने का मामला**

भी मौजूद थे। श्री अकाल तख्त साहिब सचिवालय में हुई बैठक के दौरान कानून की धारा-दर-धारा चर्चा की गई। जत्थेदार गड़गज्ज ने सिख संस्थाओं, पंथक विद्वानों, कानूनी विशेषज्ञों, सिंह सभाओं, ग्रंथी सभाओं और अन्य सिख संगठनों द्वारा उठाई गई आपत्तियों पर विधानसभा अध्यक्ष से जवाब मांगा।

विचार-विमर्श के बाद जत्थेदार ने स्पष्ट तौर पर कहा कि सरकार 15 दिनों के भीतर कानून से उन प्रावधानों को हटाए जो श्री गुरु ग्रंथ साहिब, खालसा पंथ और गुरु नानक नाम लेवा संगतों की भावनाओं के खिलाफ हैं।

**आंकड़ों की गवाही** — निर्वाचन आयोग ने जारी किए चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में मतदान के आंकड़े

# महिला मतदाताओं ने किया पुरुषों से ज्यादा मतदान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हाल ही में चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी अधिक रही और मतदान प्रतिशत के मामले में महिलाओं ने पुरुषों को पीछे छोड़ दिया। यानी पांचों प्रदेशों में सरकार चुनने में महिलाओं की भूमिका पुरुषों से ज्यादा रही है।

निर्वाचन आयोग के मुताबिक पश्चिम बंगाल में सर्वाधिक मतदान हुआ। राज्य में डाक मतपत्रों सहित 6.38 करोड़ से अधिक वोट डाले गए, जबकि कुल मतदाता 6.81 करोड़ से अधिक थे। इनमें महिला मतदाताओं की भागीदारी



### पश्चिम बंगाल में चुनी गईं सबसे ज्यादा महिला विधायक

तमिलनाडु में 234 सदस्यीय विधानसभा में 23 महिला विधायक चुनी गईं, जो कुल सदस्यों का 9 .83 प्रतिशत है। पश्चिम बंगाल में 293 सदस्यीय विधानसभा में 37 महिलाएं निर्वाचित हुईं, जो 12 .62 प्रतिशत है। केरल की 140 सदस्यीय विधानसभा में केवल 11 महिला विधायक चुनी गईं, जो 7 .85 प्रतिशत है। चुनाव में केवल तृतीय लिंग के केवल दो उम्मीदवार मैदान में उतरे थे। एक तमिलनाडु और एक केरल में। दोनों चुनाव हार गए और उनकी जमानत जब्त हो गई।

93.8 प्रतिशत रही, जो पुरुषों के 92.06 प्रतिशत मतदान से थोड़ी अधिक थी। तमिलनाडु में 85.01 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यहां 5.74 करोड़ मतदाताओं में से करीब 4.8 करोड़ मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। महिला का मतदान प्रतिशत 86.2 रहा, जबकि पुरुषों में यह 83.77 प्रतिशत था।

असम में भी मतदान प्रतिशत 85.74 तक पहुंच गया। राज्य में 2.15 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। महिला मतदाताओं का मतदान 86.53 प्रतिशत रहा जो पुरुषों के 84.95 प्रतिशत से अधिक था। केरल में 78.11 प्रतिशत मतदान हुआ, जहां 2.12 करोड़ से अधिक वोट पड़े। यहां महिलाओं की भागीदारी 81.17 प्रतिशत रही, जबकि पुरुषों में यह 74.9 प्रतिशत थी।

पुडुचेरी में भी महिला मतदाताओं की भागीदारी 91.39 प्रतिशत रहीं। इस केंद्र शासित प्रदेश में 8.5 लाख से अधिक वोट डाले गए। हालांकि, निर्वाचित उम्मीदवारों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व इसके बावजूद सीमित रहा।



अगर आप बिना प्यार के और आधे-अधूरे मन से काम कर रहे हैं, तो बेहतर है कि आप उस काम को छोड़ दें।
-खलील जिब्रान, दार्शनिक

## तीस्ता पर तल्खी

तीस्ता नदी जल बंटवारा विवाद अब महज जल-साझेदारी का विषय ही नहीं रहा, बांग्लादेश द्वारा चीन की मदद से तीस्ता नदी परियोजना को आगे बढ़ाने की कोशिश ने इस विवाद को सीधे दक्षिण एशियाई भू-राजनीति और भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ दिया है। यह मुद्दा भारत और बांग्लादेश के रिश्तों की तल्खी को और बढ़ा सकता है। अब सवाल इतना भर नहीं है कि किसे कितना पानी मिलेगा, बल्कि यह भी है कि इस पूरे क्षेत्र में रणनीतिक प्रभाव किसका बढ़ेगा। तीस्ता नदी का सबसे संवेदनशील पहलू है कि इसका प्रवाह भारत के अत्यंत महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर, यानी 'चिकन नेक', के निकट है। यह लगभग 22 किलोमीटर चौड़ा भूभाग पूर्वोत्तर भारत को शेष देश से जोड़ता है। यदि किसी बाहरी शक्ति को इस क्षेत्र की भू-संरचना, जल-प्रवाह, पुलों, सड़कों और संचार तंत्र की विस्तृत जानकारी मिलती है, तो उसका सामरिक महत्व अत्यधिक बढ़ जाता है। यही कारण है कि चीन की बढ़ती दिलचस्पी को भारत केवल आर्थिक परियोजना के रूप में नहीं देख सकता।

चीन के अनेक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट केवल आर्थिक निवेश तक सीमित नहीं रहते। पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह से लेकर श्रीलंका के हंबनटोटा तक, चीन ने आर्थिक सहयोग के माध्यम से सामरिक उपस्थिति भी बनाई है, इसलिए यह आशंका निराधार नहीं है कि तीस्ता परियोजना के बहाने चीन 'हाइड्रोलॉजिकल डेटा', क्षेत्रीय सर्वेक्षण और संवेदनशील भौगोलिक सूचनाओं तक पहुंच बनाना चाहता हो। बांग्लादेश का व्यवहार भी केवल जल संकट से प्रेरित नहीं दिखता। ढाका यह भलीभांति समझता है कि भारत अपने पूर्वोत्तर के प्रवेशद्वार के निकट चीन की सक्रियता को सहजता से स्वीकार नहीं करेगा। चीन के साथ निकटता दिखाना, भारत पर दबाव बनाना उसकी कूटनीतिक रणनीति लगती है। छोटे और मध्यम देश अक्सर बड़ी शक्तियों के बीच संतुलन बनाकर अपने हित साधते हैं और बांग्लादेश वही कर रहा है।

2011 में लगभग तैयार समझौता इसलिए रुक गया था, क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने समझौते को यह कह कर रुकवा दिया था कि उत्तर बंगाल के किसानों के लिए ही पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है, हम बांग्लादेश को इतना अधिक पानी कैसे दे सकते हैं? अब यदि बंगाल की राजनीतिक परिस्थिति बदली भी हो, तब भी यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि केंद्र और पश्चिम बंगाल की नई सरकार वहां के किसानों के हितों की अनदेखी कर बांग्लादेश को 50 प्रतिशत पानी देने को तैयार हो जाएंगी। उत्तर बंगाल की कृषि अर्थव्यवस्था, चाय बागान, सिंचाई और ग्रामीण आजीविका इस नदी से गहराई से जुड़ी हैं, इसलिए कोई भी सरकार केवल भू-राजनीतिक दबाव में एकतरफा रियायत देने का जोखिम नहीं उठाएगी।

भारत के सामने एक कठिन रणनीतिक दुविधा है। यदि वह समझौते को लगातार टालता है, तो बांग्लादेश चीन की ओर अधिक झुक सकता है। यदि वह अत्यधिक रियायत देता है, तो घरेलू राजनीतिक और कृषि असंतोष बढ़ सकता है, इसलिए समाधान टकराव नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और संस्थागत दृष्टिकोण में है। हमें समझना होगा कि केवल सुरक्षा चिंताओं से समस्या हल नहीं होगी, बांग्लादेश के साथ भरोसे और विकास साझेदारी को मजबूत करना भी उतना ही आवश्यक है।

# विकास, आत्मनिर्भरता और तकनीक का नया भारत





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

मई 2026 में देश का सामाजिक आर्थिक परिदृश्य ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां विकास, तकनीक और आत्मनिर्भरता भारत की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रहे हैं। दुनिया की आर्थिक चुनौतियों और वैश्विक तनावों के बीच भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती से आगे बढ़ाया है। हाल के आंकड़े बताते हैं कि भारत के निर्यात में 4.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि रक्षा उत्पादन में 174 प्रतिशत की बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह केवल आर्थिक उपलब्धि नहीं, बल्कि बदलते भारत की तस्वीर है। दूसरी ओर खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के कारण मुद्रास्फीति लगभग चार प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिससे आम लोगों की चिंता भी बढ़ी है। इन सबके बीच डिजिटल जनगणना की शुरुआत, नीति आयोग का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर @2047 रोडमैप और खेती में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई का बढ़ता उपयोग यह दिखाता है कि भारत अब तकनीक के सहारे नए भविष्य की ओर बढ़ रहा है।

भारत की निर्यात वृद्धि यह साबित करती है कि दुनिया भारतीय उत्पादों और सेवाओं पर भरोसा कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने मेक इन इंडिया और उत्पादन आधारित योजनाओं के माध्यम से देश में उद्योगों को मजबूत करने की कोशिश की है। इसका असर अब दिखाई देने लगा है। इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयों, ऑटोमोबाइल पार्ट्स और तकनीकी सेवाओं के निर्यात में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। दुनिया की कई बड़ी कंपनियां अब भारत को एक मजबूत विनिर्माण केंद्र के रूप में देख रही हैं। इसका कारण यह भी है कि कई देश चीन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं और भारत को एक भरोसेमंद विकल्प मान रहे हैं। इससे भारत को रोजगार और निवेश दोनों के क्षेत्र में लाभ मिल रहा है।

रक्षा उत्पादन में 174 प्रतिशत की वृद्धि भारत के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। लंबे समय तक भारत हथियारों और रक्षा उपकरणों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहा है, लेकिन अब स्थिति बदल रही है। देश में मिसाइल, ड्रोन, आधुनिक हथियार और रक्षा तकनीक का निर्माण तेजी से बढ़ा है। इससे न केवल देश की सुरक्षा मजबूत हो रही है, बल्कि रोजगार और तकनीकी विकास को भी बढ़ावा मिल रहा है। निजी कंपनियों और स्टार्टअप्स की भागीदारी ने इस क्षेत्र में नई ऊर्जा पैदा की है। आत्मनिर्भर भारत का सपना अब रक्षा क्षेत्र में सच होता दिखाई दे रहा है, हालांकि यह भी जरूरी है कि गुणवत्ता और अनुसंधान पर लगातार ध्यान दिया जाए, ताकि भारत वैश्विक स्तर पर भी प्रतिस्पर्धा कर सके।

> दुनिया की आर्थिक चुनौतियों और वैश्विक तनावों के बीच भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती से आगे बढ़ाया है। हाल के आंकड़े बताते हैं कि भारत के निर्यात में 4.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

इन उपलब्धियों के बीच बढ़ती महंगाई सरकार और आम जनता दोनों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी का सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है। सब्जियों, दालों और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों का खर्च बढ़ा है। जलवायु परिवर्तन भी इसके पीछे एक बड़ा कारण है। अनियमित बारिश और मौसम की खराब परिस्थितियों के कारण खेती प्रभावित हो रही है, जिसका असर बाजार में दिखाई देता है। यही वजह है कि आर्थिक विकास के आंकड़े तभी मायने रखते हैं, जब आम लोगों का जीवन भी आसान हो। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि विकास और महंगाई के बीच संतुलन बनाए रखा जाए।

अप्रैल 2026 से शुरू हुई डिजिटल जनगणना को भारत के प्रशासनिक इतिहास का एक बड़ा कदम माना जा रहा है। पहली बार इतने बड़े स्तर पर डिजिटल तकनीक का उपयोग करके जनगणना की जा रही है। इससे सरकार को जनसंख्या, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक योजनाओं से जुड़ी सही जानकारी जल्दी और आसानी से मिल सकेगी। इसका फायदा यह होगा कि सरकारी योजनाएं जरूरतमंद लोगों तक बेहतर तरीके से पहुंच सकेंगी। डिजिटल जनगणना से पारदर्शिता भी बढ़ने की उम्मीद है, हालांकि इसके साथ डेटा सुरक्षा और गोपनीयता जैसे सवाल भी जुड़े हुए हैं। लोगों का निजी डेटा सुरक्षित रखना सरकार की बड़ी जिम्मेदारी होगी।

नीति आयोग द्वारा तैयार डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर @2047 रोडमैप भारत के भविष्य की नई सोच को दिखाता है। इसका उद्देश्य यह है कि तकनीक का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। आधार, यूपीआई और डिजिलॉकर जैसी डिजिटल सेवाओं ने पहले ही करोड़ों लोगों के जीवन को आसान बनाया है। अब सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और अन्य क्षेत्रों में डिजिटल सुविधाओं को और मजबूत करना चाहती है। इस योजना का लक्ष्य केवल तकनीकी विकास नहीं, बल्कि समावेशी विकास है, ताकि गांव और शहर के बीच की दूरी कम हो सके, लेकिन यह भी सच है कि आज भी देश के कई हिस्सों में इंटरनेट और डिजिटल सुविधाओं की कमी है, इसलिए डिजिटल विकास तभी सफल होगा, जब समाज के हर व्यक्ति तक इसकी पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।

खेती के क्षेत्र में एआई का उपयोग भी भारत के लिए नई संभावनाएं लेकर आया है। किसान अब मौसम की जानकारी, मिट्टी की जांच और फसल प्रबंधन के लिए नई तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। इससे खेती की लागत कम हो सकती है और उत्पादन बढ़ सकता है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में यह बदलाव बहुत महत्वपूर्ण है। अगर छोटे किसानों तक भी यह तकनीक पहुंचे, तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ताकत मिल सकती है, हालांकि अभी भी कई किसानों के पास डिजिटल संसाधनों और तकनीकी जानकारी की कमी है, इसलिए सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट, प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता को मजबूत करना होगा। आज का भारत तेजी से बदल रहा है। एक ओर देश आर्थिक और तकनीकी रूप से मजबूत बन रहा है, वहीं दूसरी ओर महंगाई और सामाजिक असमानता जैसी चुनौतियां भी सामने हैं।

### आमने सामने



ये धमाके भाजपा की चुनावी तैयारी का हिस्सा हैं। भाजपा चुनाव से पहले लोगों में डर और तनाव का माहौल बनाकर राजनीतिक फायदा लेने की कोशिश करती है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद भाजपा नेताओं ने खुद कहा था कि अब पंजाब की बारी है।
-भगवंत मान
मुख्यमंत्री पंजाब

मान ने बिना किसी सबूत के भाजपा पर बम विस्फोट में संलिप्त होने का आरोप लगाकर मुख्यमंत्री पद की गरिमा को पूरी तरह से कमजोर कर दिया है। इसी वजह से उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।
-तरुण चुघ
राष्ट्रीय महासचिव, भाजपा



## प्रसंगवश

## नई गाइडलाइन: बदलेगी सरकारी स्कूलों की तस्वीर

6 मई को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 'स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) गाइडलाइंस 2026' जारी की। इन नई गाइडलाइंस में पहली बार स्कूल प्रबंधन में अभिभावकों की भूमिका को केंद्र में रखा गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि अब स्कूल प्रबंधन समितियों में 75 प्रतिशत सदस्य बच्चों के माता-पिता या अभिभावक होंगे, जबकि आधे सदस्य महिलाओं को बनाया जाएगा। हर स्कूल में मासिक बैठक, सामाजिक ऑडिट, तीन साल का विकास प्लान और शिक्षा की गुणवत्ता की निगरानी जैसी व्यवस्थाएं अनिवार्य की गई हैं।

शिक्षा मंत्रालय का यह कदम अचानक नहीं आया। इसके पीछे वर्षों से सरकारी स्कूलों की गिरती हालत, कमजोर निगरानी, घटती शिक्षा गुणवत्ता और सरकारी स्कूलों से लोगों का टूटता भरोसा सबसे बड़ा कारण है। भारत में सरकारी स्कूल केवल पढ़ाई की जगह नहीं हैं, बल्कि करोड़ों गरीब और ग्रामीण परिवारों के बच्चों के भविष्य की उम्मीद हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में सरकारी स्कूलों की स्थिति लगातार चिंता का विषय बनी हुई है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि अब गरीब परिवार भी मजदूरी कर, कर्ज लेकर या अपनी जरूरतें कम करके बच्चों को निजी स्कूलों में भेजने लगे हैं।



कविता कुमारी
एक्टिविस्ट

सरकार को महसूस हुआ कि केवल ऊपर से योजनाएं बनाकर शिक्षा व्यवस्था नहीं सुधर सकती। जब तक गांव और मोहल्ले के लोग, खासकर अभिभावक, सीधे स्कूल की निगरानी और फैसलों में शामिल नहीं होंगे, तब तक सरकारी स्कूलों की वास्तविक स्थिति नहीं बदल पाएगी। देश में शिक्षा का ढांचा बहुत बड़ा है। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफार्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस के अनुसार भारत में लगभग 14.7 लाख स्कूल संचालित हैं। इनमें करीब 10.2 लाख सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल हैं, जबकि लगभग 4.5 लाख निजी स्कूल हैं। देश में लगभग आठ लाख प्राथमिक विद्यालय, करीब तीन लाख माध्यमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय और लगभग डेढ़ लाख उच्च माध्यमिक विद्यालय संचालित हो रहे हैं।

सबसे बड़ी समस्या शिक्षकों की कमी और जवाबदेही का अभाव है। देश के कई राज्यों में लाखों शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। एक शिक्षक कई कक्षाओं को संभालने को मजबूर होता है। कई बार शिक्षक गैर-शैक्षणिक कार्यों जैसे चुनाव ड्यूटी, सर्वे और सरकारी योजनाओं में लगा दिए जाते हैं। इससे पढ़ाई का स्तर लगातार गिरता है। कई जगह अभिभावकों को यह तक नहीं पता होता कि स्कूल में पढ़ाई सही ढंग से हो रही है या नहीं। यही वजह है कि शिक्षा मंत्रालय ने अब स्कूल प्रबंधन समितियों को मजबूत करने का फैसला किया है, ताकि अभिभावक सीधे स्कूल के कामकाज पर नजर रख सकें।

सरकारी स्कूलों की गिरती स्थिति का सबसे बड़ा असर यह हुआ है कि गांवों में भी निजी स्कूल तेजी से बढ़ने लगे हैं। पहले निजी स्कूल केवल शहरों तक सीमित थे, लेकिन अब छोटे कस्बों और गांवों में भी अंग्रेजी माध्यम और पब्लिक स्कूलों की भरमार दिखाई देती है। गरीब परिवारों को लगता है कि सरकारी स्कूलों में बच्चों का भविष्य सुरक्षित नहीं है। उन्हें विश्वास है कि निजी स्कूलों में अनुशासन, नियमित पढ़ाई और अंग्रेजी शिक्षा बेहतर मिलती है। यही कारण है कि दिहाड़ी मजदूर और किसान भी फीस भरने के लिए अतिरिक्त मेहनत करते हैं।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# यूपी-उत्तराखंड के आगामी चुनावों पर जीत का असर



अमित शर्मा
हल्द्वानी

पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत ने कई मिथक तोड़े हैं। बंगाल और असम में भाजपा की शानदार जीत का उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के चुनावों पर गहरा मनोवैज्ञानिक असर पड़ना तय माना जा रहा है। बंगाल की जीत भाजपा के लिए एक बड़ा संवेग है। पार्टी बंगाल में मिली जीत के इस बल को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के आगामी विधानसभा चुनावों में भी दोहराने की कोशिश जरूर करेगी।

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भाजपा की स्थिति पहले से ही काफी मजबूत है। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुष्कर सिंह धामी की गिनती देश के टॉप फायरब्रांड नेताओं में होती है। इन दोनों नेताओं को अपनी आक्रामक हिंदुत्ववादी छवि, प्रशासनिक सख्ती और दमदार भाषणों के लिए जाना जाता है। योगी आदित्यनाथ को अक्सर 'बुलडोजर बाबा' के नाम से जाना जाता है, जो यूपी में कड़क कानून-व्यवस्था और विकास के लिए जाने जाते हैं। वहीं, युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बेहतर कानून-व्यवस्था और विकास कार्यों के साथ ही उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने और सख्त धर्मांतरण कानून जैसे फैसलों के लिए एक साहसी नेता के रूप में देखा जाता है। भाजपा में ये दोनों नेता जनता के बीच अपनी निडर, धाकड़ और धुरंधर छवि के लिए अत्यंत लोकप्रिय हैं।

> बंगाल और असम में भाजपा की शानदार जीत का उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के चुनावों पर गहरा मनोवैज्ञानिक असर पड़ना तय है। बंगाल की जीत भाजपा के लिए बड़ा संवेग है।

बंगाल में टीएमसी पर जीत से इन दोनों राज्यों के संगठन के साथ ही नेताओं का आत्मविश्वास और हौसला और बढ़ेगा। किसी भी राज्य के चुनाव में सत्ता हो या विपक्ष, अहम सवाल मुद्दों का होता है। उत्तराखंड में तो विपक्षी दलों के पास वर्तमान में कोई ठोस मुद्दा दिखाई नहीं दे रहा है, जिसके बल पर भाजपा को विधानसभा चुनाव में चुनौती दी जा सके, जबकि भाजपा के लिए हैट्रिक लगाने का भरपूर मौका है।

बंगाल की ऐतिहासिक जीत उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विपक्षी दलों के लिए आगामी विधानसभा चुनावों में कई चुनौतियां भी लेकर आएगी। बंगाल में जीत से भाजपा का चुनावी और मानसिक आत्मविश्वास और बढ़ा है, जिससे वह दोनों राज्यों में और भी मजबूत प्रदर्शन करने की स्थिति में होगी, हालांकि बंगाल में भाजपा की जीत से विपक्षी दलों को एकजुट होने का संदेश मिल सकता है, जिससे वे भाजपा के खिलाफ मजबूत गठबंधन बना सकते हैं, लेकिन जिस तरह से बंगाल की जीत में हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण हुआ है, उससे विपक्षी दलों को यहां भी हिंदू वोटों में सेंध लगाने में मुश्किल हो सकती है।

किसी राज्य के औद्योगिक विकास की रफ्तार वहां की सड़कों की हालत तय करती है। देश भर में जिस तरह से सड़कों का शानदार विकास हुआ है और एक-दूसरे जिले तेजी से एक्सप्रेस-वे से जुड़ रहे हैं, वह अपने आप में आम से लेकर खास मतदाता को प्रभावित करता है। इसी तरह दिल्ली से उत्तराखंड के बीच एक्सप्रेस-वे (दिल्ली-दून एक्सप्रेस-वे) उत्तर प्रदेश के एक बड़े हिस्से को इस औद्योगिक रफ्तार में समाहित करता है। ऐसे में विपक्षी दलों पर दबाव बढ़ सकता है, जिससे उन्हें जाति-धर्म को छोड़कर अपने विकास के एजेंडे को मजबूत करना होगा।

भाजपा द्वारा बंगाल के रण को जीतने की कई खासियत रहीं। यह जीत कोई एक दिन का प्रयास नहीं है, बल्कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा ने इस चुनाव को मार्मिक और तार्किक दोनों तरह के पैटर्न पर लड़ा। भूख, भय और भ्रष्टाचार के साथ ही धार्मिक असुरक्षा और स्थानीय मुद्दों को भाजपा ने गहराई से समझा। संदेशखाली से लेकर आरजी कर ने बंगाल ही नहीं, बल्कि पूरे देश को सांस्कृतिक और धार्मिक अस्मिता के साथ जोड़कर महिला सुरक्षा से जुड़ा बड़ा मुद्दा थमा दिया था।

प्रधानमंत्री मोदी की 10 रुपये की 'झालमुरी' से लेकर 'मछली' जैसे स्थानीय मुद्दों को भाजपा ने टीएमसी से छीन लिया। भाजपा ने इस वीर भूमि में प्रखर राष्ट्रवाद के मुद्दे का भरपूर प्रयोग किया। मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण भी इस प्रचंड जीत के पीछे बड़ा कारण रहा। भाजपा ने मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण को अपने पक्ष में करने के लिए हिंदू राष्ट्रवाद की भावना को भुनाया। इस रणनीति ने उन्हें हिंदू वोटों को एकजुट करने में मदद की।

जिस राज्य में कभी मुस्लिम वोट बैंक किसी भी दल की जीत का आधार माना जाता रहा था और विकास के बजाय एक खास वर्ग विशेष के वोट किसी दल की जीत-हार का फैसला करते थे, उस बंगाल में बदलाव की ऐसी बयार बही कि मुस्लिम ध्रुवीकरण के जवाब में हिंदू पोलराइजेशन ने स्थिति पूरी तरह से पलट दी। पहली बार सुरक्षा का

ऐसा वातावरण बना कि इस बार हिंदू वोट बैंक एकजुट होकर भयमुक्त होकर मतदान करने निकला। रिकॉर्ड मतदान हुआ तो भाजपा की जीत ने भी देश की राजनीति में न टूटने वाला रिकॉर्ड बना दिया। सभी कारणों को एकसार करें, तो प्रतिष्ठा का प्रश्न बन चुके इस चुनाव को जीतने के सामूहिक प्रयास हुए।

## सोशल फोरम

## स्टालिन और उनका बेटा

'सामने बेटे की मौत खड़ी थी और हाथ में उसे बचाने का मौका, पर इस बाप ने जो फैसला लिया, उसे सुनकर दुनिया के पैरों तले जमीन खिसक गई! क्या कोई इतना पत्थर दिल हो सकता है?'

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान रूस के प्रधानमंत्री स्टालिन का बड़ा बेटा, याकोव (Yakov), जर्मन सेना द्वारा पकड़ लिया गया था। हिटलर को लगा कि यह स्टालिन को झुकाने का सबसे सही मौका है। जर्मनी ने एक प्रस्ताव भेजा- 'अपने बेटे याकोव को वापस ले लो और बदले में हमारे पकड़े गए फील्ड मार्शल फ्रेडरिक पॉलस (Friedrich Paulus) को रिहा कर दो।'



नॉलेज अड्डा
ब्लॉगर

दुनिया को लगा कि एक पिता अपने बेटे को बचाने के लिए कुछ भी करेगा। एक बाप के लिए भी यह मौका थास अपने बेटे की जान बचाने का, लेकिन स्टालिन ने जो कहा वह आज भी इतिहास में दर्ज है। उन्होंने जवाब दिया, 'मैं एक फील्ड मार्शल का सौदा एक साधारण सिपाही से नहीं कर सकता।' स्टालिन की नज़र में याकोव सिर्फ उनका बेटा नहीं, बल्कि रेड आर्मी का एक लेफ्टिनेंट था। उनके लिए लाखों रूसी सैनिकों की जान उनके अपने बेटे से बढ़कर थी।

स्टालिन ने अपने सगे बेटे को बचाने के लिए देश के उसूलों से समझौता नहीं किया। उनके बेटे याकोव की जेल में ही मौत हो गई। याकोव की मौत की खबर स्टालिन तक पहुंची, तो वह 'आयरन मैन' अंदर से टूट गया था। वे घंटों तक अपने कमरे में अकेले बैठे रहे, किसी से कोई बात नहीं की। वह एक ऐसे पिता का मौन था, जिसने देश के लिए अपने कलेजे के टुकड़े को कुर्बान कर दिया था।

अक्सर बड़े नेताओं की मौत के बाद अकूत संपत्ति के किस्से सामने आते हैं, लेकिन स्टालिन का मामला बिल्कुल अलग था। 1953 में जब उनकी मृत्यु हुई और उनके निजी सामान की लिस्ट बनाई गई, तो सोवियत संघ जैसा विशाल साम्राज्य चलाने वाले व्यक्ति के पास से सिर्फ यह मिला: कुछ पुरानी वर्दियां, घिसे हुए जूते, उनका पसंदीदा पाइप और ढेरों किताबें। उनके पास न कोई निजी बंगला था, न विदेशी बैंक खाते और न ही सोना-चांदी। इतने ताकतवर पद पर होने के बावजूद उनकी निजी संपत्ति एक साधारण क्लर्क से भी कम थी। स्टालिन के शासन को लेकर दुनिया के अलग-अलग मत हो सकते हैं, लेकिन उनके इस त्याग और सादगी को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने साबित किया कि विचारधारा और देश के नियम सबके लिए एक समान होने चाहिए। चाहे वह खुद उनका अपना बेटा ही क्यों न हो। **-फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

## नई सरकारों के सामने होगी आर्थिक संतुलन की चुनौती

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की निर्णायक जीत और तमिलनाडु में विजय की पार्टी टीवीके के सबसे बड़े दल के रूप में उभरने के बाद देश की राजनीति एक नए मोड़ पर खड़ी दिखाई देती है। चुनावी रैलियों में किए गए वादे जल्द ही कागज से निकलकर हकीकत में उतरने की मांग करने लगेंगे। जनता ने जिस भरोसे के साथ इन दलों को सत्ता सौंपी है, वही भरोसा अब उनके लिए सबसे बड़ी परीक्षा बन गया है। जीत का उत्साह धीरे-धीरे जिम्मेदारियों के बोझ में बदल रहा है और यही वह समय है, जब राजनीतिक घोषणाओं की वास्तविक कीमत सामने आती है।

पश्चिम बंगाल में भाजपा ने 'सोनार बांग्ला' का सपना दिखाया था। यह सपना केवल एक नारा नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक और आर्थिक बदलाव का वादा था। महिलाओं को हर महीने आर्थिक सहायता देने, बेरोजगार युवाओं को भत्ता देने, किसानों के लिए फंड तैयार करने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने जैसे कई बड़े ऐलान किए गए थे। यदि इन सभी योजनाओं को एक साथ लागू किया जाता है, तो राज्य के खजाने पर भारी दबाव पड़ना तय है। अनुमान बताते हैं कि केवल महिलाओं को दी जाने वाली मासिक सहायता ही सालाना हजारों करोड़ रुपये का खर्च पैदा कर सकती है। इसी तरह बेरोजगारी भत्ता और अन्य योजनाएं राज्य की वित्तीय स्थिति को और चुनौतीपूर्ण बना सकती हैं।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

दूसरी ओर तमिलनाडु में विजय की पार्टी टीवीके के सामने भी कुछ कम चुनौती नहीं होगी। एक अभिनेता से नेता बने विजय ने जनता के बीच लोकप्रियता के आधार पर बड़ी जीत हासिल की है, लेकिन अब उन्हें प्रशासनिक और आर्थिक जटिलताओं से जूझना होगा। तमिलनाडु पहले से ही उच्च राजकोषीय घाटे वाले राज्यों में गिना जाता है। ऐसे में नई योजनाओं के लिए अतिरिक्त हजारों करोड़ रुपये जुटाना एक कठिन कार्य होगा, हालांकि अभी वहां सरकार गठन को लेकर असमंजस की स्थिति है।

यहां सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या मुफ्त योजनाएं वास्तव में दीर्घकालिक समाधान हैं या केवल तात्कालिक राजनीतिक लाभ का साधन। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी योजनाएं अल्पकाल में राहत जरूर देती हैं, लेकिन लंबे समय में यह आर्थिक बोझ बन सकती हैं। राज्यों के बजट का बड़ा हिस्सा यदि सब्सिडी और नकद सहायता में खर्च होने लगे, तो विकास परियोजनाओं के लिए संसाधन कम पड़ सकते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में निवेश प्रभावित हो सकता है, जो किसी भी राज्य की दीर्घकालिक प्रगति के लिए आवश्यक होते हैं।

यह भी सच है कि भारत जैसे देश में सामाजिक असमानताएं अभी भी बड़ी चुनौती हैं। गरीब और कमजोर वर्गों के लिए सरकारी सहायता जरूरी है, लेकिन इसका स्वरूप और दायरा संतुलित होना चाहिए। लक्षित योजनाएं, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ लागू की जाएं, तो वे समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं, लेकिन इन्हें केवल चुनावी हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाए, तो इसका असर सीमित और कभी-कभी नकारात्मक भी हो सकता है।

राजनीतिक दृष्टि से भी यह समय महत्वपूर्ण है। यदि ये सरकारें अपने वादों को प्रभावी ढंग से लागू करती हैं और आर्थिक संतुलन बनाए रखती हैं, तो यह उनके लिए दीर्घकालिक राजनीतिक लाभ का कारण बन सकता है, लेकिन यदि वे इसमें असफल रहती हैं, तो जनता का भरोसा जल्दी ही टूट सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

अमृत विचार
# शब्द रंग

मुंबई चमक-दमक, सपनों और संघर्षों की नगरी है, यहीं पर अभिनय की दुनिया में जाकिर हुसैन खान हैं, जिनकी जड़ें पूर्वांचल के छोटे से जिले बस्ती से जुड़ी हैं। इनकी शुरुआती शिक्षा भी यहीं से हुई। बचपन बस्ती की सादगी, रामलीला और नुक्कड़ नाटकों के बीच बीता, जहां उन्होंने बंदर बनकर पहली बार मंच का स्वाद चखा, लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ी, मायानगरी मुंबई की चकाचौंध ने उन्हें अपनी ओर खींचा और भीड़ भरी सड़कों पर काम की तलाश, छोट-छोटे रोल पाने के लिए लगातार संघर्ष करते रहे। क्राउड एक्टिंग से सफर शुरू कर धीरे-धीरे टीवी और फिल्मों में अपनी जगह बनाई। जाकिर आज भी खुद को जमीन से जुड़ा कलाकार मानते हैं। मुंबई की इसी चकाचौंध और उसके पीछे छिपे कड़वे सच को उन्होंने बेबाकी से उजागर किया।







# क्राउड से किरदार तक: एक अभिनेता की बेबाक कहानी



निशा सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

■ क्या इंडस्ट्री में आने के लिए संघर्ष करना पड़ा?

■ बिल्कुल, मैं सुबह काम की तलाश में घर से निकलता और शाम को निराश होकर घर लौट आता। धीरे-धीरे मुझे क्राउड एक्टिंग में काम मिलने लगा। हंसते हुए, कहीं आग लग गई तो चिल्लाने को कहा जाता, 'टीपू सुल्तान' में मुझे 'जय हनुमान' बोलने को कहा गया। फिर मुझे 1992 में आमिर खान के साथ फिल्म 'जो जीता वही सिकंदर' में काम मिला। उस समय मुझे एक दिन के 50 रुपये और 15 दिन के 750 रुपये मिले थे। आज साढ़े सात करोड़ रुपये मिल जाएं तो भी वो खुशी नहीं मिलेगी, जो उस साढ़े सात सौ रुपए में मिली थी।

■ किन-किन कलाकारों के साथ आपने काम किया?

■ मैंने हेमा मालिनी, अनिल कपूर, संजय दत्त, अमिताभ बच्चन के साथ पोलियो ऐड के लिए काम किया। इसके अलावा सलमान खान, इरफान खान, जूही चावला, सोनू सूद, कादर खान और परेश रावल जैसे कई कलाकारों के साथ काम किया। टेलीविजन में सीआईडी, पवित्र रिश्ता, चाचा चौधरी,सावधान इंडिया के कई एपिसोड में भी मैंने एक्टिंग की।

■ आपको असली पहचान कब मिली?

■ 1998 में जब सीआईडी सीरियल शुरू हुआ, जिसमें मुझे विलेन का रोल मिला। वहीं से पहचान मिलने शुरू हो गए। मैंने करीब 4000 टीवी एपिसोड और 72 से 75 फिल्मों में काम किया है।

■ अभिनेता बनना मुश्किल हैं, पर नेता बनना आसान हैं, आपने ऐसा क्यों कहा?

■ व्यंग्यात्मक अंदाज में, देखिए, अभिनेता बनने के लिए खूबसूरती, टैलेंट और व्यक्तित्व चाहिए, लेकिन आज के दौर में नेता बनने के लिए सिर्फ बोलने की कला काफी है। हंसते हुए, एक आईएएस की सैलरी दो या ढाई लाख रुपये महीना होती है, जबकि एक सुपरस्टार एक फिल्म के करोड़ों रुपये लेते हैं। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि अभिनेता बनना कितना मुश्किल है।

■ क्या इंडस्ट्री में नेपोटिज्म हैं? क्या पैसा और बैकग्राउंड भी जरूरी हैं?

■ आज के समय में टैलेंट के साथ-साथ पैसा भी जरूरी हो गया है। अगर मैं किसी अरबपति बाप का बेटा होता, तो शायद सुपरस्टार बन गया होता। जहां तक नेपोटिज्म की बात है, तो नेपोटिज्म हर जगह है, राजनीति में भी हैं।

■ कास्टिंग काउच पर आपकी क्या राय है?

■ मुझे नहीं लगता कि इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच जैसी कोई चीज भी है। कुछ लोग आगे बढ़ने के लिए खुद समझौता करते हैं।

■ क्या आपको सुपरस्टार न बनने का अफसोस हैं?

■ बिल्कुल नहीं, आज मैं ज्यादा सुकून में हूं। स्टार्स के पास सबकुछ होता है, लेकिन प्रेशर भी बहुत होता है। मेरा मानना है 'जो प्राप्त है, वहीं पर्याप्त' है।

■ सुशांत सिंह राजपूत के बारे में आपकी क्या राय है? शायद वह आपके दोस्त थे?

■ जी, सुशांत मुझसे उम्र में काफी छोटे थे पर, मेरी मित्रता थी। उन्होंने बहुत सफलता पाई, लेकिन मैंने उन्हें फ्रस्ट्रेशन में देखा। इसलिए कहते हैं कि शोहरत हमेशा खुशी नहीं देती।

■ आपका एकता कपूर के साथ क्या विवाद था?

■ 2014 में एकता कपूर की एक सीरियल के शूटिंग के दौरान कलाकारों के बीच विवाद हो गया और मैं बीच-बचाव करने चला गया, जिससे बात बढ़ गई और मामला एकता कपूर और महेश भट्ट तक पहुंच गया। बाद में समझौता हो गया, लेकिन मुझे सिरियल छोड़ना पड़ा।

■ कोई यादगार पल?

■ एक बार प्रयागराज कुंभ मेले 2019 में परफार्मेंस करने के लिए मेरे पास फोन आया, मुझे लगा कोई मजाक कर रहा है, क्योंकि मैं मुस्लिम हूं, लेकिन एक घंटे के अंदर मेरे एकाउंट में जब 50 हजार रुपये एडवांस आ गए तब मुझे विश्वास हुआ और 15 मिनट परफार्मेंस करने के लिए मुझे डेढ़ लाख रुपये मिले थे। आज तक मैं इस बात को भूला नहीं।

■ आपके लिए सबसे गर्व का पल?

■ जब 2019 में इंडियन सिनेमा का सबसे बड़ा अवार्ड 'दादा साहेब फाल्के फिल्म फाउंडेशन अवार्ड' मुझे मिला, वो मेरे लिए सबसे गर्व का पल था। इसके अलावा महाराष्ट्र सरकार ने एक कलाकार के रूप में मुझे सस्ते दाम पर फ्लैट भी उपलब्ध कराया।

■ आपकी आने वाली फिल्म?

■ जी, 'दुनिया तेरे नाम' एक लव स्टोरी पर आधारित फिल्म है, जिसमें मैं मुख्य विलेन की भूमिका निभा रहा हूं और इस साल के अंत तक फिल्म रिलीज करने की योजना है।

■ स्टारडम बनने का ख्वाब देखने वाले युवक-युवतियों को आप क्या सलाह देना चाहेंगे?

■ आज का दौर डिजिटल का है। अगर आपके भीतर हुनर है, तो बड़े मंच का इंतजार मत कीजिए, अपना खुद का मंच बनाइए। अगर आप साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं, आपका कोई मजबूत आधार नहीं है, तो स्टार बनने का सपना देखना बहुत कठिन डगर है। शोहरत एक नशा है, जो दिखने में आकर्षक है, लेकिन अक्सर इंसान को भटका भी देती है।

# ज्येष्ठ माह और जलदान का महत्व



पूनम नेगी
लखनऊ

'जल ही जीवन है' ज्येष्ठ माह की गर्मी की प्रचंडता इस कहावत को सौ फीसदी सच साबित करती है। सूर्य किरणों की तपन की ज्येष्ठता (प्रचंडता) के कारण हिन्दू पंचांग में वर्ष के तीसरे महीने को ज्येष्ठ कहा जाता है। सर्वाधिक बड़े दिन वाला यह महीना गर्मी के हिसाब से सबसे ज्यादा कष्टकारी होता है। इस महीने में 'नौतपा' नक्षत्र भी लगता है। 'नौतपा' यानी सर्वाधिक तपने वाले नौ दिन। ज्योतिषीय गणना के अनुसार माना जाता है कि जेठ महीने में सूर्य जब रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है, तब गर्मी प्रचंड पड़ती है। इन दिनों में वायुमंडल का अधिकतम तापमान 45 से 48 डिग्री तक पहुंच जाता है। आधुनिक मौसम वैज्ञानिक इसे 'हीट वेव' या लू वाले दिन भी कहते हैं।



## लोककवि घाघ व भड्डरी का सटीक मौसम विज्ञान

ज्ञात हो कि हमारे भारत की पुरातन कृषि संस्कृति के सदियों पुराने अनुभवों से निकले निष्कर्ष आज के मशीनी युग में भी कितने सही साबित हो रहे हैं, यह विचारणीय बिंदु है। भारतीय लोकजीवन के मौसम विज्ञानी माने जाने वाले महाकवि घाघ और भड्डरी द्वारा मध्ययुग में मौसम, वर्षा और कृषि को लेकर की गईं भविष्यवाणियां आज की इक्कीसवीं सदी में भी उतनी ही सटीक हैं, जो तब थीं, जब पर्यावरण संकट और ऋतु चक्र परिवर्तन जैसी कोई परिकल्पना भी नहीं थी। जानना दिलचस्प हो कि कहावतों और लोकोक्तियों में की गई इन भविष्यवाणियों में 'नौतपा' के बारे में लोककवि घाघ कहते हैं- जेठ मास जो तपे निरासा, तब जानों बरसा की आसा। तपै नवतपा नव दिन जोय, तौ पुन बरखा पूरन होय।। अर्थात यदि ज्येष्ठ माह में नौतपा खूब तपा तो उस साल बारिश जमकर होगी। वहीं यदि नौतपा के दौरान बारिश हो गई तो इसे 'नौतपा' का गलना कहा जाता है। ऐसा होने पर मानसून के दौरान अच्छी बारिश की संभावना नहीं होती। इसी तरह महाकवि घाघ के समकालीन लोककवि भड्डरी भी कहते हैं- सर्व तपे जो रोहिनी, सर्व तपे जो मूर। परिवा तपे जो जेठ की उपजे सातों तूर।। अर्थात जब जेठ के रोहिणी नक्षत्र की परेवा में गर्मी खूब गर्मी पड़ती है, तो उस वर्ष जमकर वर्षा होती है। वाकई हैरानी की बात है कि इन बातों का कोई वैज्ञानिक आधार न होते हुए भी यदि हम देश के मानसून के बारे में सोचें तो यह अनुमान सही प्रतीत होते हैं।



## भंडारों की पावन परंपरा



ज्येष्ठ माह में सूर्य के प्रचंड ताप के कारण कुएं, नदी, तालाब व पोखर आदि जलस्रोतों के सूख जाने के कारण जल संकट की समस्या गहरा जाती है। हम मनुष्य तो किसी तरह अपने आप को इस भीषण गर्मी से सुरक्षित रख लेते हैं, लेकिन उन निरीह पशु-पक्षियों का क्या जिनके लिए यह आग उगलती गर्मी किसी जानलेवा मुसीबत से कम नहीं होती।

भूख और प्यास की वजह से पशु-पक्षियों के दम तोड़ने की सर्वाधिक घटनाएं इसी चिलचिलाती गर्मी के मौसम में होती हैं। इन मूक पशु-पक्षियों का यूं भूखा-प्यासा रहकर दम तोड़ना हमारे प्रकृति चक्र और पर्यावरण के लिए बेहद अशुभ है। आज वैज्ञानिक भी मानते हैं कि भोजन श्रृंखला के चलते एक जीव का जीवन दूसरे पर और वनस्पती व जीवों का जीवन परस्पर अस्तित्व पर टिका है।

अप्राकृतिक रूप से कोई एक जीव मरता है, तो उससे पूरी श्रृंखला प्रभावित होती है। ज्ञात हो कि हमारे वैदिक मनीषी मानवी चेतना के मर्मज्ञ होने के साथ प्रकृति संरक्षण के ज्ञान विज्ञान के भी गहन जानकार थे। इसीलिए उन्होंने सदियों पूर्व ही कुदरत के ऋतु चक्र परिवर्तन के अनुरूप समाज में ऐसी परंपराएं विकसित कर दी थीं ताकि धार्मिक क्रियाकलापों के अनुपालन के साथ जन सामान्य विषम और प्रतिकूल परिस्तिथियों में कुदरत के ताने-बाने को क्षरित होने से बच सके। 'ज्येष्ठ' माह में जल संरक्षण के साथ अन्न व जलदान हमारे की महान पूर्वजों द्वारा विकसित ऐसी ही एक श्रेष्ठ परंपरा है, जिसका अनुपालन आज भी हमारी ग्राम्य संस्कृति में देखा जा सकता है। यह हमारी वैदिक महान संस्कृति की अत्यंत प्राचीन परंपरा है। इस परंपरा के तहत वैशाख व जयेष्ठ मास में जब गांव में फसल का नवीन अन्न आता है, तो पूरे माह भर स्थान पर देव पूजा के साथ भंडारे आयोजित किए जाते हैं। इन भंडारों से अनेक लाभ होते हैं। पहला तो समष्टि के प्रति लोकमंगल की भावना विकसित होती है। दूसरे इन आयोजनों में अमीर-गरीब सभी के लिए बिना किसी भेदभाव के प्रसाद पाने की व्यवस्था होने से सामाजिक समरसता बढ़ती है तथा तीसरे इनसे बंदर, कुत्ते, कौए, चिड़िया व चीटीं आदि अनेक मनुष्येत्तर जीवों को भी इस तपती शुष्क ऋतु में सहजता से पेट भरने लायक आहार उपलब्ध हो जाता है।

# गजलों से पहचान बनाते हमीद



चार दशक पहले हमीद खिजर को लगा शेर-ओ-शायरी का चस्का, आज जुनून की सूरत अख्तियार कर चुका है। पांच गजल संग्रहों के शायर हमीद खिजर ने अपने जुदा तेवरों वाली शायरी से अलग पहचान बनाई है। अब हमीद का नाम किसी परिचय का मोहताज नहीं है। वह अपनी शायराना सलाहियतों के दम पर धीरे-धीरे मंजिल की तरफ बढ़ रहे हैं। उन्हें राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश की ओर मिर्जा गालिब अवार्ड और अकबर इलाहाबादी अवार्ड मिल चुके हैं।

-राशिद हुसैन जुगनू
शाहजहांपुर

शाहजहांपुर के मोहल्ला दिलाजाक में सितंबर 1974 में जन्मे हमीद खां हमीद खिजर को शायरी विरासत में नहीं मिली। गुनगुनाने के शौक ने धीरे-धीरे हमीद को गजल तक पहुंचा दिया। उन्होंने कम उम्र में ही बाकायदा गजल लिखना शुरू किया था। उनका मार्गदर्शन पड़ोस में रहने वाले कहानी लेखक व शायर अयूब 'असर' ने किया। उन्होंने हमीद की बेतरतीब शायरी को राह दिखाई। हमीद ने अपनी जादुई आवाज से जब शायरी गुनगुनाई तो सभी उनके मुरीद होते चले गए।

हमीद ने अपनी अधूरी गजलों में नौ बरस तक अयूब असर से सही कराईं। बाद में उन्हीं की सलाह पर उस्ताद शायर 'सागर' वारसी से जुड़ गए। नए मार्गदर्शक ने उन्हें शायरी की नोक-पलक दुरुस्त करना सिखाया। इससे हमीद 'खिजर' की गजलों में नयापन आया।



अपनी जादुई आवाज और खूबसूरत कलाम से हमीद शहर में होने वाली महफिलों में छा गए। उन्होंने अपना दिलो-दिमाग शायरी में इस कदर लगाया कि उनके पास गजलों के ढेर लग गए।

हमीद ने इन बिखरी गजलों को संकलन के रूप में छपवाने में काफी मेहनत की। उनका पहला उर्दू गजल संग्रह 'लम्स-ए-शबनम' 2002 में प्रकाशित हुआ। इस संग्रह को खूब सराहना मिली। इसके बाद हमीद ने वर्ष 2002 में हिन्दी गजल संग्रह 'धड़कन' के नाम से निकाला। 'धड़कन' के जरिए हमीद ने अपने और जमाने के सुख-दुख का एहसास कराया है। हमीद का तीसरा गजल संग्रह उर्दू में 'लरजते साये' वर्ष 2015 में, चौथा हिन्दी गजल संग्रह 'ठंडी हवा के झोंके' 2016 में और पांचवा गजल संग्रह 'कर्बे शबनम' वर्ष 2020 में प्रकाशित हुआ। उन्होंने एक संग्रह 'भोर की लालिमा' 2022 में प्रकाशित कराया, जिसमें बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर कई रचनाकारों के लेख शामिल हैं।

लोक निर्माण विभाग शाहजहांपुर में कार्यरत हमीद को शायरी की भूख है। वह चाहे कितने भी मायूस क्यों न हों, लेकिन मुश्किलों को भी झेलने का कलेजा रखकर हमीद, 'गजल' का खाका तैयार कर ही लेते हैं। हमीद ने गजल को कई रंग व ढंग देने में 'उस्तादाना' फन दिखाया है। हालांकि वह खुद इसे नहीं मानते। पाठकों के बीच उनकी शायरी पसंद की जाए, बस इसी को हमीद अपने लिए सबसे बड़ा इनाम मानते हैं। उनका कहना है कि शायरी ने उन्हें जीने की राह दिखाई है, इसे वह हमेशा लिखते रहेंगे।

हमीद को हिन्दी-उर्दू साहित्य सेवा के लिए उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान की ओर से दो बार पुरस्कार भी मिले। उन्हें मिर्जा गालिब अवार्ड और अकबर इलाहाबादी अवार्ड से नवाजा गया। पुरस्कार मिलने से हमीद के हौसलों को नई उड़ान और नया आकाश मिला।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2595, राज श्री 1950, फ़ॉर्चून कि. 2700, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2370, जय जवान 2125, सचिन 2340, सूरज 2125, अवसर 2125, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2200, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2330, चक्र टिन 2565, ब्लू 2440, आशीर्वाद मस्टर्ड 2440, स्वास्तिक 2550

**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 24500–25000, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150

**चावल**– ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400, लाडली 4400

**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10700–12200, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 7000–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000–11600, अरहर कोरी छोटी 12600 चीनी – द्वारकेश 4320, बहेड़ी 4300, सितारगंज 4270

**बरेली सर्राफा** – ( प्रति 10 ग्राम ) गोल्ड ( पक्के जेवर ) 152200, गोल्ड ( गिन्नी जेवर ) 148200, सिल्वर ( पक्की ) 2530 ( अनुमानित )

## हल्द्वानी मंडी

**नोट : दाम प्रति क्विंटल में**

**चावल** : शरबती- 6200-7600 बासमती- 10200-12400 परमल- 2200-3400

**दाल दलहन**–काला चना- 5200-6600 साबुत चना दाल- 6200 मूंग साबुत- 10400 राजमा- 11000-12400 दाल उड़द- 9000-11600 साबुत मसूर दाल- 7000-7800 मसूर दाल- 9000 10400 उड़द साबुत- 10000 काबुली चना- 10000-10600 अरहर दाल- 9200 -11400 लोबिया/करमानी- 1200-2000

# भारत में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग पर दांव लगाएगा गूगल

### एआई और ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग के अवसर तलाश रही अमेरिकी टेक दिग्गज कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत को वैश्विक एआई हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत, अमेरिकी टेक दिग्गज गूगल देश में एआई अवसंरचना, सर्वर और ड्रोन विनिर्माण के क्षेत्र में बड़े निवेश की तैयारी कर रही है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कंपनी के शीर्ष अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक के बाद यह जानकारी साझा की।

यह घोषणा गूगल द्वारा अप्रैल में आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 15 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये) की लागत से बनने वाले एआई केंद्र की आधारशिला रखने के तुरंत बाद आई है। मंत्री वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि गूगल अब केवल सॉफ्टवेयर ही नहीं, बल्कि हार्डवेयर और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में भी भारत के साथ गहरी साझेदारी करने की इच्छुक है। कंपनी का मुख्य फोकस देश में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास, स्थानीय स्तर पर सर्वर विनिर्माण और ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग पर है। इसके तहत गूगल एआई डेटा सेंटर्स की कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने, डेटा सुरक्षा के लिए सर्वर निर्माण और कृषि, लॉजिस्टिक्स व रक्षा क्षेत्रों के लिए उन्नत ड्रोन तकनीक के उत्पादन पर काम करने की योजना बना रही है।






- **विशाखापत्तनम में 15 अरब डॉलर के एआई केंद्र के बाद अब सर्वर निर्माण पर फोकस**

विशेषज्ञों का मानना है कि गूगल का यह निवेश भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई पर ले जाएगा। बैठक में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को भारत की ओर मोड़ने और उच्च-तकनीकी रोजगार पैदा करने पर भी चर्चा हुई। सरकार के सेमीकंडक्टर और आईटी हार्डवेयर के लिए दिए जा रहे पीएलआई (PLI) स्कीम के प्रोत्साहनों ने गूगल जैसी कंपनियों को स्थानीय विनिर्माण के लिए आकर्षित किया है।

### भारत में गूगल के निवेश का रोडमैप

- सरकार के 'मेक इन इंडिया' और 'एआई फॉर ऑल' मिशन को गति देने के लिए गूगल इन क्षेत्रों पर केंद्रित है
- AI इंफ्रास्ट्रक्चर : देश में गीगावाट-स्केल के AI डेटा सेंटर्स और कंप्यूटिंग क्षमता का विस्तार।
- सर्वर विनिर्माण : स्थानीय स्तर पर सर्वर निर्माण से डेटा संप्रभुता और साइबर सुरक्षा को मजबूती।
- ड्रोन टेक्नोलॉजी : कृषि, लॉजिस्टिक्स और रक्षा क्षेत्रों के लिए उन्नत ड्रोन विनिर्माण और नवाचार।
- विशाखापत्तनम हब : आंध्र प्रदेश में 15 अरब डॉलर की लागत से 'भारत AI हब' का निर्माण।

## मिठास के साथ शुरुआत



पश्चिम बंगाल में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह से पहले बांकुड़ा के एक मिष्ठान भंडार में 'कमल' छाप और केसरिया संदेश तैयार करते कारीगर। राज्यभर में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद मिठाइयों की मांग कई गुना बढ़ गई है।

# कनाडा के साथ समझौते पर सहमति

**नई दिल्ली:** भारत और कनाडा ने द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते को जल्द अंतिम रूप देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते के लिए बातचीत का दूसरा दौर शुक्रवार को नई दिल्ली में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 4 से 8 मई तक चली इस पांच दिवसीय वार्ता की मेजबानी भारत के वाणिज्य विभाग ने की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच 'बेहद रचनात्मक और सार्थक' चर्चा हुई। वार्ता का मुख्य उद्देश्य एक ऐसा संतुलित और महत्वाकांक्षी समझौता तैयार करना है, जो दोनों देशों के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी साबित हो सके। पांच दिवसीय बैठक में दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने और एक संतुलित व परस्पर लाभकारी समझौते पर पहुंचने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

वार्ता में वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार, बौद्धिक संपदा, उत्पादन के मूल स्थान के नियमों, स्वच्छता और पादप-स्वच्छता उपायों तथा व्यापार में आने वाली तकनीकी बाधाओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

# एयर इंडिया का कॉस्ट-कटिंग प्लान: बंद होंगी घाटे वाली उड़ानें

- **हवाई क्षेत्र की पाबंदियों से संकट में एयर इंडिया, सीईओ ने दिए उड़ानें घटाने के संकेत**

**नई दिल्ली, एजेंसी**




पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और हवाई क्षेत्र की पाबंदियों के कारण एयर इंडिया को अपने परिचालन में बड़े बदलाव करने पड़ रहे हैं। एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने शुक्रवार को कर्मचारियों के साथ बैठक में संकेत दिए कि कंपनी घाटे में चल रहे हवाई मार्गों पर उड़ानों की संख्या कम कर सकती है या सेवाएं पूरी तरह निलंबित कर सकती है।

### परिचालन लागत में भारी उछाल

विल्सन ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र के बंद होने, पश्चिम एशिया संकट और विमान ईंधन की कीमतों में आई भारी तेजी ने एयरलाइन की लागत को असहनीय स्तर तक बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा, "लंबी उड़ान अवधि और हवाई पाबंदियों के कारण कई अंतरराष्ट्रीय मार्ग अब लाभदायक नहीं रह गए हैं। हमें नेटवर्क को लचीला रखना होगा।

### जून-जुलाई में और कटौती संभव

एयर इंडिया ने अप्रैल और मई में पहले ही अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कटौती शुरू कर दी थी। सीईओ के अनुसार, अब जून और जुलाई के लिए जारी उड़ान कार्यक्रमों में भी और अधिक कटौती की संभावना है। वर्तमान में एयरलाइन के पास 190 विमान हैं जो हर सप्ताह लगभग 8,000 उड़ानें संचालित करते हैं।

### वेतन वृद्धि स्थगित, खर्चों पर लगाम

कर्मचारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि को कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया गया है। कर्मचारियों से गैर-जरूरी खर्चों को तुरंत कम करने की अपील की गई है।सीईओ ने विश्वास जताया कि परिस्थितियां सुधरने पर इन मार्गों पर सेवाएं दोबारा बहाल की जा सकती हैं, लेकिन फिलहाल राजस्व बढ़ाने और लागत घटाने वाले कदमों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# महाराष्ट्र में प्याज किसानों पर आर्थिक संकट, 1,500 रुपये सब्सिडी की मांग

**मुंबई/नासिक:** महाराष्ट्र में प्याज की कीमतों में भारी गिरावट और खेती की बढ़ती लागत के कारण किसान बड़े आर्थिक संकट में फंस गए हैं। महाराष्ट्र राज्य प्याज उत्पादक संघ ने शुक्रवार को कहा कि किसान अपनी उत्पादन लागत भी नहीं निकाल पा रहे हैं, जिससे राज्य में 'आर्थिक तबाही' जैसे हालात हैं। संघ ने सरकार से तुरंत हस्तक्षेप करते हुए किसानों को 1,500 रुपये प्रति क्विंटल की सब्सिडी देने की मांग की है।संघ के अध्यक्ष भरत दिघोले ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में खाद, बीज, मजदूरी और परिवहन की लागत बढ़ी है, जबकि प्याज के दाम न्यूनतम स्तर पर पहुंच गए हैं। नासिक और सोलापुर जैसी प्रमुख मंडियों में किसानों को उनकी लागत से भी कम दाम मिल रहे हैं, जिससे उनकी स्थिति दयनीय हो गई है। सोलापुर मंडी में एक किसान को अपनी पूरी फसल बेचने के बाद सभी खर्च काटकर बहुत ही कम राशि प्राप्त हुई। कम कीमतें मिलने के विरोध में छत्रपति संभाजीनगर के वैजापुर में किसानों ने नीलामी रोककर धरना दिया। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि निर्यात नीतियों में सुधार नहीं किया गया और एमएसपी की घोषणा नहीं हुई, तो पूरे राज्य में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### किसानों की प्रमुख मांगें

- किसानों ने कहा है कि प्याज उत्पादकों को 1,500 प्रति क्विंटल की तत्काल सब्सिडी मिले।
- प्याज के लिए गारंटीशुदा न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित हो।
- निर्यात पर लगी सभी पाबंदियां तुरंत हटाई जाएं।
- बाजार समितियों में कमीशन और बिचौलियों पर लगाम लगे।

# एमएसपी पर फसलों की खरीद में तेजी लाएं एजेंसियां : शिवराज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **थोक मंडियों में चना, मसूर, उड़द और सरसों जैसी फसलों की कीमतें समर्थन मूल्य से नीचे आने के बाद हुई समीक्षा बैठक**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सरकारी सहकारी संस्थाओं नाफेड और एनसीसीएफ को रबी फसलों, विशेषकर दलहन और तिलहन की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद में तेजी लाने का सख्त निर्देश दिया है। यह निर्देश थोक मंडियों में चना, मसूर, उड़द और सरसों जैसी फसलों की कीमतें समर्थन मूल्य से नीचे आने के बाद एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान दिया गया।

**जिला-स्तर पर बनेगी कार्ययोजना** : बैठक में यह निर्देश दिया गया कि जिला-स्तर पर उत्पादन के अनुमानों, बाजार में आने वाली संभावित उपज और कम से कम 25 प्रतिशत की खरीद क्षमता के आधार पर ठोस कार्ययोजनाएं तैयार की जाएं। मंत्री ने निगरानी को बेहतर बनाने के लिए राज्य-स्तरीय पोर्टलों को केंद्र के सीएनए पोर्टल के साथ एकीकृत करने को कहा है ताकि पूरी प्रक्रिया को ट्रैक किया जा सके और बिचौलियों को रोका जा सके।

बैठक के दौरान बिहार में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण की कमी, गुजरात में भुगतान में देरी और महाराष्ट्र में डेटा मिलान जैसे राज्य-विशिष्ट मुद्दों पर भी चर्चा हुई। चौहान ने आश्वासन दिया कि जहाँ भी स्थानीय प्रशासनिक बाधाओं के कारण खरीद प्रभावित हो रही है, वहाँ केंद्र सरकार राज्य सरकारों के साथ सक्रिय समन्वय बनाकर हस्तक्षेप करेगी। उन्होंने दोहराया कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए किसानों को यह भरोसा दिलाना आवश्यक है कि बाजार की नरमी के समय भी उन्हें सरकारी खरीद का पूरा समर्थन मिलेगा।

### 72 घंटों के भीतर भुगतान की गारंटी

चौहान ने खरीद कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि वे इस प्रक्रिया को केवल एक सरकारी औपचारिकता न मानकर 'अभियान स्तर' पर जिम्मेदारी के रूप में लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि बाजार की कीमतें कम होने पर खरीद समय पर नहीं की जाती, तो यह किसानों के हित में नहीं होगा। पारदर्शिता और त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने के लिए मंत्री ने एक सख्त मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) लागू करने का आदेश दिया है, जिससे खरीद के 72 घंटों के भीतर किसानों को उनकी उपज का भुगतान सीधे बैंक खातों में मिल सके।

# विमान लीजिंग क्षेत्र में 50 अरब डॉलर के अवसर

**गांधीनगर, एजेंसी**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने भारत के विमानन क्षेत्र को वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में बड़ा बयान दिया है। शुक्रवार को गिफ्ट सिटी में 'भारत विमान लीजिंग एवं वित्तपोषण शिखर सम्मेलन' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश में विमान लीजिंग पारितंत्र के लिए अगले एक दशक में 50 अरब डॉलर के अवसर मौजूद हैं। नायडू ने घरेलू लीजिंग तंत्र की आवश्यकता पर जोर देते हुए विमानन क्षेत्र के भविष्य का खाका पेश किया। साल 2027 तक वाणिज्यिक विमानों की संख्या 1,100 और 2035 तक 2,250 से अधिक होने की उम्मीद है। वर्तमान में भारतीय एयरलाइंस के 1,640 विमानों की डिलीवरी लंबित है। भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ता विमानन बाजार है, बल्कि विमान वित्तपोषण के वैश्विक क्षेत्राधिकार के रूप में भी उभर रहा है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण और फिक्की द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल मुख्य अतिथि रहे। मंत्री ने इस वृद्धि को समर्थन देने के लिए मजबूत घरेलू वित्तपोषण तंत्र विकसित करने पर बल दिया।

### यस बैंक पर 31.8 लाख रुपये का जुर्माना

**मुंबई।** आरबीआई ने केवाईसी मानदंडों का पालन न करने पर यस बैंक पर 31.80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बैंक उन ग्राहकों का केवाईसी पहचानकर्ता इस्तेमाल करने में विफल रहा, जिनके रिकॉर्ड पहले से ही केंद्रीय केवाईसी रजिस्ट्री में मौजूद थे। इसके अतिरिक्त, आरबीआई ने एक अन्य मामले में हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड पर भी 1.8 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

# शैक्षणिक कार्यों के लिए अब 30 दिन पुराना शेयर डेटा : सेबी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बाजार नियामक सेबी ने निवेशक जागरूकता और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए शेयर मूल्य आंकड़े साझा करने के नियमों में बड़ा संशोधन किया है।

शुक्रवार को जारी नए निर्देशों के अनुसार, अब शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए शेयर बाजारों के आंकड़ों का उपयोग करने के लिए 30 दिन की एकसमान समय-सीमा तय की गई है। इसका अर्थ है कि अब 30 दिन पुराने वास्तविक शेयर आंकड़ों का उपयोग पढ़ाई और प्रशिक्षण के लिए किया जा सकेगा।

सेबी ने एक परिपत्र में स्पष्ट किया कि यह नई व्यवस्था 1 जुलाई से प्रभावी होगी। इस बदलाव का मुख्य उद्देश्य बाजार आंकड़ों के संभावित दुरुपयोग को रोकना और शैक्षणिक सामग्री को प्रासंगिक बनाए रखने के बीच संतुलन स्थापित करना है। इससे पहले, सेबी ने जनवरी 2025 में नियमों को सख्त करते हुए शैक्षणिक संस्थानों के लिए तीन महीने पुराने आंकड़ों के उपयोग की शर्त रखी थी, जिसे अब घटाकर 30 दिन कर दिया गया है। नियामक ने पाया कि आंकड़ों में केवल एक दिन की देरी इसके व्यावसायिक दुरुपयोग की आशंका को पूरी तरह खत्म नहीं कर पा रही थी, वहीं तीन महीने की देरी से शैक्षणिक सामग्री की उपयोगिता और प्रासंगिकता कम हो रही थी। इन दोनों स्थितियों को देखते हुए अब डेटा साझा करने और उसके उपयोग, दोनों के लिए 30 दिन की समान देरी का नियम लागू किया गया है। हालांकि, सेबी ने राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान के लिए पुरानी व्यवस्था बरकरार रखी है।

**बात तेल की** — कच्चे तेल की कीमतें 120 डालर के पार ; पेट्रोल पर 18 और डीजल पर 25 प्रति लीटर का घाटा झेल रही हैं कंपनिया

# प. एशिया संकट : तेल कंपनियों को हर महीने 30,000 करोड़ घाटा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में गहराते तनाव के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी तेजी ने भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों की वित्तीय स्थिति को संकट में डाल दिया है। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें जो दो महीने पहले लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थीं, वे अब उछलकर 120 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गई हैं। इस जबरदस्त उछाल के बावजूद घरेलू बाजार में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम स्थिर रखे गए हैं, इससे इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल जैसी कंपनियों को प्रतिदिन 700 से 1,000 करोड़ रुपये का भारी घाटा उठाना पड़ रहा है। मासिक आधार पर यह नुकसान करीब 30,000 करोड़ तक पहुंच गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि बाजार में भारी उतार-चढ़ाव और आपूर्ति बाधित होने के कारण पेट्रोलियम कंपनियों की लागत और खुदरा बिक्री मूल्य के बीच का अंतर मार्च और अप्रैल के दौरान बहुत बढ़ गया है।




- **अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उबाल, भारत में स्थिर रहे दाम; तेल कंपनियों के मार्जिन पर बढ़ा भारी दबाव**
- **सरकार की कोशिश महंगाई से बचाने की, विशेषज्ञों ने जताई कंपनियों के भविष्य पर चिंता**

अनुमानों के मुताबिक, अप्रैल में कंपनियों को पेट्रोल की बिक्री पर करीब 18 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 25 रुपये प्रति लीटर तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। हालांकि, उन्होंने यह बताने से फिलहाल इनकार कर दिया कि घरेलू कीमतें आगे भी स्थिर रहेंगी या नहीं, लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का अब तक का पूरा प्रयास उपभोक्ताओं पर बोझ न डालने का रहा है।सरकार ने इन कंपनियों पर पड़ रहे वित्तीय बोझ को कुछ हद तक कम करने के लिए उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) में महत्वपूर्ण कटौती की है। पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 3 रुपये कर दिया गया है, जबकि डीजल पर इसे 10 रुपये से घटाकर शून्य कर दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार, यदि सरकार उत्पाद शुल्क में यह कटौती नहीं करती, तो तेल कंपनियों पर घाटे का यह बोझ 62,500 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता था। शुल्क में की गई इस कटौती की वजह से अब केंद्र सरकार को भी हर महीने करीब 14,000 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है।बाजार विशेषज्ञों और रेटिंग एजेंसियों का मानना है कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और खुदरा दरों में बदलाव न होने से तेल कंपनियों के बहीखाते और मुनाफे पर गहरा असर पड़ा है। यदि कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक इसी उच्च स्तर पर बनी रहती हैं, तो कंपनियों को अपनी कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए बाजार से अतिरिक्त कर्ज लेना पड़ सकता है। इससे न केवल उनके ऋण के स्तर में वृद्धि होगी, बल्कि उनकी भविष्य की पूंजीगत व्यय योजनाओं और विस्तार परियोजनाओं की भी समीक्षा करनी पड़ सकती है। फिलहाल, मंत्रालय आपूर्ति श्रृंखला की कड़ी निगरानी कर रहा है ताकि ऊर्जा संकट की स्थिति पैदा न हो।

# अंतरिक्ष क्षेत्र : वैश्विक मानक तय करने में भूमिका निभाएगा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **आईएसओ की बैठक में विशेषज्ञों का मंथन; इन-स्पेस और बीआईएस ने भारतीय मानकों को अंतर्राष्ट्रीय ढांचे के अनुरूप ढालने पर दिया जोर**

भारत अब वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में न केवल अपनी भागीदारी बढ़ा रहा है, बल्कि इस क्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय मानक तय करने में भी अग्रणी भूमिका निभाने का इच्छुक है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि नीतिगत सुधारों और 'इन-स्पेस' जैसी निजी भागीदारी वाली पहलों के कारण भारत की वैश्विक भूमिका मजबूत हुई है।भारतीय मानकों को वैश्विक ढांचे से जोड़ने की तैयारीभारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आयोजित इस बैठक में 13 देशों के 131 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बीआईएस के महानिदेशक संजय गर्ग ने बताया कि संगठन भारतीय मानकों को अंतरराष्ट्रीय ढांचे के अनुरूप ढालने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से देश के विशेषज्ञों को वैश्विक मानकीकरण की प्रक्रिया में सीधे भागीदारी का अवसर मिल रहा है, जो भविष्य के मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है।नवाचार और सुरक्षा के लिए मानक जरूरी'इन-स्पेस' के चेयरमैन पवन गोयनका ने जोर देते हुए कहा कि भारत को वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था से जोड़ने के लिए मजबूत मानक आधारशिला का काम करेंगे। आईएसओ की यह उपसमिति अंतरिक्ष प्रणालियों के डिजाइन, निर्माण, प्रक्षेपण और संचालन जैसे पूरे जीवनचक्र के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक विकसित करती है। इसमें मिशन की सुरक्षा, तकनीकी अनुकूलता और दीर्घकालिक स्थिरता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि भारत के निजी और सरकारी अंतरिक्ष मिशन वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकें।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### इंडोनेशिया: ज्वालामुखी में विस्फोट से तीन पर्वतारोहियों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के एक दूरस्थ द्वीप पर स्थित माउंट डुकोनो ज्वालामुखी में विस्फोट से तीन पर्वतारोहियों की मौत हो गई। उत्तर हलमाहेरा के पुलिस प्रमुख एर्लिचसन पासारिबु ने बताया कि सुरक्षा प्रतिबंधों की अवहेलना करते हुए, लगभग 20 पर्वतारोही बृहस्पतिवार को हलमाहेरा द्वीप पर स्थित लगभग 1,355 मीटर (4,445 फुट) ऊंचे ज्वालामुखी पर चढ़ाई करने के लिए रवाना हुए थे। इंडोनेशिया की भूवैज्ञानिक एजेंसी के अनुसार, स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 41 मिनट पर डुकोनो ज्वालामुखी में विस्फोट से लोग वहां फंस गए। पासारिबु ने कहा, पर्वतारोहियों को पता था कि चढ़ाई प्रतिबंधित है, लेकिन वे आगे बढ़ते रहे। दुर्घटना की सूचना के बाद बचाव दलों को तुरंत मौके पर भेजा गया।

### पाकिस्तान: मोर्टार का गोला फटने से छह की मौत, 13 घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मोर्टार का गोला फटने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, यह घटना हांगू जिले के दुर्रानी बांदा इलाके में उस समय हुई, जब सुरक्षा बल उन आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चला रहे थे जिन्होंने बृहस्पतिवार को रिहाइशी इलाके में मोर्टार के गोले दागे थे। अधिकारी ने बताया कि मृतकों में नाबालिग और युवक शामिल हैं। वहीं, घायलों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को इलाज के लिए हांगू के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि गंभीर घायल छह लोगों को कोहाट के अस्पतालों में रेफर किया है। इनमें से कई लोगों की हालत काफी नाजुक है।

### रामाफोसा पर नकदी घोटाले में महाभियोग का रास्ता साफ



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका की सर्वोच्च अदालत ने संसद में हुए उस मतदान को रद्द कर दिया है, जिसमें अधिकतर सांसदों ने नकदी घोटाले में राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा की संलिप्तता के सबूत पेश करने वाली रिपोर्ट को खारिज करने के पक्ष में वोट दिया था। इस फैसले से रामाफोसा के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही का मार्ग प्रशस्त हो गया है। रामाफोसा 2022 में महाभियोग का सामना करने से बच गए थे, जब उनकी अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस पार्टी के सांसदों ने उस रिपोर्ट को खारिज करने के पक्ष में मतदान किया था, जिसमें उनके फाला फाला गेम फार्म में सोफे में छिपाकर रखे गए 5,80,000 अमेरिकी डॉलर की चोरी की गहन जांच की सिफारिश की गई थी।

### केअर स्टार्मर ने ली स्थानीय चुनावों में हार की जिम्मेदारी



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने शुक्रवार को कहा कि स्थानीय चुनावों में लेबर पार्टी को मिली करारी हार की जिम्मेदारी वह लेते हैं। इन चुनावों में आप्रवासन विरोधी रुख वाली 'रिफॉर्म यूके' पार्टी को बड़ी जीत मिली है।

स्टार्मर ने बृहस्पतिवार को पूरे ब्रिटेन में हुए स्थानीय परिषदों और स्कॉटलैंड एवं वेल्स की संसदों के चुनावों की मतगणना के दौरान पत्रकारों से कहा कि इस परिणाम से देश की अर्थव्यवस्था के सामने मौजूद चुनौतियों से निपटने के उनके संकल्प में कोई कमी नहीं आएगी। वेस्टमिंस्टर, साउथेम्प्टन, एक्सेटर, रेडिच, वैंड्सवर्थ, हार्टलपूल, टैमवर्थ और टेमसाइड की कई महत्वपूर्ण परिषदों में 'लेबर पार्टी' का बहुमत छिन जाने के बाद स्टार्मर पर पार्टी नेता और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने का दबाव बढ़ रहा है। स्टार्मर ने कहा, नतीजे खराब हैं, बहुत खराब हैं और इसे छिपाया नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा, देशभर में लेबर पार्टी के प्रतिभाशाली प्रतिनिधियों को हार मिली है। ये वे लोग थे, जिन्होंने अपने समुदायों और हमारी पार्टी के लिए बहुत कुछ किया। इससे दुख होता है और होना भी चाहिए।

# अमेरिकी जहाजों पर ईरानी हमले के बाद भी ट्रंप का दावा- युद्धविराम अभी बरकरार

## हमले को मामूली घटना बताया, कहा- समझौते पर दस्तखत न किए होंगे गंभीर परिणाम

**तेहरान/वाशिंगटन, एजेंसी**

रणनीतिक रूप से ईरान का महत्वपूर्ण हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर अमेरिकी नौसेना के विध्वंसक जहाजों और ईरानी सेना के बीच गुरुवार को देर रात सीधे हमले के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि दोनों देशों के बीच महीने भर से चला आ रहा संघर्ष विराम अब भी कायम है। ट्रंप ने इस घटना को मामूली करार देते हुए ईरान की ओर से उकसावा बताया, साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द ही किसी अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए तो नतीजे बेहद गंभीर होंगे।

यह टकराव गुरुवार देर रात उस समय शुरू हुआ जब तीन अमेरिकी विध्वंसक जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने पुष्टि की कि ईरान की ओर से जहाजों पर मिसाइलों और ड्रोनों से हमला किया गया जिन्हें उसकी सेनाओं ने सफलतापूर्वक मार गिराया। इसके बाद शुक्रवार तड़के केश्म द्वीप और बंदर अब्बास के पास स्थित उन ठिकानों पर कड़ा जवाबी हमला किया, जहां से यह हमला किया गया था। ईरान के ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसकी सेना ने अमेरिकी नौसैनिक संसाधनों को सफलतापूर्वक निशाना बनाया, जिससे भारी नुकसान हुआ और अमेरिकी युद्धपोतों को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। आईआरजीसी के प्रवक्ता ने कहा कि यह अभियान एक ईरानी तेल टैंकर एम/टी हसना पर पहले हुए अमेरिकी हमले का सीधा जवाब था, जिसे ईरान संघर्ष विराम का स्पष्ट उल्लंघन मानता है।



अमेरिकी युद्धपोतों पर ईरान की सेना की ओर से दागी गईं मिसाइलें।

### ईरान ने कहा- दुस्साहस किया तो फिर करारा जवाब देंगे

ईरानी अधिकारियों ने कहा कि उनकी कार्रवाई रक्षा के अधिकार का वैध उपयोग थी और चेतावनी दी कि क्षेत्र में किसी भी अन्य अमेरिकी दुस्साहस का और भी करारा जवाब दिया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि किसी भी अमेरिकी संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई आत्मरक्षा में उठाया गया एक आवश्यक कदम था। अमेरिका का कहना है कि उसकी कार्रवाई बिना उकसावे के की गई थी। वहीं आईआरजीसी ने दावा किया कि ये हमले उसके तेल टैंकर पर पहले हुए अमेरिकी हमले के जवाब में किए गए थे।

### अमेरिकी प्रस्ताव पर ईरान का कोई जवाब नहीं, ट्रंप बोले- खत्म हो रहा है धैर्य

ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार अमेरिका के प्रस्ताव पर ईरान अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा है और उसने अमेरिकी पक्ष को कोई जवाब नहीं दिया है। उधर, ट्रंप ने कहा है कि उनका धैर्य कम होता जा रहा है। तेहरान को चेतावनी दी जा रही है कि यदि उसने ऐसा समझौता मंजूर नहीं किया जिससे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति फिर शुरू हो सके तो उस पर दोबारा बमबारी की जा सकती है। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी नौसेना पर हमले के बाद इन चेतावनियों को दोहराया। उन्होंने कहा, यदि समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हुए तो उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। ईरान के साथ समझौते पर पूछे गए सवाल पर कहा, यह किसी भी दिन हो सकता है। बाद में तुरंत यह भी जोड़ा, और यह नहीं भी हो सकता है।

## क्यूबा में अभी सैन्य कार्रवाई पर विचार नहीं कर रहा अमेरिका

- **ट्रंप की ओर से बार-बार धमकी के बावजूद अधिकारियों का दावा**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से क्यूबा को बार-बार दी गई धमकियों के बावजूद अमेरिका क्यूबा के खिलाफ किसी तात्कालिक सैन्य कार्रवाई पर विचार नहीं कर रहा है। अधिकारियों ने यह दावा किया। ट्रंप ने धमकी दी थी कि अगला नंबर क्यूबा का है। यह भी संकेत दिया था कि ईरान युद्ध के लिए पश्चिम एशिया में तैनात अमेरिकी युद्धपोत क्यूबा के रास्ते लौट सकते हैं।

क्यूबा के अधिकारियों के साथ प्रारंभिक बातचीत में शामिल अधिकारियों ने बताया कि उन्हें इस बात की ज्यादा उम्मीद नहीं है कि साम्यवादी सरकार मानवीय सहायता के रूप में करोड़ों डॉलर, सभी क्यूबाई नागरिकों के लिए दो वर्षों तक स्टारलिंक की मुफ्त इंटरनेट सेवा, कृषि सहायता और बुनियादी ढांचे के समर्थन के प्रस्ताव को स्वीकार करेगी।

हालांकि उनका कहना है कि क्यूबा ने अभी इस प्रस्ताव को पूरी तरह ठुकराया नहीं है, जबकि इसके साथ ऐसी शर्तें जुड़ी हैं जिनका सरकार लंबे समय से विरोध करती रही है, यहां तक कि ट्रंप प्रशासन द्वारा बृहस्पतिवार को हवाना पर नए प्रतिबंध लगाने के बाद भी प्रस्ताव ठुकराया नहीं गया। अधिकारियों ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि सरकार के पास अभी भी प्रस्ताव को स्वीकार करने का समय है। उन्होंने हालांकि इस बात को लेकर आगाह किया कि ट्रंप किसी भी वक्त अपना फैसला बदल सकते हैं और सैन्य विकल्प अब भी खुले हुए हैं।

# कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण मंत्री को कोई पछतावा भी नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- बहुत हो गया मंत्री पर मुकदमा चलाने को चार हफ्ते में मंजूरी दे राज्य सरकार



### बचाव में दलीलें सुनने से किया इन्कार

सुप्रीम कोर्ट ने सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह की आपत्तिजनक टिप्पणी को अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण करार दियास साथ ही शुक्रवार को यह कहते हुए राज्य सरकार को मंत्री शाह पर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने का निर्देश जारी किया कि अब बहुत हो गया।

मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह ने यह टिप्पणी ऑपरेशन सिंदूर के ठीक बाद की थी। राज्य सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मंत्री ने दुर्भाग्यपूर्ण टिप्पणी की, लेकिन तुरंत माफी मांग ली। सीजेआई सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, दुर्भाग्यपूर्ण नहीं, बल्कि अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण है और उन्हें कोई पछतावा नहीं हो रहा है। पीठ ने मंत्री और राज्य सरकार की ओर से आगे की दलीलें सुनने से इन्कार कर दिया और मध्यप्रदेश सरकार को (मुकदमे की) मंजूरी देने के संबंध में उपयुक्त निर्णय लेने के लिए 19 जनवरी के अपने निर्देश का चार सप्ताह के भीतर पालन करने को कहा। पीठ ने राज्य सरकार से कहा, बहुत हो गया। आप हमारे पिछले निर्देश में पैराग्राफ पांच और छह में दिए गए आदेश का पालन करें। ऑपरेशन सिंदूर के फौरन बाद मंत्री ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसका वीडियो वायरल होने के बाद देश भर में मंत्री की आलोचना हुई थी।

### मेहता ने कहा- प्रशंसा करना चाहते थे मंत्री, सीजेआई बोले- हमें पता है प्रशंसा करने में नेता कितने माहिर

सुनवाई के शुरू में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने स्पष्ट किया कि वह शाह का बचाव नहीं कर रहे हैं, लेकिन संभवत: मंत्री का इरादा अधिकारी की प्रशंसा करने का था, लेकिन उन्होंने कुछ और कह दिया और उसे ठीक से व्यक्त नहीं कर पाए। शीर्ष विधि अधिकारी ने कहा कि यह उनका निजी विचार था। सीजेआई ने कहा, हम जानते हैं कि अगर इन राजनीतिक हस्तियों को किसी की प्रशंसा करनी हो, तो वे अपने शब्दों को कितनी कुशलता से व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह जुबान फिसलने की बात थी, तो वह जल्द ही माफी मांग सकते थे।

### दो हफ्ते में फैसला लेना था सरकार को

पीठ ने कहा कि 19 जनवरी के उसके आदेश के अनुसार, राज्य सरकार को मंजूरी देने के संबंध में दो सप्ताह में निर्णय लेना था। पीठ ने कहा, राज्य सरकार इस संबंध में निर्णय ले। कोर्ट ने 19 जनवरी को कहा था कि एसआईटी ने जांच पूरी कर ली है और अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। हालांकि, आगे की कार्यवाही रुकी हुई है क्योंकि रिपोर्ट को बीएनएस की धारा 196 के तहत राज्य सरकार की अनिवार्य मंजूरी का इंतजार है। यह धारा सांप्रदायिक घृणा और दुर्भावना को बढ़ावा देने से संबंधित है।

# चिंताजनक आंकड़ा... साल 2024 में 1.70 लाख लोगों ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### जान देने वालों में दैनिक मजदूर, किसान बेरोजगार युवा, गृहिणियां सर्वाधिक



नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) की 'भारत में अपराध 2024' और 'आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्या 2024' (एडीएसआई 2024) रिपोर्ट के आंकड़ों ने देश की सामाजिक और आर्थिक स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2024 में कुल 1,70,746 लोगों ने आत्महत्या की। इस संकट का सबसे ज्यादा असर दैनिक मजदूरों, किसानों, बेरोजगार युवाओं और गृहिणियों पर देखा गया है। देश की राजधानी दिल्ली आत्महत्या के मामलों में सबसे ऊपर है। इसके बाद बेंगलुरु का नंबर है।

रिपोर्ट के अनुसार, देश में कुल संज्ञेय अपराधों में छह प्रतिशत गिरावट आई है। 2023 में जहां 62.41 लाख मामले दर्ज हुए थे, वहीं 2024 में यह संख्या घटकर 58.86 लाख रह गई है। प्रति लाख जनसंख्या पर अपराध दर भी 448.3 से घटकर 418.9 हो गई है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि बीएनएस लागू होने के बाद 'हर्ट' के मामलों के वर्गीकरण में बदलाव के कारण इन मामलों में कमी दर्ज की गई है। वजह यह है कि पहले आईपीसी के तहत छोटे-मोटे झगड़ों को भी 'हर्ट' में दर्ज कर लिया जाता था, लेकिन बीएनएस की धाराओं में बदलाव किया गया है। अब मामलों को 'हर्ट' के बजाय अन्य श्रेणियों में डाला जा रहा है या रिपोर्टिंग के तरीके बदल गए हैं।

### दुखद... बच्चों के खिलाफ अपराधों में 5.9% वृद्धि, 37% केस पॉक्सो एक्ट के

देश के लिए सबसे दुखद पहलू बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराध हैं। पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों में 5.9 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। साल 2024 में बच्चों के खिलाफ अपराध के कुल 1,87,702 मामले दर्ज किए गए। इनमें से 69,191 मामले पॉक्सो एक्ट के थे यानी बच्चों के खिलाफ हुए कुल अपराध का 37 फीसदी। इसके साथ ही लापता बच्चों के मामलों में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

### ड्रग ओवरडोज से होने वाली मौतें 50% और साइबर क्राइम के केस 18% बढ़े

ड्रग ओवरडोज से होने वाली मौतों में लगभग 50 प्रतिशत का उछाल आया है, जिससे तमिलनाडु और पंजाब जैसे राज्य सबसे अधिक प्रभावित हैं। डिजिटल इंडिया के दौर में साइबर अपराध सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। साइबर क्राइम के मामलों में 17–18 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी हुई है, जो 86,420 से बढ़कर 1,01,928 तक पहुंच गये हैं। इनमें से 72.6 प्रतिशत मामले ऑनलाइन फ्रॉड से संबंधित हैं। राज्यों में तेलंगाना (27,230 मामले) साइबर अपराधों का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है, जिसके बाद कर्नाटक का स्थान है।

### महिला अपराधों में मामूली कमी, मगर क्रूरता अब भी बेतहाशा

महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 1.5 प्रतिशत की मामूली कमी आई है और कुल 4.41 लाख मामले दर्ज हुए हैं। लेकिन पति या रिश्तेदारों की ओर से की जाने वाली क्रूरता के मामले अब भी इस श्रेणी में सबसे ऊपर हैं। छोटे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में गोवा और चंडीगढ़ में बलात्कार दर प्रति लाख महिला जनसंख्या पर राष्ट्रीय औसत से अधिक पाए गए हैं। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य ने अपनी अपराध दर को राष्ट्रीय औसत से कम रखकर सुधार दिखाया है। हालांकि आर्थिक अपराधों के ग्राफ में देश भर में 4.6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। दलितों के खिलाफ अपराधों में 3.6 प्रतिशत और आदिवासियों के खिलाफ अपराधों में 23 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है, जो सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। हत्या के मामलों में भी 2.4 प्रतिशत की मामूली कमी आई है।

# जीवन बदल सकता है प्रवासन... भारत प्रत्यक्ष उदाहरण

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**



- **संयुक्त राष्ट्र महासभा में बोले केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, कहा- प्रवासन के लिए बना रहे हैं समावेशी ढांचा**

केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि भारत अनियमित प्रवासन और मानव तस्करी जैसी चुनौतियों से निपटते हुए प्रवासन के लिए एक समावेशी, मानवीय और भविष्य के अनुरूप ढांचा तैयार करने का प्रयास कर रहा है। सिंह ने बृहस्पतिवार को 'इंटरनेशनल माइग्रेशन रिव्यू फोरम' के दूसरे पूर्ण सत्र को संबोधित किया।

उन्होंने कहा, प्रवासन अंततः लोगों, उनकी आकांक्षाओं, संघर्ष क्षमता और योगदान से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा, हम एक समावेशी, मानवीय और भविष्य के अनुरूप ढांचा तैयार करने का प्रयास कर रहे हैं, साथ ही अनियमित प्रवासन, मानव तस्करी और सामाजिक सुरक्षा में मौजूद कमियों जैसी चुनौतियों का समाधान भी कर रहे हैं। सिंह ने कहा कि भारत प्रवासन का प्रबंधन एक समग्र और व्यावहारिक ढांचे के जरिए करता है, जिसका उद्देश्य प्रवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, प्रवासन प्रक्रिया के हर चरण की निगरानी करना और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है।

मंत्री ने विदेशों में रह रहे भारतीयों की मदद के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। कहा, हमने कौशल विकास पहल मजबूत की हैं और प्रस्थानपूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम बढ़ाए हैं, ताकि हमारे प्रवासियों को उनके अधिकारों और मेजबान देश की सांस्कृतिक समझ सहित आवश्यक जानकारी दी जा सके।

### भारत दुनिया में प्रवासी समुदाय का सबसे बड़ा घर

कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा, भारत 3.4 करोड़ से अधिक लोगों के साथ दुनिया के सबसे बड़े और गतिशील प्रवासी समुदायों में से एक का घर है और वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक प्रेषण राशि (रेमिटेंस) प्राप्त करने वाला देश होने के नाते इस बात का प्रत्यक्ष उदाहरण है कि प्रवासन किस प्रकार लोगों, समुदायों और देशों के जीवन को बदल सकता है। उन्होंने बताया कि भारत ने निष्पक्ष और नैतिक प्रवासन के लिए स्थायी रास्ते तैयार करने के लिए 23 देशों के साथ व्यापक द्विपक्षीय गतिशीलता समझौते और समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं तथा कई अन्य देशों के साथ भी इस दिशा में प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा, सुरक्षित और नियमित प्रवासन मार्गों के माध्यम से प्रवासियों के कल्याण को सुनिश्चित करने की यही कुंजी है।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच रिपोर्ट महीने भर में



**गांधीनगर।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू ने शुक्रवार को कहा कि अहमदाबाद में हुए दुखद एअर इंडिया विमान हादसे की जांच आखिरी चरण में है और एक महीने में रिपोर्ट आने की उम्मीद है।

पिछले साल हुए इस विमान हादसे में 260 लोगों की मौत हो गई थी। यहां 'गिफ्ट सिटी' में एक समारोह में नायडू ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों की शिकायतों को दूर करने का वादा किया। कहा कि मंत्रालय का विशेष प्रकोष्ठ जून 2025 के हादसे के लिए मुआवजे के मुद्दे पर समन्वय कर रहा है। नायडू ने कहा, जांच बहुत मजबूती से चल रही है। हमें समझना होगा कि विमान में विदेशी नागरिक सफर कर रहे थे, तो यह जांच रिपोर्ट किसी भी देश की नजर में होगी।

## साल भर बाद चीन ने कुबूला ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की थी पाकिस्तान की मदद

**बीजिंग।** चीन ने पहली बार इस बात की पुष्टि की है कि उसने पिछले साल भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के दौरान इस्लामाबाद को रण क्षेत्र में प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान की थी। चीन की आधिकारिक मीडिया ने यह जानकारी दी।

चीन के सरकारी प्रसारणकर्ता सीसीटीवी ने बृहस्पतिवार को चीन के विमानन उद्योग निगम (एवीआईसी) के चेंगदू वायुयान केंद्र एवं अनुसंधान संस्थान के इंजीनियर झांग हेंग का साक्षात्कार प्रसारित किया। एवीआईसी चीन के उन्नत लड़ाकू विमानों और मानवरहित वायुयान का प्रमुख विकासकर्ता है। बताया गया कि झांग ने पिछले साल मई में चार दिवसीय संघर्ष के दौरान पाकिस्तान को प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान की थी। पाकिस्तान की वायुसेना के पास चीन निर्मित जे-10सीई लड़ाकू विमानों का बेड़ा है, जिनका उत्पादन एवीआईसी की सहायक कंपनी करती है।

झांग ने 'सीसीटीवी' को बताया कि उनकी टीम को रण क्षेत्र में सहायता प्रदान करने में और भी बेहतर काम करने की इच्छा और यह सुनिश्चित करने की लगन ने प्रेरित किया कि उनके उपकरण अपनी पूरी युद्ध क्षमता के साथ प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा, यह जे10सीई (चीन निर्मित लड़ाकू विमान) के उपयोग को महज स्वीकार करना भर नहीं है। यह हमारे बीच कंधे से कंधा मिलाकर, दिन-रात काम करने से बने गहरे जुड़ाव का भी प्रमाण है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज का दिन करियर के लिए बहुत अच्छा है। राजनीति से जुड़े लोगों का मान-सम्मान बढ़ेगा। रुका हुआ धन आपको प्राप्त होगा।

**तुला** – आज पुराने दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। दौड़-धूप अधिक करनी पड़ेगी। रियल एस्टेट में सावधानीपूर्वक निवेश करें।

**वृष** – आज बजट का ध्यान रखते हुए काम करें। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। कानूनी मामलों को लेकर थोड़ी सावधानी रखें।

**वृश्चिक** – आज सरकारी जॉब कर रहे लोगों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ेगी। मार्केटिंग संबंधी कारोबारियों में लाभ होगा।

**मिथुन** – आज अपने कार्यों के प्रति समर्पित रहें। जीवनसाथी से कोई बात न छिपाएं। अति आत्मविश्वास से बचें।

**धनु** – आज स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको परेशानी होगी। झूठ बोलने से बचें। परिवार के सदस्यों की सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** – आज कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। व्यवसाय आरंभ करने की योजना बना सकते हैं। परिवार का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

**मकर** – आज विदेश यात्रा की संभावना बन रही है। किसी रिश्तेदार को धन उधार देना पड़ सकता है। अपने काम का भरपूर आनंद उठाएंगे।

**सिंह** – आज आपके ऊपर से काम का दबाव कम होगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव आते रहेंगे। उधार लेन-देन सावधानीपूर्वक करें।


**कुंभ** – आज कारोबार में विस्तार करने में कठिनाई होगी। दिखावे के चक्कर में अपना नुकसान न करवाएं। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**कन्या** – आज बातचीत के दौरान सरल शब्दों का प्रयोग करें। अप्रत्याशित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अतिथि घर आ सकते हैं।

**मीन** – आज मनोनुकूल जॉब मिलने के योग बन रहे हैं। रोजगार के नए विकल्प मिलने से उत्साहित रहेंगे। नई संपत्ति में निवेश कर सकते हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 9 मई, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी 14.02 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- श्रवण 23.24 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

### सुडोकू - 143 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 1 | 4 | 3 | 9 | 2 | 8 | 6 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 2 | 8 | 4 | 1 | 5 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 6 | 1 | 7 | 3 | 9 |
| 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 |
| 6 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | 5 | 2 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 1 | 7 | 2 | 9 | 4 | 3 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 6 | 7 |

### सुडोकू -144

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | 2 | 3 | | |
| 4 | | | | | 1 | | | |
| 6 | | | | | | 1 | | |
| | 8 | | | 5 | | | | |
| | 2 | 6 | | | | | | |
| | 3 | | | 4 | | | | |
| | | 1 | 6 | | | | | |
| | | 7 | 9 | | | | | |
| | | | | | | | 4 | |

**हिदायत** सुप्रीम कोर्ट ने कहा– ईडी और सीबीआई की जांच की निगरानी करने के बारे में कर रहे हैं विचार

# अनिल अंबानी से जुड़ी बैंकिंग धोखाधड़ी की गहन जांच हो

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अनिल धीरूभाई अंबानी समूह और उसकी कंपनियों से जुड़े बड़े पैमाने पर बैंकिंग धोखाधड़ी के मामले में गहन जांच की आवश्यकता है। सीबीआई ने कहा है कि सात मामलों में कुल अनुमानित नुकसान 27,337 करोड़ रुपये है। इनमें नौ प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं, जिनमें वे दो मामले भी शामिल हैं जिनमें आरोपपत्र दायर किए जा चुके हैं। सात मामलों में जांच जारी है।

सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ पूर्व नौकरशाह ईएएस सरमा की ओर से दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उद्योगपति अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) की कंपनियों द्वारा की गई 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण धोखाधड़ी की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध किया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि यह भ्रमित करने वाला है कि सीबीआई और ईडी दोनों ने इसे 27,000 करोड़ रुपये का घोटाला बताया है। एजेंसियों ने अनिल अंबानी को इसका सरगना भी बताया है, लेकिन अभी तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया है।

**तर्क-वितर्क**

### एजेंसियां कहती हैं अंबानी मास्टरमाइंड फिर भी उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं करतीं

भूषण ने कहा, हर जगह सीबीआई और ईडी यही कह रहे हैं कि इस 27,000 करोड़ रुपये के घोटाले में अनिल अंबानी मुख्य सूत्रधार हैं। फिर भी मुझे यह बात बेहद हैरान करती है कि न तो सीबीआई और न ही ईडी उन्हें गिरफ्तार करने को तैयार हैं, मानो वह कोई बेदाग शख्सियत हों। पीठ ने ने टिप्पणी की कि किसी मामले में हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता जांच एजेंसी के विवेक पर छोड़ दी जानी चाहिए।

### अदालत ने अभी संज्ञान नहीं लिया तो याचिकाकर्ता के पास आरोपपत्र कैसे

अनिल अंबानी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल ने सवाल उठाया कि याचिकाकर्ता के पास इस मामले में दायर किए गए आरोपपत्रों में से एक कैसे हो सकता है, जबकि संबंधित अदालत ने अभी तक इस पर संज्ञान नहीं लिया है। सिब्बल ने कहा, उनका एकमात्र मकसद अनिल अंबानी को गिरफ्तार करना है। जब संज्ञान ही नहीं लिया गया है तो उनके पास आरोप पत्र की प्रति कैसे हो सकती है।



आईपीएल में मेरे करियर की शुरुआत की बात है। धोनी का विकेट लेने के बाद ज्यादा जश्न मनाने पर वह नाराज हो गए थे। उन्होंने मुझसे पूछा, इतना जश्न मनाने की क्या जरूरत है। मैंने कहा आपका विकेट लेना मेरा सपना था। शायद इससे मुझे सीएसके में खेलने का मौका मिल जाए और अगले साल मुझे मौका मिल गया।
–रविचंद्रन अश्विन


# स्टेडियम

बरेली, शनिवार, 9 मई 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

## आज के मुकाबले

राजस्थान रॉयल्स
बनाम
गुजरात टाइटंस

**समय** - शाम 7:30 बजे


# फिन एलेन के आक्रामक शतक से केकेआर ने लगाया जीत का चौका

## आईपीएल-2026 : दिल्ली को आठ विकेट से हराकर प्लेआफ की दावेदारी बनाए रखी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फिन एलेन (नाबाद 100) की आतिशी शतकीय पारी की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने शुक्रवार को आईपीएल के 51वें मुकाबले में 34 गेंदें शेष रहते दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से शिकस्त दी। यह 10 मैचों में कोलकाता नाइट राइडर्स की चौथी जीत है। इस जीत के साथ केकेआर के नौ अंक हो गए हैं और उन्होंने अंक तालिका में दिल्ली कैपिटल्स को पछाड़ते हुए सातवां स्थान हासिल कर लिया है।

फिन एलेन ने मुकेश कुमार की गेंद पर छक्का लगाकर स्कोर 147 रन कर दिया इसी के साथ उनका शतक पूरा हो गया और केकेआर ने आठ विकेट से मुकाबला जीत लिया। एलेन ने मात्र 47 गेंदों पर शतक पूरा किया ऐलन ने अपनी पारी में पांच चौके और 10 छक्के उड़ाए। यह केकेआर की ओर से आईपीएल में सबसे तेज शतक है। 143 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपने शुरुआती दोनों विकेट 31 रन के स्कोर पर गंवा दिये थे। तीसरे ओवर में कप्तान अजिंक्य रहाणे (13) दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रनआउट हुए। अगले ही ओवर में अक्षर पटेल ने अंगकृष रघुवंशी (एक) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कैमरन ग्रीन ने फिन ऐलन के साथ तीसरे विकेट के लिए 116 रनों अविजित साझेदारी कर अपनी टीम को 14.2 ओवरों आठ विकेट से जीत दिला दी।




शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज फिन एलेन। एजेंसी

कैमरन ग्रीन ने 27 गेंदों में दो छक्के लगाते हुए नाबाद 33 रन बनाए। इससे पहले आज यहां पथुम निसंका (50), आशुतोष राणा (39) और केएल राहुल (23) के शानदार पारियों के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आठ विकेट पर 142 रन का स्कोर बनाया।

कोलकाता नाइट राइडर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स के लिए पथुम निसंका और केएल राहुल की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 49 रन जोड़े। पांचवें ओवर की आखिरी गेंद पर कार्तिक त्यागी ने केएल राहुल को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। राहुल ने 14 गेंदों में चार चौकों की मदद से 23 रन बनाये। इसके बाद कोलकाता के गेंदबाजों ने दिल्ली के बल्लेबाजों पर अपना शिकंजा कस लिया। आठवें ओवर में कैमरन ग्रीन ने नीतीश राणा (आठ) का शिकार कर लिया। 10वें सुनील नारायण को समीर रिजवी (तीन) को आउट किया। 11वें ओवर में अनुकूल रॉय ने पथुम निसंका को आउटकर पवेलियन भेज दिया। पथुम निसंका ने 29 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (50) रनों की पारी खेली। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर अनुकूल ने ट्रिस्टन स्टब्स (दो) को बोल्ड कर दिल्ली को पांचवां झटका दिया। दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 142 रनों का स्कोर खड़ा किया।

### दिल्ली कैपिटल्स

**142/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| पथुम निसांका स्ट रघुवंशी बो रॉय | 50 |
| लोकेश राहुल का ग्रीन बो त्यागी | 23 |
| नीतिश राणा का नारायण बो ग्रीन | 08 |
| समीर रिजवी का पावेल बो नारायण | 03 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो रॉय | 02 |
| अक्षर पटेल का रॉय बो अरोड़ा | 11 |
| आशुतोष शर्मा का रहाणे बो त्यागी | 39 |
| विपराज निगम नाबाद | 03 |
| मिचेल स्टार्क रन आउट | 00 |
| लुंगी एंगिडि नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त :** दो रन, **विकेट पतन** : 1-49, 2-74, 3-80, 4-85, 5-89, 6-128, 7-140, 8-140

**गेंदबाजी :** रॉय 4-0-31-2, अरोड़ा 3-0-29-1, नारायण 4-0-17-1, त्यागी 4-0-25-2, वरुण 4-0-28-0, ग्रीन 1-0-12-1

### कोलकाता नाइट राइडर्स

**147/2** (14 .2 ओवर)

| | |
|---|---|
| अजिंक्य रहाणे रन आउट | 13 |
| फिन एलेन नाबाद | 100 |
| अंगकृष रघुवंशी बो पटेल | 01 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 33 |

अतिरिक्त : 0, **विकेट पतन :** 1-29, 2-31

**गेंदबाजी :** स्टार्क 3-0-31-0, पटेल 4-0-27-1, एंगिडि 2-0-7-0, निगम 2-0-34-0, कुलदीप 3-0-41-0, मुकेश 0 .2-0-7-0

**प्लेयर ऑफ द मैच फिन एलेन बोले-** हमने शुरुआत में विकेट गंवा दिए थे इसलिए मैं जिम्मेदारी के साथ बल्लेबाजी कर रहा था। मैं बल्लेबाजी पर काम कर रहा हूं। कभी कभी रिफ्रेश होना जरूरी होता है और खुद पर अधिक दबाव नहीं डालना चाहिए।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 0.737 |
| 2. पंजाब किंग्स | 10 | 6 | 3 | 1 | 13 | 0.571 |
| 3. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 1.234 |
| 4. राजस्थान रॉयल्स | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.510 |
| 5. गुजरात टाइटंस | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | -0.147 |
| 6. चेन्नई सुपर किंग्स | 10 | 5 | 5 | 0 | 10 | 0.151 |
| 7. कोलकाता नाइट राइडर्स | 10 | 4 | 5 | 1 | 9 | -0.169 |
| 8. दिल्ली कैपिटल्स | 11 | 4 | 7 | 0 | 8 | -1.154 |
| 9. मुंबई इंडियंस | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.649 |
| 10. लखनऊ सुपर जाएंट्स | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.934 |

### ऑरेंज कैप



- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-494 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -475 रन
- केएल राहुल दिल्ली-468 रन

### पर्पल कैप



- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-17 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई-17 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ-16 विकेट

## राजस्थान रॉयल्स से आगे निकलने की कोशिश करेगा गुजरात टाइटंस

**जयपुर।** आत्मविश्वास से ओतप्रोत गुजरात टाइटंस शनिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखकर अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगा। राजस्थान रॉयल्स और गुजरात की टीम की स्थिति लगभग समान है। इन दोनों ने अब तक 10 मैचों में छह जीत और चार हार दर्ज की हैं। रॉयल्स बेहतर नेट रन रेट (0 .510) के कारण गुजरात से आगे है। गुजरात टाइटंस ने हालांकि लगातार तीन जीत हासिल की हैं और वह शीर्ष चार में जगह बनाने की कोशिश कर रहा है। रॉयल्स को अपने पिछले पांच मैचों में से तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा है। रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में कप्तान रियान पराग के 90 रन की मदद से छह विकेट पर 225 रन बनाए थे

**होगा रोमांचक मुकाबला**

लेकिन उसके गेंदबाज इस स्कोर का बचाव नहीं कर पाए थे। यह लगातार दूसरा मौका था जब रॉयल्स 220 से अधिक के स्कोर का बचाव नहीं कर पाया। राजस्थान रॉयल्स हालांकि वैभव सूर्यवंशी (404 रन), यशस्वी जायसवाल (312) और यहां तक कि ध्रुव जुरेल (290) जैसे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के कारण काफी मजबूत है, लेकिन उसका मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। इन बल्लेबाजों में केवल डोनोवन फरेरा (229) ही 150 या उससे अधिक रन बना पाए हैं। जुरेल रॉयल्स की बल्लेबाजी का महत्वपूर्ण अंग है लेकिन वह अपेक्षित तेजी से रन नहीं बन पा रहे हैं। जुरेल ने अपनी पिछली तीन पारियों में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 30 गेंदों में 42 रन, 20 गेंदों में 16 रन और 30 गेंदों में 42 रन बनाए हैं।

### हाईलाइट

#### भव्य परेड नहीं, बस सभी खेलों की सफलता का जश्न मने : सात्विक

**नई दिल्ली।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि थॉमस कप में भारतीय टीम द्वारा कांस्य पदक जीतने के बाद जनता की फीकी प्रतिक्रिया पर की गई उनकी हालिया टिप्पणी का उद्देश्य 'पैसे या भव्य स्वागत' की मांग करना नहीं था, बल्कि लोगों से सभी खेलों में 'हर छोटी-बड़ी जीत का जश्न मनाने' की अपील करना था। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग शेट्टी की जोड़ी हाल ही में डेनमार्क में आयोजित थॉमस कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थी।

#### कारुआना को हराकर चौथे स्थान पर रहे गुकेश

**वारसॉ (पोलैंड)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने सुपर रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग के नौवें और अंतिम दौर में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना को हराकर संयुक्त चौथा स्थान हासिल किया। पिछले कुछ महीनों से अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले गुकेश ने इस तरह से फॉर्म में वापसी की। रैपिड वर्ग के बाद अब ब्लिट्ज वर्ग में 18 दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। रैपिड के अंतिम दिन 19 वर्षीय गुकेश ने फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के खिलाफ हार के साथ शुरुआत की और फिर आठवें दौर में स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव के साथ ड्रॉ खेला।

#### गोल्फर संधू ने चार अंडर 68 का कार्ड खेला

**बार्सिलोना।** भारतीय गोल्फर युवराज संधू ने यहां एस्ट्रेला डैम कैटालून्या चैंपियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर बने हुए हैं। वह पहले दौर में शीर्ष पर चल रहे शॉन नौरिस (65) से चार शॉट पीछे हैं। वहीं दो अन्य भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा (71) और वीर अहलावत (75) को काफी कठिनाई हुई। पहले दौर के बाद शर्मा संयुक्त 70वें और अहलावत संयुक्त 136वें स्थान पर बने हुए हैं।

#### कोहली के विकेट से ज्यादा अहम जीत : प्रिंस

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने यहां आईपीएल मैच के दौरान आरसीबी के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को एक बेहतरीन गेंद से आउट किया, लेकिन वह इसे ज्यादा तवज्जो नहीं देना चाहते और उन्होंने कहा कि टीम का जीत हासिल करना अधिक महत्वपूर्ण है। आरसीबी की टीम बारिश से प्रभावित इस मैच में डकवर्थ लुईस पद्धति से 213 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी लेकिन उसकी टीम निर्धारित 203 रन ही बना पाई।

# बहु-खेल आयोजनों में छुट्टी मनाने वाले अधिकारियों को बुलाया जाएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के खेल प्रशासकों को चेतावनी दी गई है कि जो लोग बहु-खेल आयोजनों को 'वेतनभोगी अवकाश' की तरह लेंगे उन्हें प्रतियोगिता के बीच से ही वापस बुला लिया जाएगा ताकि खिलाड़ियों को उनकी 'लापरवाही' के कारण नुकसान नहीं हो।

देश आगामी राष्ट्रमंडल खेलों (जुलाई-अगस्त में ग्लासगो में) और एशियाई खेलों (सितंबर-अक्टूबर में जापान के आइची-नागोया) की तैयारियों में जुटा है और अंतिम रूप दिए जाने वाले दल में अधिकारियों की संख्या काफी अधिक होगी। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि खिलाड़ियों के साथ-साथ अधिकारियों के प्रदर्शन पर भी दोनों आयोजनों के दौरान कड़ी नजर रखी जाएगी।

राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया मंत्रालय द्वारा यह स्पष्ट कर दिया गया है कि जो लोग खिलाड़ियों का समर्थन करने के अपने कर्तव्य में कोताही बरतते हैं और छुट्टियां मनाते पाए जाते हैं, उन्हें वापस बुलाने में कोई संकोच नहीं किया जाएगा। बिना किसी उद्देश्य के इधर-उधर घूमने वाले किसी भी व्यक्ति को तुरंत वापस बुला लिया जाएगा।

**मंत्रालय की सख्ती**

- **राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में रखी जाएगी नजर**
- **बिना किसी उद्देश्य के इधर-उधर घूमना पड़ेगा भारी**

उन्होंने कहा मंत्रालय का मानना है कि हर 'एक्रीडिटेशन' (मान्यता प्राप्त कार्ड) महत्वपूर्ण है और यह केवल उन्हीं को मिलना चाहिए जो किसी खिलाड़ी के प्रदर्शन में योगदान दे सकें।' भारत के प्रशासकों को अक्सर इस बात के लिए आलोचना का सामना करना पड़ता है कि बड़े आयोजनों में दल के साथ बड़ी संख्या में जाने के बावजूद वे खिलाड़ियों की मदद के लिए मौजूद नहीं रहते। बहु-खेल प्रतियोगिताओं के दौरान अधिकारियों से 'लॉजिस्टिक्स', प्रशिक्षण कार्यक्रम और अन्य प्रशासनिक कार्यों को संभालने की अपेक्षा की जाती है। इस बार राष्ट्रमंडल खेलों में भारत की भागीदारी काफी कम होगी क्योंकि इसमें केवल 10 खेल ही शामिल होंगे। इसके विपरीत एशियाई खेलों में 41 अलग-अलग खेल शामिल होंगे और 700 से अधिक खिलाड़ियों के दल के यात्रा करने की उम्मीद है।

अधिकारियों को यह चेतावनी तब दी गई है जब खेल सचिव हरि रंजन राव ने जनवरी में अहमदाबाद में एक सम्मेलन में एनएसएफ अधिकारियों से कहा था कि बहु-खेल आयोजनों को 'परिवार के साथ सैर' की तरह मानना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राव ने तल्ख लहजे में कहा थाअगर आप इसे रिश्तेदारों के साथ घूमने-फिरने की जगह समझते हैं, तो कृपया मत जाइए। हमें आपकी जरूरत नहीं है। मंत्रालय ने पहले से घोषित नीति को दोहराते हुए एनएसएफ को पारदर्शिता बनाने पर बल दिया।

# आईपीएल में हनी ट्रैप का खतरा!

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने संभावित 'हनी ट्रैप, कानूनी दायित्व और सुरक्षा जोखिमों' के प्रति आगाह करते हुए आईपीएल में खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और टीम अधिकारियों के होटल के कमरों में अनधिकृत लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि बोर्ड की भ्रष्टाचार विरोधी इकाई (एसीयू) ने 'दुर्व्यवहार और प्रोटोकॉल के उल्लंघन' की घटनाओं को उजागर किया था।

बीसीसीआई ने आईपीएल की 10 फ्रेंचाइजी के लिए जारी एक पत्र में कहा है कि खिलाड़ियों और अधिकारियों के कमरों में मेहमानों के प्रवेश के लिए टीम मैनेजरों से लिखित अनुमति लेना अनिवार्य होगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने 10 फ्रेंचाइजी के सीईओ को जो पत्र लिखा है, उसकी एक प्रति पीटीआई के पास है।

सैकिया ने पत्र में कहा है मौजूदा सत्र के दौरान कुछ घटनाओं को देखते हुए यह सलाह जारी की गई है और इसका उद्देश्य आईपीएल से जुड़े सभी हितधारकों से अपेक्षित



बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया।

- **बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने खिलाड़ियों और टीम मालिकों को चेताया**
- **सभी फ्रेंचाइजी के सीईओ को लिखा पत्र, खिलाड़ियों के कमरों में अनाधिकृत प्रवेश पर रोक**
- **प्रोटोकॉल उल्लंघन की कुछ घटनाएं और दुर्व्यहार की घटनाएं आई सामने**

**होगी सख्त कार्रवाई**

सैकिया ने टीमों को गाइडलाइंस का पालन न करने के नतीजों के बारे में भी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि किसी भी उल्लंघन को एक गंभीर अनुशासनात्मक मामला माना जाएगा, और साथ ही उन लोगों के खिलाफ संभावित कार्रवाई के बारे में भी बताया है जो नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे।

पेशेवरपन, अनुशासन, सुरक्षा जागरूकता और प्रोटोकॉल का पालन करने के मानकों को मजबूत करना है।' बीसीसीआई के संज्ञान में आया है कि आईपीएल के मौजूदा सत्र के दौरान खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और टीम अधिकारियों से जुड़े दुर्व्यवहार और प्रोटोकॉल उल्लंघन की कुछ घटनाएं हुई हैं।

सैकिया ने पत्र की प्रस्तावना में कहा यदि इन घटनाओं पर ध्यान नहीं दिया गया, तो टूर्नामेंट, संबंधित फ्रेंचाइजी और शासी निकाय के रूप में बीसीसीआई की प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। इससे व्यक्तियों और फ्रेंचाइजी को गंभीर कानूनी दायित्व और सुरक्षा जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है।

बीसीसीआई ने कहा कि यह देखा गया है कि कुछ खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों ने संबंधित आईपीएल फ्रेंचाइजी टीम के मैनेजर की जानकारी या अनुमति के बिना अनधिकृत व्यक्तियों को होटल के अपने कमरों में प्रवेश करने की अनुमति दी है।'

पत्र में कहा गया हे,कई मामलों में टीम मैनेजर को ऐसे मेहमानों की उपस्थिति के बारे में बिल्कुल भी पता नहीं था। इस चलन को तत्काल प्रभाव से सख्ती से प्रतिबंधित किया जाता है। सभी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को अब एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) दी गई है जिसका पालन टूर्नामेंट की पूरी अवधि के दौरान करना आवश्यक होगा। इसमें कहा गया है, 'टीम मैनेजर की पूर्व सूचना और स्पष्ट लिखित स्वीकृति के बिना खिलाड़ी या सहायक स्टाफ सदस्य के होटल के कमरे में किसी अन्य व्यक्ति को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।'

पत्र के अनुसार 'बीसीसीआई सभी फ्रेंचाइजी का ध्यान शीर्ष स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में लक्षित यौन शोषण और ''हनी ट्रैपिंग' (सुनियोजित जासूसी या ब्लैकमेलिंग का तरीका, जिसमें किसी व्यक्ति को प्रेम, यौन आकर्षण या भावनात्मक प्रलोभन में फंसाया जाता है) के जोखिमों की तरफ आकर्षित करता है।

**तीरंदाजी विश्व कप** | **हरियाणा की 27 वर्षीय तीरंदाज ने ताइवान की फोंग यू झू को सीधे सेटों में हराया**

# सिमरनजीत-साहिल ने पदक की उम्मीदें जीवंत रखी

**शंघाई, एजेंसी**

रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर और कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने शुक्रवार को यहां उतार-चढ़ाव भरे अभियान में भारत के लिए अप्रत्याशित रूप से शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने पहले तीरंदाजी विश्व कप में पदक की उम्मीदें बरकरार रखी हैं।

एशियाई खेलों की टीम कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत ने विश्व कप के दूसरे चरण में सेमीफाइनल में पहुंचकर व्यक्तिगत रूप से मिले अवसर का भरपूर फायदा उठाया। वह इससे पहले क्वालीफाइंग दौर में दीपिका कुमारी से तीन अंक पीछे रहने के कारण भारतीय महिला टीम में जगह बनाने से चूक गई थीं।

हरियाणा की 27 वर्षीय खिलाड़ी ताइवान की किशोरी फोंग यू झू को सीधे सेटों में 6-0 (27-24, 28-26, 29-26) से हराकर विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने से सिर्फ एक जीत दूर है। इससे पहले फोंग ने दूसरे दौर में भारत की शीर्ष क्रम की तीरंदाज अंकिता भकत को चौंका दिया था। सिमरनजीत ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की 19 वर्षीय खिलाड़ी के खिलाफ नौ तीरों में से सिर्फ छह अंक गंवाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा। उनके सामने अब सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी कांग चेयॉन्ग की चुनौती होगी। यह उनके करियर की सबसे कठिन चुनौती है। इस मुकाबले में हारने पर भी उनके पास प्लेऑफ के जरिए कांस्य पदक जीतने का मौका रहेगा। भारत की अनुभवी खिलाड़ी दीपिका कुमारी और किशोरी कुमकुम मोहद प्री-क्वार्टर फाइनल तक पहुंचीं, लेकिन मजबूत प्रतिद्वंदियों से हार गईं। दीपिका को दक्षिण कोरिया की चेयॉन्ग से हार का सामना करना पड़ा। वहीं कुमकुम को मैक्सिको की एलेजांद्रा वालेंसिया से हार मिली।



निशाना लगातीं रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर।

**एशियाई खेलों से पहले चिंताएं बढ़ीं**

पुरुष, महिला और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में भारत पोडियम पर जगह बनाने में नाकाम रहा जिससे चार महीने से भी कम समय में होने वाले एशियाई खेलों से पहले चिंताएं बढ़ गईं। टीम स्पर्धाओं में मिली हार के बाद सारी उम्मीदें व्यक्तिगत पर थीं, जहां साहिल एकमात्र भारतीय खिलाड़ी के रूप में उभरे।

## भारत अंडर-17 महिला एशियाई कप के अंतिम आठ में पहुंचा

**सुझोउ (चीन)।** भारत ने शुक्रवार को यहां अपने आखिरी ग्रुप बी मैच में लेबनान के खिलाफ 4-0 की शानदार जीत के साथ पहली बार एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करके शानदार उपलब्धि हासिल की।

भारत का क्वार्टर फाइनल में पहुंचना तब पक्का हो गया जब फिलीपींस और चीनी ताइपे अपने आखिरी ग्रुप सी मैच को 12 या उससे ज्यादा गोल के अंतर से जीतने में नाकाम रहे। थाईलैंड के साथ भारत तीसरे नंबर की दो सबसे अच्छी टीमों में से एक के तौर पर अंतिम आठ में पहुंचा। भारत ने ग्रुप चरण तीन अंक और -1 (माइनस 1) के गोल अंतर से खत्म किया जो ग्रुप सी में फिलीपींस के -13 (माइनस 13) से काफी ज्यादा है।

# वाका-वाका के बाद दाई-दाई में शकीरा ने फिर मचाया तहलका

**रियो डी जेनेरियो, एजेंसी**

- **फीफा विश्व कप के टीजर की सोशल मीडिया में धूम**

कोलंबिया की मशहूर गायिका शकीरा द्वारा अंर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट फीफा विश्वकप 2026 के लिये पेश किए गए गीत 'दाई दाई' का टीजर सोशल मीडिया मंच धूम मचा रहा है। पिछले कई सालों में देखा गया है कि जब तक शकीरा नहीं गाती है, तब तक यह फीफा विश्व कप शुरु नहीं होता।

उन्होंने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ऑफिशियल एंथम दाई दाई का टीजर, कोलंबियाई सुपरस्टार के 2010 के अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट, वाका वाका (दिस टाइम फॉर अफ्रीका) का एंथम साउथ अफ्रीका में गाने के 16 साल बाद और जर्मनी में 2006 फीफा वर्ल्ड कप की क्लोजिंग सेरेमनी में हिप्स



डोंट लाइ (बैम्बू) का अडैप्टेड वर्जन गाने के 20 साल बाद आया है। 2026 एंथम के टीजर में, शकीरा को ब्राजील के रियो डी जेनेरियो के मशहूर माराकाना स्टेडियम में डांसर्स की एक टीम के साथ दिखाया गया है। सभी डांसर्स ऐसे आउटफिट्स पहने हुए हैं जो आने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली अलग-अलग फुटबॉल टीमों को ट्रिब्यूट देते हैं, जिसमें शकीरा ने कोलंबिया के पीले और नीले रंग के कपड़े पहने हैं। शकीरा ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, माराकाना स्टेडियम से, ये रहा 'दाई दाई', एटदारेटफीफावर्ल्डकप का आधिकारिक गाना 2026," साथ ही उन्होंने एफ्रोबीट्स स्टार बर्ना बॉय का भी जिक्र किया, जो एंथम में भी हैं। इस क्लिप को 24 घंटे से भी कम समय में 1.9 मिलियन लोगों ने पसंद किया और पूरा गाना गुरुवार (14 मई) को रिलीज होगा। उल्लेखनीय है कि फीफा वर्ल्ड कप 2026, 11 जून को शुरू होगा और इसका फाइनल 19 जुलाई को अमेरिका के न्यूयॉर्क में होगा। इस विश्वकप की अमेरिका मैक्सिको और कनाडा मेजबानी कर रहे हैं।